सूर्योदय 5:42 सूर्यास्त 6:54

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.6 न्यू | 23.0 अधि |
| धर्मशाला | 13.4 न्यू | 24.9 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73730.16 |
| निफ्टी | 22419.95 |
| सोना | 71,030 |
| चांदी | 84,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 28 अप्रैल, 2024 | 16 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 130, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज के अंक में

- मोदी के नेतृत्व में देश बदला और विश्व में मजबूत हुआ: अनुराग ठाकुर
- शिमला संसदीय सीट पर रोचक होगा मुकाबला

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- कैप्टन रणजीत राणा का बैंड-बाजों से स्वागत
- पूर्व सैनिकों के परिवार मेरी बड़ी ताकत : राजेंद्र राणा

पृष्ठ 6 पर पढ़ें



- सब्जी विक्रेता मनमाने रेट कर रहे वसूल
- स्तन कैंसर से बचाव के लिए मैमोग्राफी करवाएगा रोटरी क्लब

पृष्ठ 9 पर पढ़ें



- पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने सुनील नरेन
- दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई को 10 रन से हराया

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## आज के मैच

गुजरात टाइटंस vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

समय: दोपहर 3:30 बजे (अहमदाबाद)

चेन्नई सुपर किंग्स vs सनराइजर्स हैदराबाद

समय: रात 7:30 बजे (चेन्नई)

# पीएम मोदी बोले–विपक्षी गठबंधन का एजेंडा 'सरकार बनाओ, नोट कमाओ'

### महाराष्ट्र के कोल्हापुर में किया जनसभा को संबोधित

**एजेंसी, कोल्हापुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आई तो वो महिलाओं के सोने–चांदी की जांच करवाएगी और इसे अल्पसंख्यकों में बांट देगी। मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आई तो ये सीएए को खत्म कर देंगे। कश्मीर में धारा 370 को वापस लाएंगे। ये वो लोग हैं जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर बनने का विरोध किया।



इतना ही नहीं तमिलनाडु में इनकी करीबी पार्टी डीएमके के नेता डेंगू और मलेरिया से तुलना कर सनातन धर्म को बदनाम कर रही है। अब विपक्षी गठबंधन यह फॉर्मूला निकालने में लगे हैं कि एक साल एक पीएम यानी, पांच साल में पांच प्रधानमंत्री। यह देश कभी सहन करने वाला नहीं है। इनका एक ही एजेंडा है– सरकार बनाओ, नोट कमाओ।

मोदी ने कहा, ''कोल्हापुर, महाराष्ट्र का फुटबॉल हब है। फुटबॉल यहां के युवाओं में बहुत पॉपुलर है इसलिए मैं फुटबॉल की भाषा में कहूं तो कल दूसरे चरण का मतदान पूरा होने के बाद बीजेपी और एनडीए 2–0 से आगे चल रहे हैं। कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन ने देश विरोधी और नफरत की राजनीति के दो सेल्फ गोल कर लिए हैं इसलिए यह पक्का हो गया है कि फिर एक बार मोदी सरकार।

## भाजपा सत्ता में लौटती है तो संविधान बदल देगी: प्रियंका

**वलसाड (गुजरात)।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को दावा किया कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भले ही अभी इस बात से इनकार करने का बात कर रहा हो, लेकिन अगर पार्टी सत्ता में वापस आई तो वह संविधान को बदल देगी और लोगों को उनके अधिकारों से वंचित कर देगी।



प्रियंका गांधी ने आदिवासी बाहुल्य वलसाड जिले के धर्मपुर गांव में अनुसूचित जनजाति-सुरक्षित वलसाड लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अनंत पटेल के समर्थन में रैली की।

प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए प्रियंका ने कहा कि वह चुनाव के दौरान सुपरमैन की तरह मंच पर आते हैं, लेकिन आपको उन्हें महंगाई मैन के रूप में याद रखना चाहिए। भाजपा नेता प्रधानमंत्री को शक्तिशाली नेता के रूप में पेश करते हैं और (रूस-यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में) कहते हैं कि वह 'चुटकी बजाकर लड़ाई रुकवा देते हैं' तो फिर वह गरीबी को भी ऐसे ही क्यों नहीं दूर कर पा रहे। बता दें कि गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीट पर सात मई को आम चुनाव के तीसरे चरण में मतदान होगा।

## मानहानि मामले में राहुल गांधी को दी राहत

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राहत दी है। हाईकोर्ट ने एमपी–एमएलए अदालत में राहुल गांधी की पेशी पर रोक लगा दी है। बता दें कि चाईबासा जिले की एमपी–एमएलए कोर्ट द्वारा 27 फरवरी को राहुल गांधी के खिलाफ गैर–जमानती वारंट जारी किया गया था। इसके खिलाफ कांग्रेस नेता ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

2019 में राहुल गांधी ने अमित शाह के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद चाईबासा के प्रताप कुमार ने राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दायर किया था।

# पालमपुर में फिर 'दराट कांड'

## जमीनी विवाद पर मैंहजा में भिड़े दो परिवार, क्रॉस एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पालमपुर बस स्टैंड में एक युवती पर हुए दराट हमले का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अब एक और दराट कांड से लोग स्तब्ध हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि पहला मामला प्रेम प्रसंग का था और ताजा मामला जमीनी विवाद का है।

उपमंडल के मैंहजा गांव में जमीनी विवाद के चलते दराट से एक परिवार पर हमला कर चार लोगों मदन लाल भाटिया, उनके पिता रतन चंद, पत्नी संतोषी कुमारी और बेटे केशव को घायल कर दिया। हमले में घायलों को नागरिक चिकित्सालय पालमपुर ले जाया गया है जहां उनका उपचार चल रहा है।

वहीं, दो लोगों को टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। पुलिस ने क्रॉस एफआईआर दर्ज कर दूसरे पक्ष से बाप और बेटे को हिरासत में लिया है। दूसरे पक्ष के लोगों को भी सिर में चोटें आई हैं।

### आरोपियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : हितेश लखनपाल

**अतिरिक्त** पुलिस अधीक्षक हितेश लखनपाल ने बताया कि मदन लाल भाटिया की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ है। उन्होंने बयान दिया है कि वह सुबह सवा सात बजे पूजा घर में पूजा कर रहे थे। उन्हें पिता रतन चंद और पत्नी संतोषी कुमारी के साथ लड़ाई का शोर सुनाई दिया। शोर सुनकर वे बाहर गए तो देखा कि उनका पड़ोसी हरवंश और बेटा डंडे और दराट लेकर खड़े थे, उन्होंने उन पर हमला कर दिया। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। पीड़ितों का मेडिकल हो गया है। मामले में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं और जल्द उक्त कांड के संलिप्त आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



### क्या कहता है पहला पक्ष

**पहले** पक्ष से हमले में घायल मदन लाल भाटिया का कहना है कि जमीन का केस जीतने पर विरोधी पार्टी, जो कि केस हार गई है, उसने उन पर और उनके परिवार पर दराट से हमला कर लहूलुहान किया है।

शनिवार सुबह आरोपी पिता-पुत्र आए और उनकी पत्नी व पिता पर दराट से हमला कर दिया। बात यहीं नहीं रुकी, जब अपने परिवार को छुड़ाने गया, तो आरोपी ने उस पर भी दराट से हमला कर दिया और फिर फरार हो गए।

### यह कहना है दूसरे पक्ष का

**दूसरे** पक्ष का कहना है कि दोनों पक्षों में लड़ाई हुई है, जिसमें दोनों ओर से डंडों से हमला हुआ है, जबकि किसी तेजधार हथियार से हमला नहीं किया गया है।

क्रॉस एफआईआर करवाने वाले हरवंश का कहना है कि इस लड़ाई में उन्हें भी गंभीर चोटें आई हैं। वे अपने घर के नजदीक खेतों में काम कर रहे थे कि उक्त व्यक्तियों ने उन्हें अकेला देख कर हमला किया और उन्हें लहूलुहान कर दिया। जब उन्होंने अपना बीच बचाव किया तो दूसरे पक्ष के व्यक्तियों को भी चोटें आई।

## न्यूज शॉर्ट्स

### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में 3.2 तीव्रता का भूकंप

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। हालांकि इसमें कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.2 दर्ज की गई है।




### मणिपुर में कुकी उग्रवादियों के हमले में दो जवान शहीद

**इंफाल।** मणिपुर में लोकसभा चुनाव की वोटिंग के ठीक 6 घंटे बाद विष्णुपुर जिले में कुकी उग्रवादियों के हमले में दो जवान शहीद हो गए। घटना में दो जवान घायल भी हुए हैं। इनका इलाज इंफाल के रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में चल रहा है। कुकी समुदाय के उग्रवादियों ने देर रात 12:30 बजे से लेकर 2:15 बजे के दौरान मैतेई बहुल गांव नारानसैना की ओर फायरिंग की और 4 बम भी फेंके।

### सलमान खान फायरिंग केस में आरोपियों पर लगा मकोका

**नई दिल्ली।** मुंबई के बांद्रा इलाके में 14 अप्रैल को बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी करने के सभी आरोपियों पर मुंबई पुलिस ने मकोका एक्ट लगा दिया है। इस केस में बिश्नोई गैंग के दो शूटर विक्की गुप्ता और सागर पाल पुलिस की गिरफ्त में हैं। पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके भाई अनमोल बिश्नोई को मोस्ट वॉन्टेड घोषित किया है। महाराष्ट्र सरकार ने 1999 में महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट (मकोका) बनाया था। इसका मुख्य मकसद संगठित और अंडर वर्ल्ड अपराध को खत्म करना था।

## सरकारी नौकरी न मिलने पर लगाया फंदा

**बरठीं।** बिलासपुर जिला के झंडूता क्षेत्र के तहत आने वाली ग्राम पंचायत बलोह के गांव संगास्वी में एक युवक ने सरकारी नौकरी न मिलने पर फंदा लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। युवक ने फंदा अपने नौनिहाल में लगाया है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए घुमारवीं अस्पताल में शव को भेजा। मृतक आकाश कुमार (24 वर्षीय) के पिता राजेंद्र कुमार पुत्र बालक राम निवासी कपाहड़ा तहसील घुमारवीं ने बताया कि एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें आकाश ने सुसाइड करने का जिक्र किया है। आकाश सरकारी नौकरी को लेकर टेंशन में रहता था।

## विधानसभा अध्यक्ष ने निर्दलीय विधायकों को फिर भेजा नोटिस

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने एक बार फिर तीनों निर्दलीय विधायकों को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस सत्तापक्ष के सदस्य जगत सिंह नेगी की ओर से दायर याचिका के बाद जारी किया गया है। तीनों निर्दलीय विधायकों को 4 मई को विधानसभा स्पीकर के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। यह नोटिस नालागढ़ से विधायक कृष्ण लाल ठाकुर, देहरा से विधायक होशियार सिंह और हमीरपुर से विधायक आशीष शर्मा को भेजा गया है। इस याचिका में तीनों निर्दलीय विधायकों के खिलाफ शिकायत की गई है।

**चार मई को पेश होने के लिए कहा**

तीनों निर्दलीय विधायकों ने 22 मार्च को अपने सदस्यता से इस्तीफा दिया, लेकिन इस्तीफा मंजूर होने से पहले ही 23 मार्च को दिल्ली में जाकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। निर्दलीय विधायक किसी भी पार्टी के सदस्यता नहीं ले सकते. यह दल बदल कानून के तहत आता है।

## कुल्लू; लाहौल, किन्नौर व पांगी में बर्फबारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के कई भागों में मौसम ने करवट बदली है। जनजातीय जिले लाहौल–स्पीति, किन्नौर व चंबा के पांगी के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी हुई है। शुक्रवार रात को लाहौल घाटी सहित कुल्लू के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

केलांग व कुकुमसेरी का न्यूनतम तापमान फिर माइनस में पहुंच गया है। अटल टनल रोहतांग से वाहनों की आवाजाही जारी है लेकिन शिंकुला दर्रा व दारचा से सरचू तक हाईवे फिर से अवरुद्ध हो गया है। अप्रैल महीने के अंतिम सप्ताह में भी लाहौल–स्पीति जिले में बर्फबारी का सिलसिला नहीं थम रहा है। वहीं शनिवार को शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में हल्की बारिश दर्ज की गई है। राज्य के कई क्षेत्रों में ओलावृष्टि होने से फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।



लाहौल घाटी में बिछी बर्फ की सफेद चादर।

### चार दिनों तक मौसम खराब रहने के आसार

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से हिमाचल प्रदेश के कई भागों में आगामी चार दिनों तक मौमस खराब बना रहने की संभावना जताई गई है। 29 अप्रैल तक भारी बारिश, अंधड़ चलने व ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर, सोलन, ऊना में कुछ स्थानों पर गरज के ओलावृष्टि, अंधड़ व बारिश होने की संभावना है। एक मई के बाद मौसम साफ रहने की संभावना है।

## ममता बनर्जी फिर हुईं चोटिल, हेलिकॉप्टर में चढ़ते वक्त गिरीं



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी को चोट लगने की खबर सामने आई है। उन्हें पश्चिम बर्धमान के दुर्गापुर में अपने हेलिकॉप्टर में चढ़ने के दौरान एक हादसे में यह चोट लगी। हेलिकॉप्टर में चढ़ने के बाद सीट लेते समय सीएम फिसल गईं और गिर गईं। कथित तौर पर उन्हें मामूली चोट लगी। हालांकि, उन्होंने आसनसोल की अपनी आगामी यात्रा जारी रखी।

## अनंत व्यंग्य




## भाजपा ने पूनम महाजन का टिकट काटा

**नई दिल्ली :** भाजपा ने मुंबई नॉर्थ सेंट्रल सीट से पूनम महाजन का टिकट काट दिया है और उज्ज्वल निकम को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। बता दें कि अजमल कसाब केस में उज्ज्वल निकम सरकारी वकील थे और उन्होंने ही कसाब को फांसी की सजा दिलवाई थी।



निकम ने 26/11 हमले के अलावा मुंबई बम ब्लास्ट केस, गुलशन कुमार मर्डर केस, प्रमोद महाजन मर्डर केस, गेटवे ऑफ इंडिया ब्लास्ट जैसे कई केस लड़े हैं। मुंबई में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है।

## बंगाणा में अपनी ही स्कूल बस के नीचे आने से बच्ची की दर्दनाक मौत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**उपमंडल** बंगाणा के बंगाणा बाजार से एक किमी की दूरी गांव भलेती में शनिवार सुबह आठ बजे एक स्कूल की बस के नीचे आने से नौ वर्षीय बच्ची की मौत हो गई है। पुलिस ने मौके पर जाकर घटना स्थल का जायजा लिया। बस चालक को गिरफ्तार करके किशोरी के शव के पोस्टमार्टम के लिए ऊना भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार उपमंडल बंगाणा के शिवालिक पब्लिक स्कूल तनोह की स्कूल बस जिसे संजीव कुमार पुत्र होशियारी लाल गांव रिबाड़ चला रहा था, लेकिन जैसे ही भलेती गांव पहुंचा, वैसे ही बस का आगे बाला दरवाजा अचानक खुल गया और हर्षिता पुत्री विवेक शर्मा गांव बंगाणा बस से नीचे गिर गई और बस का पिछला टायर बच्ची के सिर से होकर गुजर गया। स्थानीय लोगों ने इस संबंधी पुलिस को सूचित किया। थाना प्रभारी अनिल उपाध्याय ने पुष्टि करते हुए बताया कि स्कूल बस को कब्जे में ले लिए है और चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच की जा रही है।



घटनास्थल पर खड़े लोग दुर्घटना को लेकर बातचीत करते हुए।

## अब रात 12.30 से प्रात: 4 बजे तक बंद रहेगा मंडी–कुल्लू रोड

**मंडी।** जिला प्रशासन द्वारा ट्रैफिक ब्लॉकेज रिव्यू में सामने आया कि दिन के समय लगाए जा रहे दो–दो घंटे के ट्रैफिक ब्लॉकेज से लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया गया है कि हर रोज दो शिफ्टों में लगाए जाने वाले ट्रैफिक ब्लाकेज की जगह अब मध्य रात्रि 12.30 बजे से प्रात: 4 बजे तक मंडी–कुल्लू रोड का ट्रैफिक ब्लॉकेज किया जाए।

इसके अलावा ब्लास्टिंग के लिए सोमवार, बुधवार तथा शुक्रवार यानी सप्ताह में तीन दिन, 11.30 बजे से 12.30 बजे तक एक घंटे का ट्रैफिक ब्लॉकेज दिया जाएगा। यह ब्लॉकेज शेड्यूल 4 मई तक रहेगा।

### मामला मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव न होने का

## 'आप' ने दिल्ली में भाजपा के खिलाफ किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के मेयर और उपमेयर पदों पर चुनाव स्थगित करने के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी ने शनिवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन किया। विरोध मार्च भाजपा कार्यालय के बाहर किया जा रहा था, जिसे पुलिस ने बीच में ही रोक दिया।



बता दें, 26 अप्रैल को होने वाला मतदान पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति न होने की वजह से स्थगित कर दिया गया है। आम आदमी पार्टी ने एमसीडी के मेयर पद के लिए महेश खिची और डिप्टी मेयर पद के लिए रविंदर भारद्वाज को मैदान में उतारा था।

अनंत ज्ञान

## अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट राइटर और उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**अकाउंट डिपार्टमेंट**

कंप्यूटर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में काम करने वाला अनुभवी अकाउंटेंट चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई–मेल anantgyaanadm@gmail.com

**अनदेखी** — मंडी के त्रिलोकीनाथ मंदिर की लिपि को सहेजने में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग नाकाम

# नष्ट होने की कगार पर दुर्लभ शिलालेख

**अनिल शर्मा, मंडी**

भारत सरकार पुरातत्व महत्व के स्मारकों आदि को सहेजने के लिए करोड़ों–अरबों रुपए खर्च करती है, लेकिन यह पैसा उस समय मिट्टी हो जाता है, जब जिम्मेदार पदों पर बैठे अधिकारी ऐतिहासिक महत्व के स्मारकों, इमारतों व मंदिर आदि को नष्ट होने तक उचित कार्रवाई अमल में नहीं लाते हैं। ताजा मामला पुरानी मंडी स्थित त्रिलोकीनाथ मंदिर का है, जहां गर्भगृह के साथ दुर्लभ लिपि का एक शिलालेख नष्ट होने के कगार पर है।

शिलालेख की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यह कभी भी नष्ट हो सकता है। इसके न रहने पर इतिहास हमेशा के लिए नष्ट होने का खतरा बना हुआ है। हैरानी की बात तो यह है कि लगभग एक वर्ष पहले शहर के पुरातन संस्कृति संरक्षण में लगे लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल पुरानी मंडी स्थित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग मंडी के अधिकारियों से मिला और दुर्लभ शिलालेख को सहेजने के लिए आग्रह किया, लेकिन विभाग ने एक वर्ष बीतने के बाद भी दिल्ली कार्यालय को इसको सहेजने के बारे में कोई पत्राचार नहीं किया और न ही उचित कार्रवाई अमल में लाई है। (अनंत ज्ञान)



त्रिलोकीनाथ मंदिर तथा (इनसेट) नष्ट होने की कगार पर दुर्लभ लिपि का शिलालेख।

### प्रदर्शन की चेतावनी

संस्कृति संरक्षक कमलकांत शर्मा, दार्शनिक विनोद बहल, अनिल शर्मा, नौबाही मंदिर बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष ललित जंवाल, गोकुल, गोपाल आदि ने चेतावनी देते हुए कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग मंडी इस शिलालेख का संरक्षण एक सप्ताह में नहीं करता है, तो हम इनको लगाने के लिए घंटियां लेकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। यदि जरूरत पड़ी कोर्ट की ओर भी रुख किया जाएगा।

> अभी तक इस बारे में कार्रवाई नहीं हो सकी है। अभी मैं मंडी में नहीं हूं, कार्य से बाहर गया हूं।
>
> **–लक्ष्मी चंद्र, अधिकारी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मंडी।**

## युद्धस्थल पर अब हेलिकॉप्टर से उतारी जा सकेगी भारी मशीनरी

**एजेंसी, बीकानेर**

भारतीय सेना अब युद्ध काल में भारी मशीनरी को हेलिकॉप्टर के जरिए कहीं भी उतार सकती है। भारतीय सेना की एक टुकड़ी ने बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में मैकेनाइज्ड प्लेटफॉर्म (बीएमपी) को आसानी से जमीन पर उतारने में सफलता प्राप्त कर ली है। रेंज में इंडियन एयरफोर्स के सहयोग से सेना ने इस अभ्यास को पूर्ण किया।

सेना के सूत्रों ने बताया कि एयरफोर्स के सी–17 विमान से मैकेनाइज्ड प्लेटफॉर्म को जमीन पर उतारा गया। इसे आमतौर पर एयरड्रॉप कहा जाता है। एयरड्रॉप सीधे जमीने पर फेंकने के बजाय बड़ी सावधानी के साथ उतारा जाता है और सहजता से युद्ध के मैदान में उपयोग ले सकते हैं। इस जटिल हवाई अभ्यास के दौरान इस भारी भरकम प्लेटफॉर्म को तीन अलग–अलग पैराशूट की तरह वी प्लेटफॉर्म से नीचे उतारा गया। इस अभ्यास में इंडियन एयरफोर्स की खास भूमिका रही।



## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

**आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।**

**यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबरः 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।**

# मोदी के नेतृत्व में देश बदला और विश्व में मजबूत हुआ: अनुराग ठाकुर

## केंद्रीय मंत्री बोले, प्रदेश में 43 विधायकों वाली सरकार 34 पर आ टिकी, हार न मानने वाली कांग्रेस राज्यसभा चुनाव कैसे हारी

**विक्रम ढटवालिया, मोहीं ( हमीरपुर )**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को हमीरपुर मंडल के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि अगर महिलाओं को सम्मान देने की बात करें तो उसमें भाजपा अग्रिम भूमिका में नजर आती है। अगर हिमाचल में पंचायतीराज चुनाव में 50 फीसदी आरक्षण लगाया तो भाजपा के समय लगा।

राज्यसभा में दो बार महिलाएं सांसद के रूप में हिमाचल से बीजेपी ने भेजीं और हर विधानसभा चुनाव में छह से आठ टिकट विधानसभा के भाजपा देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण लगाया है, जो कि अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। कांग्रेस पार्टी के 55 साल के शासनकाल में आज तक महिलाओं को उचित सम्मान नहीं मिल पाया। कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत हैं, यह सम्मेलन भाजपा के कार्यकर्ता के संकल्प की पराकाष्ठा है।

आने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा के चार कमल हिमाचल प्रदेश में खिलेंगे। भारत में 400 कमल खेलेंगे। इसी के साथ हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर देश का प्रधानमंत्री बनाएंगे। कांग्रेस पार्टी के नेताओं को विश्वास ही नहीं होता कि वे कभी हार भी सकते हैं, अगर आप हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के परिणाम देखो तो हिमाचल प्रदेश का गणित सबके सामने आ जाता है। जहां 43 विधायकों वाली कांग्रेस 34 पर आकर सिमट गई, तब जो कांग्रेस पार्टी के आयातित उम्मीदवार थे, जिन्होंने हिमाचल से राज्यसभा चुनाव लड़ा था, वह हाईकोर्ट में हो चुके राज्यसभा चुनाव को चुनौती देने के लिए खड़े हैं। जब चुनाव हो गया, चुनाव का परिणाम आ गया, जीत का सर्टिफिकेट मिल गया, भारतीय जनता पार्टी के जीते हुए उम्मीदवार ने शपथ ले ली, उसके बाद हाईकोर्ट जाने का क्या सवाल खड़ा होता है। यह अपने आप में ही एक बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह है। (अनंत ज्ञान)

### कार्यक्रम में इन्होंने भरी हाजिरी

**इस** दौरान हमीरपुर सदर के विधायक आशीष शर्मा, जिला के अध्यक्ष देशराज शर्मा, पूर्व विधायक उर्मिल ठाकुर, प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्रि, मंडल अध्यक्ष कांत शर्मा मंडल महामंत्री सुशील सोनी, जिला महामंत्री अजय रिंटू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरीश शर्मा, राजकुमारी ठाकुर उषा बिरला, नीना ठाकुर, कांत शर्मा, मीडिया प्रभारी विकास शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



सम्मेलन में आए पन्ना प्रमुखों के साथ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व अन्य पदाधिकारी।

## चुनावी चुटकी

### नेता जी 'सठिया' गए




**राजनीति** में नेता सठियाते नहीं हैं, न जाने कांगड़ा के एक नेता क्यों सठिया गए हैं। ये चर्चा हम नहीं कर रहे हैं, उनके ही पार्टी के लोग कहते फिर रहे हैं। उनको यह पता नहीं कि वे सठियाए ही नहीं हैं, अब तो सहतर बहत्रे हो गए हैं। काजू-बादाम कम खाने को मिले होंगे, इसलिए बुद्धि विवेक इस उम्र में घास चरने गई होगी। अब लगता है नियंत्रण सही में मुखिया का नहीं रहा है, इसलिए ही बेलगाम कोई भी उन पर आरोप मड़ देते हैं। अब कोई कमजोर मुखिया है तो मतलब नहीं सब मर्यादा ही भूल जाएं। दुबले पतले होंगे, लेकिन बुद्धि बलशाली है। अब पता नहीं कि सठियाये साहब की झंडी-डंडी कब गायब हो जाए। इस उम्र में तो दूसरे भी दूर से सलाम कर देंगे। अब रौनकी ताऊ बड़े मजे ले रहा है। बोल रहा है कि मुझे टिकट नहीं दी थी कहा था लंबा तुजुर्बा नहीं है। अब आया मजा तुजुर्बे वाले ने बीच मेले में कपड़े उतार दिए हैं। ऐसा लगता है जैसे अपने घर में भस्मासुर पाल रखे हैं। नेता को भी कौन समझाए कि इस उम्र में बुजुर्ग का तभी तक सम्मान है, जब तक अंदर उसकी जुबान है। अब इनको कौन समझाए कि वृद्ध आश्रम में भी ऐसी हरकत करने पर बाहर होना पड़ता है, यह तो राजनीति के विभीषण बन गए इनका क्या होगा।

-राजेश शर्मा

### शेर जागा, उल्लू सो गया



**जिसका** डर था वही हो गया, शेर जागा तो उल्लू सो गया। सुनाने चला था जो अफसाना, खामोश कर चुका है उनको जमाना। टिकट को लेकर थी जो आस, टूटा सपना पक्का है प्रवास। अभी तक थी न मन में कोई टीस, टिकट बदलने को कराए थे उपाय बीस। चली नहीं कोई ग्रहों की चाल, उनका हाल हो गया बेहाल। विरोधियों ने कर दिया घोटाला, उल्टी फेर रहे थे अब तक माला, जिसको है मैदान में उतारा, उसके भार का पहलवान नहीं हमारा। मजबूरी में हो गया यह झमेला, अब होकर रहेगा खेला। गलती करके सफाई दे रहे, एक बार माफी की दुहाई दे रहे। बड़ी अदालत से थी उनको आस, उस परीक्षा में भी हुए नहीं पास। अब जो घमासान मचा है, चक्र व्यूह दिल्ली ने रचा है। कुर्बानी तो उनकी बड़ी है, जिनके लिए संकट की यह घड़ी है। रौनकी ताऊ भी चालाक बड़ा है, इसलिए तो नाराज नेता के पीछे पड़ा है। कर दो उपकार हमारा, भूलेंगे न एहसान तुम्हारा। नेता की भी है सियासी चाल, अब न मिलेगी ताऊ को उसकी ढाल। मतलब को मिल रहा है सम्मान, नेता जी को भी है उनकी पहचान।

-राजेश शर्मा

# कंगना केंद्र से 9 हजार करोड़ लाए : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत पर शाब्दिक हमला बोलते हुए कहा कि बौखलाहट में गलत बयानबाजी करने की बजाय मेरी गुजारिश है कि कंगना रनौत केंद्र से कर्मचारियों के 9 हजार करोड़ रुपए लेकर आए।

विक्रमादित्य शनिवार को सरकाघाट में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में सीएसडी कैंटीन और सेना प्रशिक्षण सेंटर को अच्छे बजट के साथ शुरू किया जाएगा तथा प्रदेश सरकार ने सरकाघाट विधानसभा में अनेक विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया है। कंगना रनौत को तो अपने विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं का भी पता नहीं है। विक्रमादित्य ने कहा कि आपदा में कहीं नजर न आने वाले और एक पैसे की मदद न करने वाले आज मैदान में हैं। जनता सब कुछ जानती है कि कौन उनके सुख दुख में खड़ा हो सकता है।



सरकाघाट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विक्रमादित्य सिंह।

### विक्रमादित्य ने जयराम ठाकुर पर किया वार

**शनिवार** को सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के नवाही में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कुर्सी छिनने के बाद नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर बौखला गए हैं। आए दिन आधारहीन बयानबाजी कर रहे हैं। वह उन्हें शोभा नहीं देती है। प्रदेश सरकार ने 15 माह में विभिन्न विभागों में 22,000 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किए हैं। पूर्व सरकार के नौकरियों के साथ प्रदेश के लाखों युवाओं के हित भी बेचे हैं।

# कंगना की अपील सेवा के लिए आई हूं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल विधानसभा में नेता विपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर एवं मंडी हल्के की भाजपा लोकसभा प्रत्याशी पद्मश्री कंगना रनौत ने शनिवार को रामपुर के झाखड़ी में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश के विकास के लिए भाजपा जरूरी है। पिछले दिनों जो हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक घटनाक्रम हुआ, उसमें अगर प्रदेश सरकार में नैतिकता होती तो इस्तीफा देते।

लोगों को ठगने के लिए प्रदेश कांग्रेस ने अंटशंट वादे किए, लेकिन उनमें जनता के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं थी। आज कांग्रेस देश के कुछ क्षेत्रों में बची है, लेकिन भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा वादे करती है, तो निभाती भी है। विश्व में अगर देश का नाम आता है, तो मोदी की गारंटी को विश्व मानता है। कंगना रनौत ने इस दौरान मंडी लोकसभा हलके से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य पर भी तंज कसे और कहा बड़े लोगों की बड़ी बातें होती हैं।

हम छोटे लोग हैं। बड़े लोग कहते हैं कि हम डाकिया नहीं है, लेकिन हम डाकिया बनकर लोगों की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा आपकी बेटी हूं, आपका डाकिया हूं, आपकी सेवा के लिए आई हूं। मुझे आज्ञा देना है। अब मैं जनता की सेविका बनकर सेवा करना चाहती हूं। मेरा पूरा समय जनता की सेवा के लिए समर्पित होगा।

उन्होंने कहा अगर महिलाओं के सम्मान और प्रतिनिधित्व के बारे में अगर किसी ने सोचा तो वह मोदी ने सोचा है। इसीलिए मोदी ने 33 प्रतिशत आरक्षण लाया है। कंगना ने कहा 2029 के हिमाचल विधानसभा चुनाव में 68 में से 22 विधायक महिलाएं होंगी।

यह महिलाओं के लिए सम्मान की बात है। कंगना ने कहा आज भी सब जानते हैं कि आएगा तो मोदी ही। कंगना ने कहा डबल इंजन की सरकार न होने के कारण हिमाचल का विकास रुका है।



रामपुर में कंगना व जयराम ठाकुर।

### विपक्ष की भूमिका में है कांग्रेस सरकारः बिंदल



**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी को कोसते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू भूल गए हैं कि इस समय प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है न कि भाजपा की। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार की बौखलाहट और उसकी परेशानी नजर आ रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेता जगह-जगह जनसभाओं में बीजेपी को सुबह और शाम गाली देने में ही पूरा समय व्यतीत करते है। भाजपा ने अरोप लगाया है कि आज तक एक भी विकास का कार्य किए बगैर 16 माह में 20 हजार करोड़ रुपए का कर्जा ले लिया हैं, एक भी व्यक्ति को इन डेढ़ साल में रोजगार नहीं दिया गया, एक भी नया कार्य शुरू नहीं हुआ, कोई स्वास्थ्य संस्थान नहीं खोला, कोई शिक्षा संस्थान नहीं खोला। आज कांग्रेस के पास जनता के सामने बोलने के लिए कुछ नहीं हैं जिस कारण भाजपा को कोसकर सहानुभूति बटोरना चाहते हैं।

### 30 परिवारों ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा



कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए लोगों का पटका पहनाकर स्वागत करते हुए।

**बिझड़ी।** बड़सर विधानसभा की ग्राम पंचायत जनैहण में कांग्रेस विचारधारा के लगभग 30 के करीब लोगों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। विधानसभा उपचुनाव व लोकसभा चुनावों के प्रचार के दौरान उपप्रधान ग्राम पंचायत जनैहण अशोक पटियाल की अध्यक्षता में तकरीबन 30 परिवारों ने कांग्रेस को छोड़कर भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत लखनपाल की उपस्थिति में भाजपा ज्वाइन की, जिसमें मुख्य रूप में बिमला देवी, कृष्ण चंद, बर्फी देवी, जगत राम, वतन चंद, कौशल्या देवी, बद्री नाथ, विनोद कुमार, अनुराधा, सुनीता देवी, हाकम चंद आदि ने भाजपा की जनहित की नीतियों की प्रशंसा करते हुए आने वाले चुनावों में अनुराग ठाकुर एवं इंद्रदत लखनपाल को भारी बहुमत दिलाने का वादा किया।

# राकेश कालिया के रोड शो में खूब उमड़ा जनसैलाब

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

वही ठेठ पुराना अंदाज तो वही चुंबकीय आकर्षण। जनता को अपने पीछे पागल बनाने की कला में माहिर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव राकेश कालिया विधानसभा उपचुनाव के लिए शनिवार को दिल्ली से कांग्रेस की टिकट लेकर लौटे तो गगरेट की सड़कों पर जन सैलाब उमड़ आया। राकेश कालिया के पीछे जिस कद्र जनता दीवानी हो रही थी, वह माहौल यह बताने के लिए काफी था कि इस माहौल में राकेश कालिया को इस उपचुनाव में कम आंकना भाजपा के लिए बड़ी भूल होगी।

रोड शो के बहाने जब राकेश कालिया ने अपनी ताकत दिखाने का प्रयास किया तो जनता ने भी दिल खोल कर कालिया को आशीर्वाद देकर यह साबित कर दिया कि राकेश कालिया गगरेट क्षेत्र की जनता के दिलों पर अभी भी राज करते हैं। कांग्रेस द्वारा विधानसभा क्षेत्र गगरेट में होने जा रहे उपचुनाव के लिए राकेश कालिया को प्रत्याशी घोषित करते ही इस विधानसभा क्षेत्र में सारे समीकरण उलट-पलट होते नजर आ रहे हैं।

शनिवार को राकेश कालिया ने गुगलैहड़ गांव से अपना रोड शो शुरू किया तो सैकड़ों लोगों के साथ सैकड़ों गाड़ियों का काफिला उनके पीछे हो लिया। जिस-जिस गांव से राकेश कालिया का काफिला गुजरा, वहां भारी तादाद में लोग पहले ही फूलमालाएं लेकर उनके इस्तकबाल के लिए तैयार खड़े थे।






रोहडू। क्वार स्कूल के बच्चों ने पोस्टरों-स्लोगनों से मतदाताओं को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में नायब तहसीलदार जय किशन और स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. भरत खेपान, प्रधानाचार्य सुकुमार, अध्यापक लुकेश कास्टा, रेखा, विशोला और नरेंद्र मौजूद रहे।

# शिमला संसदीय सीट पर रोचक होगा मुकाबला

## भाजपा को पच्छाद से और कांग्रेस को कसौली से लीड लेने की चुनौती

**आर मोहन चौहान, सोलन**

आरक्षित शिमला लोकसभा सीट से भाजपा और कांग्रेस ने दो युवा नेताओं को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक कर दिया है। खास बात यह है कि भाजपा के प्रत्याशी सुरेश कश्यप पच्छाद विधानसभा से 2017 में एमएलए का चुनाव जीत चुके हैं।

जीत के अच्छे-खासे मार्जिन के चलते ही 2019 लोकसभा चुनाव में उन्हें टिकट मिला था। उस समय भी कश्यप ने रिकॉर्ड मतों से लोकसभा सीट का चुनाव जीता था। इस बार उन्हें अपने गृह क्षेत्र से लीड लेने की चुनौती है। इसी तरह विनोद सुल्तानपुरी ने कसौली से 2022 का विस चुनाव 6768 मतों से जीता था। इस बार भी उन्हें इस लीड को कायम रखने का अवसर है। खास बात है कि दोनों प्रत्याशियों के विधानसभा की सीमाएं एक-दूसरे से जुड़ी हैं। दोनों तरफ रिश्तेदारियां भी खूब हैं। बड़ी बात है कि दोनों ही प्रत्याशी एक ही जाति से आते हैं। ऐसे में दोनों प्रत्याशियों को रिश्तेदारों का वोट लेना आसान नहीं होगा। लोकसभा चुनाव में भाजपा के पास सुरेश कश्यप जाना-पहचाना हुआ चेहरा है, जबकि कांग्रेस ने नए चेहरे विनोद, लेकिन पुराने उपनाम सुल्तानपुरी पर दांव खेला है।

सुरेश कश्यप का भाजपा में टिकट पहले ही माना जा रहा था और वे काफी समय से अपने क्षेत्र के लोगों के बीच जा रहे थे, जबकि कांग्रेस ने आखिरी समय में विनोद के नाम पर मुहर लगाई। (अनंत ज्ञान)



### शिमला संसदीय सीट से सोलन ही रहा 'सिरमौर'

**शिमला** सीट का इतिहास देखें तो यहां अब तक सोलन ही सिरमौर (शीर्ष) रहा है। सोलन जिला के 3 सांसदों ने 38 साल तक लोस में क्षेत्र को लीड किया, जबकि दूसरे स्थान पर जिला सिरमौर रहा। सिरमौर के 2 नेता 3 बार सांसद बने। इन्होंने 15 साल क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। शिमला जिला को महज अढ़ाई साल तक प्रतिनिधि का मौका मिला। इस सीट पर सोलन के दिवंगत कृष्णा दत्त सुल्तानपुरी की धाक रखी। वह लगातार 18 साल बिना हारे सांसद रहे।

### कांग्रेस का मास्टर स्ट्रोक



**शिमला** संसदीय आरक्षित सीट पर कांग्रेस ने युवा चेहरे के रूप में विनोद सुल्तानपुरी को उतार मुकाबला टक्कर का बना दिया है। हालांकि शुरुआत में कांग्रेस को सीट पर दमदार प्रत्याशी नहीं मिल पा रहा था, लेकिन 6 बार अजय सांसद रहे केडी सुल्तानपुरी का नाम सामने आते ही पार्टी का ध्यान सुल्तानपुरी परिवार पर केंद्रित हो गया। गहन चिंतन के बाद दिवंगत केडी सुल्तानपुरी के बेटे वर्तमान में कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी को चुनावी समर में उतार कर मास्टर स्ट्रोक खेला है।

**चुनाव** | प्रत्याशी ऐलान के बाद कांग्रेसियों को प्रचार सामग्री का इंतजार

# प्रचार सामग्री लेकर बूथ पर पहुंचे पन्ना प्रभारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा के कार्यकर्ता पन्ना प्रमुख बूथ प्रभारी सभी प्रचार सामग्री लेकर बूथ-बूथ पहुंच रहे हैं, उनके प्रत्याशी भी एक के बाद एक दर्जनों बैठकें कर चुके हैं। मान मनोबल का दौर भी आखिरी अंजाम तक पहुंच चुका है, लेकिन कांग्रेस अभी भी सुजानपुर को छोड़कर परसों में प्रत्याशी के इंतजार में है।

प्रचार सामग्री तो कांग्रेस आयुष्मान कब देगी फिलहाल प्रत्याशी का ऐलान भी हो जाए तो फिर दोनों विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार का माहौल गरमाने लगेगा। भाजपा ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन के जरिए न केवल लोकसभा चुनावों के लिए चुनाव प्रचार में काफी बढ़त बनाई हुई है, बल्कि अब विधानसभा उपचुनाव के लिए भी जोरदार मशक्कत शुरू कर रखी है। क्या नौजवान और क्या बूढ़ा व्यक्ति सभी पन्ना प्रमुखों के सम्मेलनों में पहुंच रहे हैं। महिलाओं की तादाद भी देखते ही बनती है।

गांव स्तर पर उम्र दराज भाजपा कार्यकर्ता भी जिस जोश के साथ सम्मेलन में पहुंचे। उसमें एक बात तो दिखाई दी कि प्रचार सामग्री को लेकर गांव गांव में अब यह काडर बेस तबका जुट जाएगा, लेकिन दूसरी तरफ कांग्रेस का खेमा भीतरी स्थिति को देखकर फिलहाल अजीबोगरीब मरहले में दिख रहा है। खासकर लोकसभा चुनाव के मामले में क्योंकि अभी भी अनुराग ठाकुर के मुकाबले कांग्रेस के पास प्रत्याशी के ऐलान का समय नहीं आ रहा है। चुनाव चाहे लोकसभा का हो या फिर विधानसभा उपचुनाव भाजपा के मुकाबले में चुनावी रणनीति को लेकर कांग्रेस अभी भी बहुत पिछड़ी हुई है। उसकी भीतरी सतह पर ऊहापोह की स्थिति बरकरार है।



प्रचार सामग्री लेकर बूथ की ओर जाते पार्टी वर्कर।

### कांग्रेस के पदाधिकारी बैठकों तक सीमित

**कांग्रेस** के झंडे-बैनर प्रचार सामग्री और अन्य गतिविधियां फिलहाल इक्का-दुक्का पदाधिकारी की बैठकों तक ही सीमित होकर रह गई हैं। सुजानपुर में भले ही आप पार्टी को उम्मीदवार मिल गया हो, लेकिन तालमेल बनाने में अभी वक्त लगेगा चुनाव प्रचार कब तक गति ले लेगा। इसका इंतजार अब शुरू हो गया है।

# सांसदों के लिए बना सुविधा केंद्र धूल फांक रहा

**चुनावी मुद्दा**

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

देश में राजस्थान के बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र के बाद क्षेत्रफल के हिसाब से मंडी दूसरे नंबर पर प्रदेश के 6 जिलों में फैला हुआ है। पूरे क्षेत्र में सांसद की गतिविधियों को चलाने के लिए यहां एक संसदीय क्षेत्र सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। इस कार्य के लिए पंचायतीराज विभाग के पड्डल स्थित जिला पंचायत भवन में एक कमरा जिला प्रशासन ने मुहैय्या करवाया है। उपचुनाव के बाद निर्वाचित निवर्तमान सांसद प्रतिभा सिंह द्वारा इस सुविधा केंद्र का बहुत कम उपयोग किया गया।

ऐसे में सुविधा केंद्र की स्थापना पर प्रश्नचिन्ह है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के निर्देशों पर देश के हर सांसद को अपने चुनाव क्षेत्र में लोगों से संवाद स्थापित करने के लिए ऐसे सुविधा केंद्रों की स्थापना की गई थी। सुविधा केंद्र की स्थापना के दौरान मंडी लोकसभा क्षेत्र से रामस्वरूप शर्मा सांसद थे। उनका आवास मंडी जिले के जोगिंद्रनगर में था, इसलिए वह जिला मुख्यालय पर आते-जाते रहते थे। वह इस सुविधा केंद्र पर ज्यादातर उपस्थित रहे। उनकी मृत्यु के पश्चात जैसे ही उपचुनाव हुआ तो रानी प्रतिभा सिंह निर्वाचित हुईं। वह शिमला में रहती हैं इसलिए इस सुविधा केंद्र का इस्तेमाल उन्होंने बहुत कम किया। यह भवन पंचायतीराज विभाग का है, जहां पर पंचायत प्रतिनिधियों को रात्रि ठहराव की सुविधा प्रदान की गई है। सुविधा केंद्र को दिए गया हाल का उपयोग किचन के साथ खाना खाने, रिसेप्शन व बैठक आदि के लिए होता था। यहां से उचित आमदनी हो रही है, लेकिन पंचायतीराज विभाग को इस हाल का कोई किराया नहीं मिलता है, बल्कि यहां लगाए गए फोन का खर्चा उपायुक्त कार्यालय द्वारा वहन किया जाता है, जबकि बिजली, पानी व अन्य खर्चे पंचायतीराज विभाग द्वारा ही किए जाते हैं।

उपायुक्त कार्यालय स्थित जिला योजना अधिकारी (डीपीओ) विनोद कुमार ने बताया कि सुविधा केंद्र का टेलीफोन बिल व सटेशनरी आदि का भुगतान सांसद निधि की कंटींजेंसी से किया जाता है, जबकि बिजली, पानी व अन्य सुविधाएं जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय द्वारा मुहैया करवाई रही हैं। (अनंत ज्ञान)




सुविधा केंद्र के बाहर लगी निवर्तमान सांसद की नाम पट्टिका।

## सेल्फी प्वाइंट








## मतदान प्रतिशतता बढ़ाने पर जोर




मतदान जागरूकता बढ़ाने के लिए मंडी संसदीय क्षेत्र से सेल्फी प्वाइंट के साथ फोटो खिंचवाते मतदाता (दाएं) सरकाघाट की बस्तला पंचायत के बूथ 35 व जुकैण पंचायत के बूथ 36 में लोगों को मतदान के लिए जागरूक करती 'स्वीप' टीम।

### सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव की अब क्या बदलेगी आवोहवा

# चेहरे वही पुराने, केवल दल और अंदाज बदले

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**सुजानपुर** विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस टिकट की खातिर 17 लोगों ने दावेदारी जताई थी, लेकिन सभी के सभी आवेदन रिजेक्ट हो गए। सिलेक्ट हुए तो केवल दो दिन पहले कांग्रेस ज्वाइन करने वाले कैप्टन रणजीत सिंह राणा। उन्होंने पिछला विधानसभा चुनाव भी लड़ा था।

तब वह भाजपा के प्रत्याशी थे और अब कांग्रेस के घोड़े पर सवार हैं। फर्क इतना ही है कि दोनों ही प्रत्याशियों ने मौके के हिसाब से राजनीति करने के लिए अब जो अंदाज जनता के बीच में वोट मांगने का शुरू किया है, उस पर फिलहाल तो सुजानपुर का मतदाता हैरान है। 66 वर्षीय कैप्टन रणजीत सिंह राणा का मुकाबला वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में तत्कालीन कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र राणा से हुआ था। पूर्व सैनिक होने के कारण उन्हें भाजपा ने टिकट दी थी। वह दो मर्तबा मंडल अध्यक्ष भी रहे हैं। कैप्टन रणजीत सिंह के लिए पिछले चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिन-रात एक किया था, लेकिन वह 399 मतों से हार गए थे। शुरू से ही वह चुनाव लड़ने की हामी भरे हुए थे। उन्होंने कांग्रेस के पास आवेदन नहीं किया था, इसीलिए जो कुछ हुआ उसके पीछे की राजनीति के क्षेत्र की जनता अच्छे से जानती है। पटलांदर से ताल्लुक रखने वाले राजेंद्र राणा भी कभी पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के बेहद करीबी शिष्यों में गिने जाते थे, लेकिन राजनीति में कोई दुश्मन और मित्र नहीं होता। उन्होंने निर्दलीय रूप में चुनाव लड़ा, फिर कांग्रेस ने टिकट दिया। दो बार पार्टी टिकट पर और एक बार निर्दलीय रूप में विधानसभा पहुंचे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से उनकी शुरू से ही उतनी ट्यूनिंग नहीं रही है, जितनी गृह जिला होने के नाते हो सकती थी। अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। (अनंत ज्ञान)


राजेंद्र राणा


रणजीत सिंह राणा

### दोनों प्रत्याशियों के मजबूत और कमजोर पक्ष भी अलग-अलग

**राणा** चौथी, जबकि कैप्टन रणजीत सिंह राणा दूसरी बार मर्तबा मैदान में हैं। राणा ने वीरभद्र सरकार के समय क्षेत्र में कई विकास कार्य करवाकर अपनी छाप छोड़ने का प्रयास किया। इस सरकार के समय भी कुछ काम तो हुए ही हैं। जनता के साथ मिलनसारी उनका मजबूत पक्ष है। उनके दुख-दर्द में शरीक होते रहना भी मजबूत पक्ष में ही गिना जाता है। अब भाजपा में पहुंचे हैं। भाजपा के कुनबे में प्रेम कुमार धूमल की हार के रूप में जो टीस है, उसका असर कितना रहेगा, यह कमजोर पक्ष भी यहां पर उनके गले में दिखता रहेगा।

इस बार कैप्टन रणजीत सिंह राणा की फौजी वोटरों पर कितनी पकड़ रहेगी। पिछले विधानसभा चुनाव में प्रेम कुमार धूमल और अनुराग ठाकुर की मौजूदगी में जितनी क्लोज फाइट हुई थी, क्या कांग्रेस में ऐसा दम कोई दिखा पाएगा? क्या हमीरपुर जिला में सीएम का नारा उनका दमदार सुरक्षा चक्र बनेगा? भाजपा का राणा से नाराज काडर क्या अंदरूनी तौर पर उनकी मदद कर पाएगा? इन्हीं सवालों पर उनका मजबूत पक्ष दिख रहा है। कांग्रेस के भीतर 17 लोगों की टिकट के लिए लंबी लाइन थी, लेकिन उनके अरमान धराशायी हुए हैं। ऐसे में बेहतर चुनाव प्रचार के लिए मुख्य रूप से सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर ही केंद्रित होंगे।

# कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में बनी रोचक स्थिति

**राजेश शर्मा, ऊना**

**कुटलैहड़** विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव के लिए कांग्रेस का प्रत्याशी घोषित होते ही स्थिति काफी रोचक हो गई है। इस क्षेत्र से कांग्रेस ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नजदीकी और विधानसभा चुनाव में नादौन के प्रभारी रहे विवेक शर्मा पर दांव चला है। विवेक पहले भी एक दफा इस क्षेत्र से भाग्य आजमा चुके हैं, लेकिन नजदीकी मुकाबले में पराजित हुए थे। अगले चुनाव में उनका टिकट काटकर भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए देवेंद्र भुट्टो को दिया गया था, जो जीत हासिल करने में सफल हुए थे। चौदह महीने के बाद उनके राज्यसभा के चुनाव में क्रॉस वोटिंग के कारण विधायकी हाथ से चली गई। अब वे भाजपा के उम्मीदवार हैं और दूसरी ओर विरासत में राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले विवेक शर्मा से मुकाबला है। यहां भाजपा ने पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर का टिकट काटकर देवेंद्र भुट्टो को थमाया है, लेकिन दो दशक से भाजपा के विधायक रहे वीरेंद्र कंवर के समर्थन के बगैर भाजपा प्रत्याशी के लिए राह कठिन है। विवेक शर्मा की राजनीतिक विरासत और कुटलैहड़ में करीब दो दशक से जनता के साथ सीधा संबंध है। ब्लॉक अध्यक्ष रहने के दौरान प्रत्येक कार्यकर्ता और जनता के बीच उनका सीधा संवाद उनका मजबूत पक्ष है। साथ ही कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने में उनका योगदान अहम रहा है। मौजूदा सरकार में वह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के करीबी माने जाते हैं। भाजपा के प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो भी करीब तीन दशक से सक्रिय राजनीति में हैं। वे विधायक बनने से पहले बंगाणा ब्लाक समिति के एक दफा अध्यक्ष, जबकि तीन दफा उपाध्यक्ष रहे चुके हैं। (अनंत ज्ञान)


देवेंद्र भुट्टो


विवेक शर्मा

# विधानसभा उपचुनाव में गगरेट बनी हॉट सीट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना जिले में विधानसभा उपचुनाव में गगरेट हॉट सीट बन चुकी है। इस सीट से कांग्रेस के तीन दफा विधायक रहे राकेश कालिया को भाजपा प्रत्याशी चैतन्य शर्मा के मुकाबले मैदान में उतारा गया है। दो दफा चिंतपूर्णी और एक दफा गगरेट से प्रतिनिधित्व कर चुके कालिया का गगरेट क्षेत्र में भी काफी वर्चस्व है। यहां पिछले चुनाव में कालिया का टिकट काटकर चैतन्य शर्मा को दिया गया था और कालिया भाजपा में चले गए थे। भाजपा में जाने के बाद वे सक्रिय नहीं रहे। अब जैसे ही प्रदेश में राजनीतिक घटनाक्रम हुआ तो राकेश कालिया और समर्थक सक्रिय हो उठे। अब कालिया मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और राजीव शुक्ला से नजदीकियों के चलते पार्टी में वापसी करके उम्मीदवार बने हैं। राकेश कालिया के गगरेट में कांग्रेस के प्रत्याशी के तौर पर उतरने के बाद यहां भी मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है।


चैतन्य शर्मा


राकेश कालिया

# रोचक होगा बैजनाथ पन्ना प्रमुख सम्मेलन

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

**नई** पार्टी के साथ पुराने लोगों के बीच आ रहे पूर्व कबीना मंत्री एवं धर्मशाला से भाजपा के प्रत्याशी सुधीर शर्मा का रविवार को बैजनाथ में होने वाला दौरा क्या गुल खिलाता है, यह राजनीतिक गलियारों में भारी चर्चा का विषय बना हुआ है।



सुधीर शर्मा भाजपा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन के बहाने लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर राजीव भारद्वाज व कांगड़ा-चंबा के भाजपा प्रभारी विपिन सिंह परमार के साथ बैजनाथ आ रहे हैं। भाजपा के शामिल होने के बाद सुधीर शर्मा का पहली बार अपनी जन्मस्थली और कर्मस्थली बैजनाथ में आना बहुत बड़ी बात मानी जा रही है। इसका कारण यह है कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की बात की जाए तो 1972 से लेकर 2012 तक भाजपा के विधायक दूलो राम के अरसे को छोड़ दिया जाए तो बाकी समय इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सुधीर शर्मा या उनके पिता स्वर्गीय पंडित संतराम ने ही किया है। इस क्षेत्र में ऐसे बहुत से परिवार हैं, जो राजनीति में भाजपा या कांग्रेस विचारधारा से नहीं, बल्कि सुधीर शर्मा के परिवार से निजी संबंध है। अब जब सुधीर शर्मा भाजपा में शामिल हो गए हैं तो ये लोग भी सुधीर शर्मा के पीछे-पीछे भाजपा की ही गाड़ी में बैठने का मन बना चुके हैं। सूत्रों के हवाले से पता लगा है कि पन्ना प्रमुख सम्मेलन में सुधीर शर्मा के कई समर्थक भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। सुधीर शर्मा के पुराने समर्थक काफी सक्रिय हैं और कांग्रेस पार्टी को तगड़ा आघात देने की फिराक में हैं। (अनंत ज्ञान)

> **सुधीर भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार आ रहे**

# लाहौल-स्पीति में कांग्रेस प्रत्याशी पर फंसा पेंच

## मुख्यमंत्री सुक्खू आज करेंगे लाहौल का दौरा, कार्यकर्ताओं से लेंगे फीडबैक

**कमलेश वर्मा, केलांग**

**जनजातीय** जिला लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हैं। भाजपा ने प्रत्याशी घोषित कर जनसंपर्क अभियान जोरों शोरों से चलाया है, लेकिन कांग्रेस की ओर से अभी तक प्रत्याशी के नाम को लेकर पेंच फंसा हुआ है।



पार्टी मंथन में जुटी हुई है और रविवार को सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू लाहौल दौरे पर आएंगे और कार्यकर्ताओं व जनता से फीडबैक लेने के बाद लाहौल-स्पीति से विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी पर अंतिम मुहर लगने की उम्मीद है। लिहाजा, विधानसभा उपचुनाव में लाहौल-स्पीति में चल रही सियासी उठापटक के बीच कांग्रेस में टिकट आवंटन को लेकर अभी भी पसोपेश की स्थिति बनी हुई है। दूसरी ओर भाजपा का जनसंपर्क अभियान हर गांव और घरद्वार तक जारी है।

उधर, कांग्रेस की ओर से दावेदारों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जोकि 20 से अधिक पहुंच चुकी है। आलम यह है कि हर दावेदार अपने अपने स्तर पर प्रचार में जुटा हुआ है। ऐसे में लाहौल-स्पीति कांग्रेस में एकजुटता नहीं दिख रही है।

हालांकि यहां पर सभी दावेदारों में मात्र एक ही महिला दावेदार है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि कांग्रेस महिला नेत्री एवं जिला परिषद अध्यक्ष अनुराधा राणा पर दांव खेल सकती है, लेकिन अनुराधा के नाम पर अन्य वरिष्ठ दावेदार नाराजगी भी जता रहे हैं। भाजपा के बागी नेता एवं पूर्व विधायक डॉ. रामलाल मार्कंडेय को कांग्रेस की ओर से टिकट देने की बातें हो रही हैं। मार्कंडेय को टिकट देने और पार्टी में शामिल करने का जिला कांग्रेस कमेटी लगातार विरोध कर रही है। डॉ. रामलाल मार्कंडेय निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं, लेकिन अभी तक उनकी ओर से भी जनसंपर्क अभियान शुरू नहीं किया गया है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि मार्कंडेय को कांग्रेस की ओर से टिकट मिल सकता है। वहीं, लाहौल-स्पीति में भाजपा के प्रत्याशी रवि ठाकुर का जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। (अनंत ज्ञान)

### असमंजस की स्थिति बनी

**कांग्रेस** अभी तक अपना प्रत्याशी घोषित करने को लेकर असमंजस की स्थिति में दिख रही है। वहीं, हर हाल में चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके भाजपा से टिकट न मिलने से नाराज होकर बागी हुए नेता एवं पूर्व विधायक डॉ. रामलाल मार्कण्डेय भी चुनाव निर्दलीय लड़ेंगे या कांग्रेस का दामन थामकर प्रत्याशी बनेंगे इसको लेकर भी अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं है। ऐसे हालातों में जहां कांग्रेस को नुकसान झेलना पड़ सकता है वहीं, डॉ. रामलाल मार्कण्डेय को भी भाजपा छोड़कर बगावत करने का निर्णय भारी पड़ सकता है।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



केंद्र सरकार की ओर से महिलाओं को सशक्त करने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। उससे महिलाओं को देश का नेतृत्व करना का मौका मिलेगा और देश आगे बढ़ेगा। सभी मतदाताओं को मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लें। **मनु सकलानी (न्यू शिमला)**



सांसद देश में बढ़ती बेरोजगारी पर रोक लगाकर युवाओं को रोजगार के हर क्षेत्र में योग्यता अनुसार रोजगार मिले। प्रदेश में बेहतरीन शिक्षा भी नि शुल्क होनी चाहिए और शिक्षा का स्तर भी उच्च होना चाहिए। निशुल्क स्वास्थ्य सेवा हर इंसान के लिए उपलब्ध होनी चाहिए। **नुतन कुमार (बल्ह)**



महिलाओं को आरक्षण तो दिया गया है, लेकिन उतने रोजगार के अवसर नहीं मिल पाते हैं। यदि कोई महिला अपने स्तर पर कोई सूक्ष्म व्यापार करना चाहती है तो उसे लोन लेने के लिए बैंकों के लगातार चक्कर काटने पड़ते हैं। ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक भी किया जाए। **रीना कुमारी (बल्ह)**



जनता को भ्रमित करने वाले नेताओं से मतदाताओं को बचना होगा। राजनीतिक ड्रामेबाजी करने वाले कई नेता सक्रिय हैं। कुछ मामलों में नेताओं का दृष्टिकोण ही स्पष्ट नहीं है। व्यवस्था परिवर्तन के लिए वोट किया जाएगा। **बलराम महे (ऊना)**



देश में दल बदल कानून को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। आज के नेता अपने मतलब की राजनीति के लिए एक-दूसरे के दलों में जाने को आतुर है। हिमाचल की परिपेक्ष में इसका बोलबाला है। **विनय शर्मा, सोलन**



लोकतंत्र की यह खूबसूरती है कि हर पांच वर्ष बाद देश को चुनाव के माध्यम से सशक्त नेतृत्व को चुनने का मौका मिलता है। देश हित को सर्वोपरि रखने वाला राजनीतिक दल ही देश को सही दिशा प्रदान कर सकता है। **इंद्र शर्मा (एडवोकेट)**



जिस देश में एक सूई तक नहीं बनती थी वह देश आज किस जगह खड़ा है। देश में विकास का अगर आधार नहीं होता तो देश उन्नति नहीं कर सकता था। देश के लिए समर्पित दल को समर्थन किया जाएगा। **जगत राम शर्मा (ऊना)**



मतदान करना बहुत आवश्यक है। इस बार पहली बार मतदान करूंगी। मतदान करने के लिए काफी उत्साहित हूं। देश में सरकार व उसके नुमाइंदे ऐसे चुने जाने चाहिएं जो केवल राष्ट्र हित की बात सोचें व उस पर अमल करें। वैसे तो अंतरराष्ट्रीयता महत्वपूर्ण विषय है। सांसद दूरदर्शी व विस्तृत सोच वाला होना चाहिए। **रेश्मा (जेजवीं)**



देश के बेहतर भविष्य के लिए मतदान करना बहुत आवश्यक है। सोच-समझकर जनता से किए वादों को पूरा करने वाले उम्मीदवार को ही वोट दूंगी। साथ ही क्षेत्र के विकास को जो प्राथमिकता दे। उम्मीदवार ऐसा हो जो विकास करे और समस्याओं को दूर करे, ऐसे उम्मीदवार को वोट दूंगी। **मोनिका (बिलासपुर)**



**देश** को सशक्त सरकार की जरूरत है। लोकसभा चुनाव में मजबूत नेतृत्व को वोट दिया जाना चाहिए, ताकि हमारी सीमाओं की रक्षा के साथ अंतरिक्ष सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके। लोगों को जागरूक होकर ही अपना मतदान करना चाहिए। **विक्रम राणा, सोलन**



वोट उसी को देंगे, जो क्षेत्र की समस्याओं को हल करने की क्षमता रखता हो। ईमानदार होना चाहिए और दूरदर्शी सोच रखता हो। युवाओं को रोजगार देने के क्षेत्र में कार्य करे। सभी मतदाता ईमानदार उम्मीदवार को ही वोट दें। **सुरेश कुमार (पोड़ी)**



प्रत्याशी ईमानदार और दूरदर्शी सोच वाला होना चाहिए जो क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को हल करने वाला हो, लोगों के सुख-दुख में साथ देने वाला हो। ऐसा न हो की जीतने के बाद लोगों से मिलने आए ही नहीं। **रमित शर्मा**



मंडी सांसद देशभक्त और जनता का हितैषी होना चाहिए। छोटी बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहे। स्वास्थ्य, शिक्षा और यातायात के विकास के लिए पर्यावरण अनुकूल मापदंड अपनाए जाने चाहिए, इसके लिए सांसद संसद भवन में हिमाचल का मजबूत पक्ष रखे। **हरीश कुमार (पैलेस मंडी)**



हम कई बार ऐसे प्रत्याशी को चुन लेते हैं, जो सामान्य समस्याओं का भी हाल नहीं करवाते हैं। जीतने के बाद कभी लोगों की समस्याओं को नहीं सुनते , इसलिए उसी प्रत्याशी को अपने वोट का प्रयोग करें, जो लोगों के बीच रहता हो और उनकी समस्याओं को सुनता हो। **जनकराज**

**उपलब्धि** चार मई तक जारी रहेगा युवाओं का मतदाता सूची में नाम दर्ज करने का कार्य, अब तक 31840 का हुआ पंजीकरण

# युवाओं का पंजीकरण करने में मंडी जिला सबसे आगे

**अनिल शर्मा, मंडी**

**मंडी** जिला 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने में पूरे प्रदेश में सबसे आगे है। संभावित जनसंख्या 37115 के मुकाबले अब तक 31840 युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ दिए गए हैं। पंजीकरण का कार्य चार मई तक जारी रहेगा।



इससे उम्मीद है कि जिले में शत-प्रतिशत युवा मतदाताओं का पंजीकरण हो जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि करसोग विधानसभा क्षेत्र में संभावित जनसंख्या के मुकाबले लगभग शत-प्रतिशत नाम मतदाता सूची में जोड़े हैं। धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में 26.26 प्रतिशत युवा मतदाता जोड़े जाने हैं। धर्मपुर में 3523 संभावित जनसंख्या के मुकाबले 2598 युवाओं के नाम जोड़ दिए गए हैं। सुंदरनगर में 3675 के मुकाबले 3128, नाचन में 3761 के मुकाबले 3328, सराज में 3627 के मुकाबले 3324 युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। इसके अलावा द्रंग में 3942 के मुकाबले 3738, धर्मपुर में 3523 के मुकाबले 2604, मंडी में 3527 के मुकाबले 2837, बल्ह में 2540 के मुकाबले 3148 और सरकाघाट में 3900 के मुकाबले 3144 युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### 11675 ने किया आवेदन

**जिला** निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एक जनवरी से अब तक 11675 मतदाताओं ने मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए आवेदन किया है, जिसमें से 10327 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में पंजीकरण किया जा चुका है। धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 1813 युवाओं ने, जबकि बल्ह विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 794 युवाओं ने पंजीकरण के लिए आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि 4 मई तक पूरे जिले में एक अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी करनी वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ दिया जाए।

### वोटर हेल्पलाइन ऐप पर करें आवेदन

**जिला** निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन ने बताया कि स्वीप के माध्यम से भी मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए जागरूक किया जा रहा है। मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए निर्वाचन विभाग की वेबसाइट सीईओ हिमाचल डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध प्रपत्र-6 ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है या वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कर पंजीकरण के लिए आवेदन किया जा सकता है। आवेदन करते समय केवल अपना नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो, आयु व आवास स्थान के प्रमाण पत्र की प्रति अपलोड करनी होगी।

# निर्झर ने पदयात्रा कर पांच पोलिंग स्टेशनों में जागरूक किए मतदाता



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत रतन चंद निर्झर ने झंडूता विधानसभा क्षेत्र के तहत दो दिन में पांच पोलिंग स्टेशनों में मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

जिला स्वीप नोडल अधिकारी हेमंत नेगी ने बताया कि रतन चंद निर्झर ने अपने पदयात्रा के पहले दिन ऋषिकेश, बेहनाजट्टा, विजय पुर पोलिंग स्टेशनों की यात्रा की, जहां उन्होंने पंचायत व स्कूलों में जाकर लोगों को जागरूक किया। अपनी यात्रा के दूसरे दिन उन्होंने जेवरा और बलगाड़ पोलिंग स्टेशनों के अंतर्गत संबंधित पोलिंग स्टेशनों के स्कूलों पंचायत घरों में लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया।

# सुधीर शर्मा ने आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर का लिया आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर के साथ भेंट करते सुधीर शर्मा।

पूर्व मंत्री एवं धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने गोपालपुर के गुजरेड़ा गांव स्थित गुरु श्रीश्री रविशंकर जी के आश्रम में उनसे भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर आध्यात्मिक गुरु ने सुधीर शर्मा को आशीर्वाद के रूप में प्रसाद दिया। इस भेंट के बाद सुधीर शर्मा तय कार्यक्रम के तहत चुनाव प्रचार में जुट गए।

सुधीर शर्मा ने दोपहर धर्मशाला के सिद्धबाड़ी में अल्पसंख्यक मोर्चा के साथ बैठक की। इसके पश्चात करीब तीन बजे कोतवाली बाजार में ग्राम केंद्र प्रभारी मोर्चा के साथ बैठक का आयोजन कर उन्होंने अपने चुनाव प्रचार को धार दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरे देश में अंत की ओर बढ़ रही है, खराब नेतृत्व एवं नीतियों के कारण वह दिन दूर नहीं जब कांग्रेस पार्टी का देश से नामोनिशान समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार पूर्ण बहुमत से बनेगी और हिमाचल में भी चार जून के बाद भाजपा की सरकार होगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में प्रदेश की कांग्रेस सरकार अल्पमत में है। इस दौरान सुधीर शर्मा के साथ भाजपा मंडल, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ढाटी, गढ़ में कल बंद रहेगी बिजली




**डरोह।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 11 केवी गढ़ एचटी लाइन की मरम्मत व उचित रख रखाव के चलते 29 अप्रैल सोमवार को पावर कट रहेगा। यह जानकारी ई. प्रवीण सिंह सहायक अधिशाषी अभियंता विद्युत उपमंडल थुरल ने दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को ढाटी, गढ़ बसदी, बौंण, रोंह, हल्दरा, कौना, ललेहड, पलहूणी, दधोना, लिंझन आदि गांवों में विद्युत आपूर्ति सुबह 9: 00 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक बंद रहेगी। मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। ई. प्रवीण सिंह ने इस दौरान जनता से सहयोग की अपील की है।

# तेज तूफान-बारिश से दुकानों की छतें और बोर्ड उखड़े

## धर्मशाला सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हुआ नुकसान, फसलें भी प्रभावित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



धर्मशाला सिविल लाइंस में बने ट्रेंड्स मॉल का बोर्ड तेज तूफान के कारण टूटकर जमीन पर गिरा हुआ।

धर्मशाला सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार देर शाम आए तूफान से निजी संपत्तियों को नुकसान हुआ है। तूफान के कारण दुकानों की छतें व बोर्ड आदि उखड़ गए। इसके अतिरिक्त फसलों को भी आंशिक नुकसान हुआ है। हालांकि तूफान से तो फसलों को नुकसान नहीं हुआ, लेकिन शनिवार सुबह हुई हल्की ओलावृष्टि से किसानों और बागवानों को नुकसान हुआ है।

कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार फसलों के नुकसान की अभी तक कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है, लेकिन यदि किसानों को नुकसान हुआ है तो इसके आंकड़े सामने आ जाएंगे। शुक्रवार को तूफान इतना तेज था कि धर्मशाला और आसपास स्थित घरों और दुकानों की छतें उखड़ गई, साथ ही दुकानों, शॉपिंग मॉल में लगे बड़े-बड़े होर्डिंग्स उखड़ कर सड़कों पर आ गिरे। धर्मशाला सिविल लाइनस में बने ट्रेंड्स मॉल का भारी भरकम बोर्ड तेज तूफान के कारण टूट कर जमीन पर आ गिरा, गनीमत रही कि उस समय कोई व्यक्ति नीचे मौजूद नहीं था अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। संयुक्त निदेशक कृषि विभाग धर्मशाला डॉ. पवन कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात्रि आए तूफान से तो फसलों को नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन शनिवार सुबह हई हल्की ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि यह ओलावृष्टि अधिक होती तो फसलें तबाह हो सकती थी। संयुक्त निदेशक ने बताया कि अभी तक फसलों के नुकसान की कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है, यदि फसलों को नुकसान हुआ है तो जल्द ही आंकड़े सामने आ जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### घुरकड़ी में ईएनटी शिविर पांच मई को

**कांगड़ा।** स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा कांगड़ा, रिपुदमन चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से 5 मई को गोपाल बाग घुरकड़ी में प्रातः 10 बजे अपने मासिक कार्यक्रम के रूप में निशुल्क ईएनटी शिविर का आयोजन कर रहा है। ओपीडी प्रातः 10 बजे होगी। मरीजों से अनुरोध है कि वे 5 मई को सुबह 9.30 बजे शिविर स्थल पर पंजीकरण करवा लें। डॉ. संजय सचदेवा, प्रिंसिपल डायरेक्टर ईएनटी एवं हेड एंड नेक सर्जरी मैक्स ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स हमेशा की तरह शिविर में शामिल होंगे। शिविर के दौरान ईएनटी हेड और नेक समस्याओं से पीड़ित मरीजों की जांच और उपचार किया जाएगा। जिन मूक-बधिर बच्चों का पहले निशुल्क ईएनटी शल्य चिकित्सा शिविरों के दौरान कोक्लियर इंप्लांट का ऑपरेशन किया गया था, उनसे अनुरोध है कि वे जांच के लिए इस ओपीडी शिविर में आएं। शिविर के दौरान निशुल्क ऑडियोमेट्री परीक्षण भी किए जाएंगे।

### जयसिंहपुर कॉलेज में सेमिनार आयोजित



कंवर दुर्गा चंद महाविद्यालय जयसिंहपुर में सेमिनार के दौरान छात्र शिक्षकों के साथ।

**जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में शनिवार को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा द बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के अंतर्गत एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें उपनिदेशक गजय पटियाल ने बतौर प्रशिक्षक के रूप में महाविद्यालय में शिरकत की। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के तृतीय वर्ष के छात्रों को अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम के बारे में जानकारी प्रदान करवाना रहा जिसमें छात्र ग्रेजुएशन के बाद स्वयं को नेशनल अपरेंटिसशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम में रजिस्टर कर प्रशिक्षण ले सकते है। इस सेमीनार में जयसिंहपुर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा व प्रो. रविंद्र जग्गी, प्रो.विकास कालोत्रा, डॉ. इंद्र कुमार, प्रो. अरविंद कुमार, प्रो. सुमिक्सल सूद, प्रो. सचिन, प्रो. हरजिंदर सिंह, प्रो. अंशु देवी, डॉ. आस्था गुप्ता, प्रो. सरजनी, प्रो. पूनम मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा ने प्रशिक्षक गजय पटियाल का महाविद्यालय में छात्रों को प्रशिक्षण देने के लिए धन्यवाद किया।

### हथियार जमा न करवाने पर होगी कार्रवाई

**डरोह।** भवारना पुलिस थाना के एसएसओ केहर सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनावों के चलते पूरे प्रदेश में आचार संहिता लागू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि उन्होंने लगभग 15 दिन पहले भवारना पुलिस थाना के अंतर्गत आने वाले हर हथियार मलिक को व्यक्तिगत रूप से फोन करके अपने-अपने हथियार भवारना पुलिस थाने में जमा करवाने के लिए कहा है, लेकिन अभी तक बहुत से लोगों ने अपने हथियार पुलिस थाने में जमा नहीं करवाए हैं। उन्होंने कहा कि जिन्होंने अपने हथियार जमा नहीं करवाए हैं। उनके नामों की सूची तैयार की जा रही है। उन पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

## रजोल में गाड़ी से नौ हजार एमएल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, गगल**

पुलिस थाना गगल के तहत रजोल में एक निजी गाड़ी से 9,000 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब मार्का रोयल स्टैग बरामद की गई है। इस बारे में पुलिस ने उपरोक्त गाड़ी के चालक बलदेव सिंह निवासी रजोल तहसील शाहपुर, जिला कांगड़ा के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अस्त होने के कारण नहीं हो रहे शुभ कार्य, बाजार में कारोबार पर पड़ रहा असर

# कांगड़ा के दुकानदारों पर मंदी की मार

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



अस्त होने के कारण सूना पड़ा कांगड़ा बाजार।

भारतीय शास्त्रों के अनुसार मौजूदा समय में शुभ मूहर्त न होने यानि अस्त होने के कारण शुभ कार्य करने से लोग परहेज कर रहे हैं। अस्त का असर बाजारों में भी देखने का मिल रहा है। लोग अपने घरों के लिए कोई नई खरीददारी नहीं कर रहे हैं। कांगड़ा बाजार में इस अस्त के दौरान दुकानदारों से बातचीत की गई तो उन्होंने मंदी की बात स्वीकारी। कांगड़ा के व्यापारी राजन कुमार, संदीप कुमार, भूपेश कुमार, अंकित कुमार, पिंचू व विवेक इत्यादि का कहना है कि बाजार में ग्राहकों के न आने से कांगड़ा बाजार पूरी तरह से मंदी की मार झेल रहा है। व्यापारियों का कहना है कि ऐसे में उन्हें घर चलाना भी बहुत मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि नौबत यहा तक आ गई है कि दुकानदारों को बहुनी तक करना मुश्किल हो गया है। मंदी के चलते कांगड़ा शहर पूरी तरह से वीरान पड़ा है। जिसकी शुरुआत कॉलेज रोड से लेकर मुख्य नेहरू चौक, मंदिर बाजार, मेन बाजार, तहसील चौक, डूगा बाजार व गुप्त गंगा तक है। ऐसे में इन जगहों में दिन भर में काफी कम संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है।

विख्यात शास्त्री पंडित कांति शर्मा ने बताया की 21 अप्रैल से अगले 21 दिनों तक अस्त है जिसमें लोग विवाह शादी, ग्रह प्रतिष्ठा, खरीददारी एवं मुंडन इत्यादि कोई भी शुभ कार्य नहीं करते। शुभ महुर्त होने पर ही इन शुभ कार्यों को किया जाता है। ऐसे में कांगड़ा के व्यापारियों को अब दो महीने तक इन्हीं स्थितियों से गुजरना होगा। (अनंत ज्ञान)

## आशापुरी में ग्रामीणों को बताया मतदान का महत्व




**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

शनिवार को 13-जयसिंहपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले अति दुर्गम पोलिंग स्टेशन घर्चिंडी एवं आशापुरी में स्वीप के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताया गया और उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वीप के नोडल अधिकारी प्रिंस जसरोटिया ने इलेक्शन कमिशन ऑफ इंडिया द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में चर्चा की गई कि किस प्रकार मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जाए। इस कार्यक्रम में बीएलओ सुपरवाइजर निर्मल सिंह व प्रधान विनोद राणा भी मौजूद रहे।

## सिद्ध गुफा मंदिर में सर्वकष्ट निवारण यज्ञ आज

**जयसिंहपुर।** विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले प्रसिद्ध बाबा भौडी सिद्ध गुफा मंदिर में 57वां विशाल वार्षिक भंडारा व वैदिक बीज मंत्रो द्वारा 28 अप्रैल को सर्वकष्ट निवारण यज्ञ का शुभारंभ सुबह नौ बजे से होगा। सर्वकष्ट निवारण यज्ञ दोपहर दो बजे तक चलेगा। इसके साथ विशाल वार्षिक भंडारे का आयोजन सुबह नौ से तीन बजे तक होगा।

## रजोट में महिला कांग्रेस की बैठक में लोकसभा चुनावों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



रजोट पंचायत में पहुंचे मुख्य संसदीय सचिव एवं विधायक बैजनाथ किशोरी लाल का स्वागत करते ग्रामीण।

बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की रजोट पंचायत में शनिवार को लोकसभा चुनावों के संदर्भ में महिला कांग्रेस द्वारा रखी बैठक में मुख्य संसदीय सचिव एवं विधायक बैजनाथ किशोरी लाल उपस्थित हुए। इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विचार-विर्मश किया गया। इस मौके पर पंचायत प्रधान व महिला अध्यक्ष जमना गोयल, मीनाक्षी, मीडिया प्रभारी अमित शर्मा, शैलभ अवस्थी, मदन लाल, सरजीत, विद्या देवी, संगीता देवी, सुनीता आदि मौजूद रही।

## लंबागांव स्कूल में वोट डालने के लिए प्रेरित किए लोग

**लंबागांव।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंबागांव में स्वीप के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तहसीलदार जयसिंहपुर अभिषेक भास्कर ने उपस्थित लोगों को इलेक्शन कमिशन ऑफ इंडिया द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में 12वीं की छात्रा रिया और छात्र आदिश ने भाषण के माध्यम से उपस्थित लोगों को वोट का महत्व समझाया और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। तहसीलदार अभिषेक भास्कर ने उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों से चर्चा की कि किस प्रकार मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जाए। इस कार्यक्रम में स्वीप के नोडल अधिकारी प्रिंस जसरोटिया व बीएलओ निरीक्षक विनोद भारती विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रधान सुमन मैहरा उपप्रधान हरिदास पंचायत समिति सदस्य अनीता सूद, शिवाला, पूर्ण कुमार, संदीप कुमार के अतिरिक्त बलवीर राणा, अर्चना ठाकुर, बनीता ठाकुर, सुदेश कटोच, मोनिका पटियाल आदि मौजूद रहे।

# सहयोग से अच्छे समाज का निर्माण संभव: परमार



भवारना के समाजसेवी पवन सूद पम्मू सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार के साथ।

**अनंत ज्ञान, डरोह**

भवारना के समाजसेवी पवन सूद पम्मू को राज्यपाल द्वारा यातायात स्वयंसेवक के रूप में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किए जाने पर सुलह के विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने बधाई दी है। पवन सूद की इस उपलब्धि को नवाजने के लिए भवारना में स्थानीय लोगों द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे परमार ने कहा कि पवन सूद ने जिला कांगड़ा, सुलह विधानसभा और विशेष रूप से भवारना के नाम को ऊंचा किया है। इस दौरान उन्होंने पवन सूद को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन नागरिकों के भले के लिए काम करते हैं, लेकिन समाज के सहयोग के बिना सुशासन की दिशा में बढ़ने की गति धीमी रहती है। जब समाज के विभिन्न घटक अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए प्रशासन का सहयोग करते हैं तभी समाज तेज गति से उत्थान की और बढ़ता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि जब भी समाज को जरूरत हो अपनी पूरी क्षमता के अनुसार अपने गांव, अपने प्रदेश और अपने देश को आगे ले जाने में सहयोग करें। इस अवसर पर उपस्थित तनु भारती, संजय अवस्थी, अधिराज सूद, अजय शर्मा, इंदु शर्मा, कृष्ण कुमार, राजीव सूद, राकेश जम्वाल, अंकुर कटोच, मनबीर कटोच तथा भवारना के अन्य प्रबुद्ध लोगों ने भी पवन सूद की प्रशंसा की और परमार का उन्हें सम्मानित करने पर धन्यवाद किया।

### छापेमारी | जुगियाल, अदियाल, शाहपुरकंडी में नशीले पदार्थ बेचने पर कार्रवाई

# 19 दुकानदारों के चालान काट जुर्माना वसूला

**अनंत ज्ञान, शाहपुरकंडी**



नशीले पदार्थों की बिक्री पर एक दुकान का निरीक्षण करते अधिकारी।

दुकानदारों की ओर से खुले में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बिक्री किए जा रहे तंबाकू, सिगरेट एवं अन्य नशा युक्त पदार्थों की रोकथाम के लिए शनिववार को रणजीत सागर बांध परियोजना के सरकारी अस्पताल की टीम की ओर से सिविल सर्जन पठानकोट एवं परियोजना के अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर जसविंद्र पाल के दिशानिर्देशों के चलते अस्पताल के सीनियर डॉक्टर डीएन चौधरी एवं उनकी टीम की ओर से शनिवार को जुगियाल, अदियाल, शाहपुरकंडी एवं आसपस क्षेत्र के तहत कई दुकानों पर छापेमारी कर करीब 19 दुकानदारों के चालान काटे और उनसे मौके पर जुर्माना भी वसूला गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉक्टर डीएन चौधरी ने बताया कि अकसर देखने में आया है कि कुछ दुकानदार खुले में तंबाकू, सिगरेट एवं नशा युक्त समान 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बेचते हैं। जिसके चलते उनकी टीम की ओर से शनिवार को कॉलोनी क्षेत्र के आसपास करीब 19 दुकानदारों के चालान काटे गए तथा उनसे मौके पर जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही उन्होंने सब्जी की दुकान करने वाले दुकानदारों एवं रेहड़ी लगाने वालो को गंदगी न फैलाने की हिदायतें भी जारी की।

उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई भी दुकानदार सिगरेट या अन्य तंबाकू युक्त समान बेचता पकड़ा गया तो उसके खिलाफ जुर्माना लगाने सहित कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। इस मौके पर डॉक्टर डीएन चौधरी के अलावा सीनियर टेक्नीशियन दर्शन सिंह काहलो, सुरिंद्र कुमार, विशन दास सहित सिक्योरिटी के जवान मौजूद थे।



## सालगिरह मुबारक



बिलासपुर(भटेड़) के अनिल शर्मा और मीरा देवी को सालगिरह पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



नैहरनपुखर के अशोक शर्मा और शारदा शर्मा को सालगिरह पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# दुष्कर्म के दोषी को 22 साल कैद

## अदालत ने सुनाई सजा, 20 हजार जुर्माना भी भरना होगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अपनी ही नाबालिग भतीजी से दुष्कर्म करने और उसे गर्भवती करने के आरोपी ताया पर दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने दोषी को 22 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोषी को 20 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना अदा न करने पर तीन वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। फास्ट ट्रैक में अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश धर्मशाला अनिल कुमार की अदालत ने यह फैसला सुनाया है। इस केस में अदालत ने पीड़िता को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत पांच लाख मुआवजा देने के भी



आदेश दिए हैं। मामले की पैरवी कर रही विशेष अतिरिक्त जिला न्यायवादी राजरानी ने बताया कि 28 जनवरी 2022 को पुलिस थाना नगरोटा बगवां में इस बाबत पीड़िता की माता ने शिकायत दर्ज करवाई थी। पीड़िता की माता ने बताया था कि पीड़िता अपनी दादी व ताऊ के पास रहती थी क्योंकि दादा का देहांत होने के बाद दादी बीमार रहती थी। पीड़िता की अचानक तबीयत खराब होने पर जब पीड़िता को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया तो पता चला कि पीड़िता दो महीने की गर्भवती है। इसके बाद पीड़िता की मां ने बेटी से पूछा तो उसने बताया कि उसका ताया लगभग एक साल से उसके साथ गलत काम करता था। साथ ही पीड़िता को धमकी देता था की यदि उसने किसी को इस बारे कुछ बताया तो उसे जान से मार देगा। अभियोजन पक्ष की ओर से मामले में 29 गवाहों को पेश किया गया। गवाहों के ब्यानों और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने उक्त सजा सुनाई है।

# क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र धर्मशाला में खूब गरजी विद्यार्थी परिषद

## एकतरफा कार्रवाई करने पर प्रदेश सरकार के खिलाफ किया विरोध-प्रदर्शन

- एबीवीपी-एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं में हुई थी मारपीट
- विवि प्रशासन एनएसयूआई का कर रहा बचाव
- पांच छात्र नेताओं को निलंबित करना निंदनीय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र धर्मशाला प्रशासन और प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। यह प्रदर्शन गत दिनों एबीवीपी और एनएसयूआई छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं के बीच हुई मारपीट के बाद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला प्रशासन द्वारा की गई एक तरफा कार्रवाई के खिलाफ रहा। विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों का आरोप है कि प्रदेश सरकार के दबाव में आकर विश्वविद्यालय प्रशासन एनएसयूआई के छात्रों का बचाव कर रहा है और विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है।



विरोध-प्रदर्शन करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

विरोध-प्रदर्शन में शामिल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक अभिनव चौधरी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में पिछले दिनों एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं द्वारा विद्यार्थी परिषद के निहत्थे कार्यकर्ताओं को हथियारों से मारने की कोशिश की, जिसके खिलाफ विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि विरोध-प्रदर्शन में शामिल विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सरकार के दबाव में आकर एक तरफा कार्रवाई करते हुए पांच छात्र नेताओं को निलंबित किया जोकि निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने सरकार के दबाव में आकर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा और विद्यार्थी परिषद पर ही एक तरफा कार्रवाई कर दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार प्रदेश की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की बजाए कानून व्यवस्था बिगाड़ने में लगी है। कांग्रेस सरकार अपराधियों को शरण देने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि जब से यह सरकार सत्ता में आई है तब से हिमाचल प्रदेश की कानून व्यवस्था बिलकुल चरमरा चुकी है। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की बजाए यह कांग्रेस की सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शिक्षण संस्थानों को अपनी राजनीति का अड्डा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। विभाग संयोजक ने कहा कि यदि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं का निलंबन वापस नहीं लिया गया तो विद्यार्थी परिषद प्रशासन और सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन करेगी।

गौरतलब है कि गत दिनों उक्त दोनों छात्र संगठनों के बीच मारपीट के बाद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए विद्यार्थी परिषद के पांच कार्यकर्ताओं को शनिवार को निलंबित कर दिया जिसके खिलाफ विद्यार्थी परिषद से विरोध-प्रदर्शन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### बीड़ के चौगान में जुआ खेलते पकड़े तिब्बती

**बैजनाथ।** पुलिस थाना बीड़ के तहत चौगान में पेमा पामडिंग निवासी मकान नं. 3, फुलसोक निवासी मकान नं. ए-13, रिचैन नमग्याल निवासी मकान नं. 5 निवासी डेगा डिविजन डेगा डिविजन तिब्तियन कॉलोनी चौगान तहसील बैजनाथ जिला कांगड़ा व कुण्छोंक निवासी मकान नं. 12, उर्जिन निवासी मकान नं. 72 नागचिन डिविजन चौगान तहसील बैजनाथ को जुआ खेलते हुए व करंसी नोटों सहित पकड़ा है। जुआ खेलने के सभी आरोपी तिब्बती समुदाय से संबंध रखते हैं। इस संदर्भ में पुलिस ने अभियोग जेर धारा 3, 4 सार्वजनिक जुआ अधिनियम, 1867 में पंजीकृत कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जान से मारने की धमकी पर मामला दर्ज

**धर्मशाला।** पुलिस थाना रक्कड़ के अंतर्गत मैरा प्लाट में विशाल कुमार व प्रदीप ने तिलक राज निवासी मैरा प्लाट डाकघर गरली तहसील परागपुर जिला कांगड़ा का रास्ता रोककर इसके व इसकी माता के साथ गाली-गलौज, मारपीट व जान से मार डालने की धमकियां दीं। इस संदर्भ में पुलिस ने भारतीय दंड सहिंता की धारा 341, 323, 504, 506, 34 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बाइक को मारी टक्कर, सवार की मौत

**शाहपुर।** पुलिस थाना शाहपुर के तहत मंझग्राम में अज्ञात वाहन चालक मोटरसाइकिल को टक्कर मार कर मौके से भाग गया। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक नरेंद्र कुमार निवासी मंझग्राम डाकघर द्रमण तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा की मौत हो गई है। इस संदर्भ में पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है।

### पोलिंग कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**डरोह।** लोकसभा चुनावों के सफल आयोजन के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी राकेश शर्मा एसडीएम धीरा की अध्यक्षता में चुनावों में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों के लिए एकदिवसीय पूर्वाभ्यास विधानसभा क्षेत्र सुलह के उपमंडल धीरा के सरकारी कॉलेज नौरा में करवाया गया। इस दौरान लोकसभा चुनावों में तैनात पोलिंग पार्टियों के लिए पहले चुनावी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस चुनावी प्रशिक्षण में सुलह हलके के लगभग 900 कर्मचारियों ने भाग लिया। इनमें सेक्टर ऑफिसर, प्रसाइडिंग अधिकारी, पोलिंग अधिकारी, सहायक पोलिंग अधिकारी शामिल हुए। सहायक चुनाव अधिकारी एसडीएम धीरा राकेश शर्मा ने कहा कि मतदान के सफल संचालन के लिए नियुक्त सभी कर्मचारी अपना कार्य अच्छी तरह से करें तथा इसके लिए आपसी तालमेल बनाएं।

### भ्रष्टाचार पर भारी पड़ा मोदी का युगः खन्ना

**फतेहपुर।** भाजपा प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने फतेहपुर पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में भारत भ्रष्टाचार के लिए जाना जाता था और पीएम मोदी के कार्यकाल में भारत जन कल्याणकारी योजनाओं के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि जब हम 2014 में आए थे, तो हम वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10वें नंबर पर थे और आज 140 करोड़ देशवासियों का पुरुषार्थ रंग लाया है कि हम विश्व की अर्थव्यवस्था में 5वें नंबर पर पहुंच चुके हैं। देश भ्रष्टाचार के राक्षस की जद में था। लाखों करोड़ के घोटाले अर्थव्यवस्था को डांवाडोल किए हुए थे।

# बैजनाथ के विकास में भाजपा का कोई योगदान नहीं : सुखराम



सेहल पंचायत में शनिवार का नुक्कड़ सभा में मौजूद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व अन्य।

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की सेहल पंचायत में शनिवार का नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इसमें बैजनाथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुखराम ठाकुर उपस्थित रहे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि बैजनाथ के विकास में भाजपा को कोई बड़ा योगदान नहीं रहा है। उन्होंने कहा की विधायक किशोरी लाल का 14 महीनों का कार्यकाल सरानीय रहा है। सुखराम ने कहा की किशोरी लाल ने अति दुर्गम क्षेत्र छोटा भंगाल के लिए करोड़ो रुपए की सोगातें दी हैं।

इसके साथ उन्होंने कहा की लोकसभा चुनावो में कांग्रेस पार्टी विधायक किशोरी लाल के नेतृत्व में एकजुट है। बैजनाथ चुनाव क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से बढ़त हासिल करेगी। इस मौके पर पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### जवाली के लव में पन्ना प्रमुख सम्मेलन के दौरान बोले भाजपा प्रत्याशी

# जीत का परचम फहराएगी भाजपाः राजीव

**अनंत ज्ञान, जवाली**

जवाली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा मंडल जवाली का पन्ना प्रमुख सम्मेलन महाराणा ग्राउंड लव जवाली में भाजपा नेता संजय गुलेरिया व मंडलाध्यक्ष धीरज अत्री की अध्यक्षता में हुआ।

इसमें प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की जबकि कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज, पूर्व मंत्री डॉ. हरवंश राणा विशेष तौर पर मौजूद रहे। मुख्यअतिथि त्रिलोक कपूर का भाजपा नेता संजय गुलेरिया, पूर्व मंत्री डॉ. हरवंश राणा सहित कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश में भाजपा चारों सीटों पर जीत का परचम फहराएगी तथा कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेगी। उन्होंने बारिश व ओलावृष्टि के बावजूद पंडाल में डटे कार्यकर्ताओं के मनोबल को देखकर कहा कि यही उत्साह भाजपा को जीत की तरफ ले जाएगा। पूर्व मंत्री डॉ. राणा ने कहा कि भाजपा ही निश्चित तौर पर चारों सीटों को जीतेगी तथा नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। त्रिलोक कपूर ने कहा कि जवाली की जनता में भाजपा के प्रति जोश है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष रमेश राणा, भाजपा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि कुमार, मंडल महामंत्री डॉ. राजिंद्र सिंह, एचएस मस्ताना, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र गुलेरिया, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष शालू नाथ, परमजीत मनकोटिया, जिला परिषद रविंद्र इंदी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री दिनेश निखिल, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप शर्मा, योगराज मेहरा, तिलक रपोत्रा, केतन जरियाल, सुरिंद्र, नीतू कुमारी, चैन सिंह पगडोत्रा, दिनेश शर्मा, लब्बू परमार, शिंपू परमार, अखिल मन्हास, निखिल, शोभा डढवाल, तरुण शर्मा, अम्मू मन्हास, अश्विनी शर्मा, हंस राज खाबला, अनुपम मुखर्जी, गुरमीत कौर, अंजना, ईशा, कुसुम मन्हास, सरोज कुमारी मौजूद रहे।



जवाली विधानसभा क्षेत्र के लव में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में मौजूद डॉ. राजीव व अन्य।

# वन संपदा को बचाना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य : ममता देवी

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

प्रधान ग्राम पंचायत दयाल नैहरनपुखर ममता देवी ने कहा कि शायद ही कोई गर्मी का मौसम रहा होगा जिसमें जंगलों में आग न लगी हो। आग लगने से हर वर्ष जंगलों को काफी नुकसान पहुंचता है, जिसका प्रभाव पर्यावरण और जंगली जीव-जंतुओं पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि गर्मियों के दौरान एक छोटी सी लापरवाही के कारण पूरा जंगल धधक उठता है, वहीं कुछ लोग जंगल में या जंगल के आसपास जलती हुई बीड़ी-सिगरेट बिना बुझाए ही फेंक देते हैं, जबकि कुछ लोग निजी भूमि में आग जलाकर उसे वैसे ही छोड़ जाते हैं, ऐसे कई कारण हैं जिससे जंगल में आग लगने की संभावना होती है और वन संपदा जलकर राख हो जाती है। ममता ने बताया कि जहां गर्मी के मौसम में जंगलों में आग लगने की संभावना बढ़ जाती है तो वहीं बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के कारण वन संपदा को बचाना जरूरी हो गया है। प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम भावी पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के बारे में समय-समय पर जानकारी देते रहें ताकि वह इसकी महत्ता को समझें और वन संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।



### नगर परिषद की बैठक में पारित किया गया वार्षिक बजट

# कांगड़ा के विकास पर खर्च किए जाएंगे साढ़े चार करोड़ रुपएः रेनू



नगर परिषद की बैठक में मौजूद अध्यक्ष रेनू शर्मा व अन्य पार्षद।

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

नगर परिषद कांगड़ा की अहम बैठक शनिवार को नगर परिषद अध्यक्ष रेनू शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में वार्षिक बजट 2024- 25 पारित करने के साथ नगर परिषद के कई अहम विषयों पर चर्चा करने के साथ सहमति जताई गई।

बैठक की जानकारी देते हुए नगर परिषद अध्यक्ष रेनू शर्मा ने बताया कि शनिवार को पारित बजट में जहां नगर परिषद की अनुमानित आय 6 करोड़ 10 लाख 6 हजार 204 रुपए रखी गई। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा नगर परिषद को हाउस टैक्स से बढ़ोतरी होगी, जिसकी अनुमानित राशि लगभग 55 लाख रुपए है। वहीं नगर परिषद की घर-घर से कूड़ा उठाने की योजना के तहत नगर परिषद को लगभग 21 लाख रुपए की अनुमानित राशि है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 2024-2025 में नगर परिषद द्वारा अनुमानित व्यय राशि 10 करोड़ 33 लाख 95 हजार 102 रुपए खर्च करने पर अंतिम मोहर लगाई गई। उन्होंने बताया कि इस वर्ष नगर परिषद द्वारा 4 करोड़ 57 लाख 5000 रुपए नगर परिषद द्वारा विकास कार्यों पर खर्च किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा शहर की सफाई व्यवस्था बिजली व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च करने के लिए बजट में राशि निर्धारित की गई है उन्होंने बताया कि नगर परिषद अकसर शहर की व्यवस्था एवं सुंदरता बनाए रखने के लिए कार्यरत है और उस पर ही कार्य किया जा रहा है । (अनंत ज्ञान)

### मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाना लक्ष्य

नगर परिषद अध्यक्ष रेनू शर्मा ने बताया की नगर परिषद कांगड़ा का एक ही मकसद हमेशा से रहा है और वह है कांगड़ा नगर परिषद के अंतर्गत रहने वाले लोगों को तमाम मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाना। उन्होंने बताया कि इसके लिए नगर परिषद के लोगों ने उन्हें चुन कर इसउच्च पदों पर उन्हें बिठाया है। प्रयास रहेंगे की वह लोगों की तमाम उम्मीदों पर खरा उतरें और लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

# चुनाव अधिकारियों ने वोटिंग मशीनों को जोड़ना सीखा

## अक्षय पैलेस नगरोटा बगवां में हुई लोकसभा चुनाव -2024 की पहली रिहर्सल

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

अक्षय पैलेस नगरोटा बगवां में शनिवार को लोकसभा चुनाव -2024 की पहली रिहर्सल का आयोजन सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक मुनीश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार अशोक पठानिया ने इस कार्यशाला में सबका स्वागत किया। कार्यशाला की शुरुआत प्रभु भक्ति गीत इतनी शक्ति हमें देना दाता से हुई।

इसके बाद सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक मुनीश शर्मा ने चुनाव संबंधित बारीकियां चुनाव अधिकारियों को बताईं। इसमें पीठाशीन अधिकारी, पोलिंग अधिकारी और सभी सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन कानूनों ,पोलिंग प्रक्रिया, वोटिंग मशीनों को जोड़ने और चलाने की प्रक्रिया, विभिन्न फॉर्म को कैसे भरना है इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नायब तहसीलदार बड़ोह सुशील कुमार आनंद और निर्वाचन कानूनगो नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र रामानंद उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में लगभग 750 अधिकारी ,जिसमें पीठासीन अधिकारी, सहायक पीठासीन अधिकारी, चुनाव अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट/ऑफिसर और ईवीएम ट्रेनर ने भाग लिया। इसमें 28 महिला और 10 दिव्यांग चुनाव अधिकारियों ने भी भाग लिया। इस कार्यशाला के दौरान निखिल शर्मा प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या नगरोटा बगवां, संदीप अवस्थी प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेराथाना, मनीष सूद प्रवक्ता जीव विज्ञान एवं हरीश कुमार प्रवक्ता कंप्यूटर विज्ञान ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण देने का काम किया। इस कार्यशाला के दौरान एक कृत्रिम चुनाव बूथ भी बनाया गया था जिसके पीठासीन अधिकारी हर्ष कुमार सहायक आचार्य राजीव गांधी गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा बगवां को बनाया गया।



नगरोटा बगवां में लोकसभा चुनाव -2024 की पहली रिहर्सल में मौजूद अधिकारी व अन्य।

**प्रबंध** | होशियारपुर, पठानकोट और कांगड़ा जिला प्रशासन के बीच हुई बैठक

# सुरक्षा के लिए सीमांत क्षेत्रों में 18 नाके किए स्थापितः डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेम राज बैरवा ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान कांगड़ा जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाएंगे। इसके लिए होशियारपुर तथा पठानकोट जिला प्रशासन के साथ आपसी समन्वय के साथ हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। शनिवार को एनआईसी के सभागार में होशियारपुर, पठानकोट तथा चंबा, कांगड़ा जिला प्रशासन की समन्वय बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने कहा कि स्वतंत्र,निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करवाना प्रशासन का दायित्व है, इसके लिए पुलिस व प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली गई हैं।

उन्होंने कहा कि पुलिस हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने के साथ पूरी तरह सतर्क है। बावजूद इसके बॉर्डर एरिया में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बार्डर एरिया में 18 नाके स्थापित किए जा रहे हैं तथा इसमें होशियारपुर तथा पठानकोट जिला प्रशासन की ओर से संयुक्त तौर पर कार्य करने का प्लान भी तैयार किया गया है ताकि नकदी या अन्य संदिग्ध गतिविधियों को बार्डर पर ही रोक दिया जाए, इसके साथ ही खनन माफिया पर भी सख्त कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी स्तर पर निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित न किया जा सके। होशियारपुर तथा पठानकोट जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन से सहयोग का आग्रह किया है जिस पर सभी आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के लिए प्लान तैयार किया गया है।

बाटलिंग प्लांट का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं जबकि संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखने के लिए उपयुक्त कदम उठाने के लिए कहा गया है। इस अवसर पर पठानकोट के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक, होशियार के एसपी, जिला निर्वाचन अधिकारी, एसपी शालिनी अग्निहोत्री, एसपी नूरपुर अशोक रत्न, एडीसी सौरभ जस्सल सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।




एनआईसी के सभागार में बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी व अन्य।

# कैप्टन रणजीत राणा का बैंड-बाजों से स्वागत

## बोले-मुख्यमंत्री पद सुरक्षित करना व हमीरपुर का बचाना है अस्तित्व

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर/सुजानपुर**

विधानसभा उपचुनावों को कांग्रेस पार्टी ने कैप्टन रणजीत राणा को उम्मीदवार बनाया है। शनिवार को टिकट मिलने के बाद हमीरपुर पहुंचे कैप्टन का कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बैंड-बाजे के साथ स्वागत किया।

इस दौरान हमीरपुर और सुजानपुर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कैप्टन का फूलमाला पहनाकर कंधे पर उठाकर अपनी खुशी जाहिर की। कैप्टन राणा कांग्रेस का टिकट लेने के बाद अपने विधानसभा क्षेत्र पहुंचे। जिनका सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

कांग्रेस पार्टी ने मुझे टिकट दिया है। अब सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव में जीत दर्ज करके इस जीत को मुख्यमंत्री की झोली में डालूंगा। यह बात सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन रणजीत राणा ने टिकट प्राप्त कर पहली बार सुजानपुर पहुंचने पर कही।



सुजानपुर में कांग्रेस प्रत्याशी रणजीत राणा का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता।

कैप्टन रणजीत राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को और विशेष रूप से हमीरपुर जिला को ऐसा मुख्यमंत्री मिला है जो आपदा के समय प्रदेश की जनता के लिए अपना तन-मन-धन सब कुछ न्योछावर कर देता है। हमीरपुर जिला ने पहले भी मुख्यमंत्री पद गंवाया है, लेकिन अबकी बार मुख्यमंत्री पद सुरक्षित करना है। हमीरपुर जिला के अस्तित्व को बचाना है। उन्होंने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र बीते 15 वर्षों से अनदेखी की शिकार हो रहा था। उन्होंने कहा कि सुजानपुर में कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है सब मिलकर प्रदेश मुख्यमंत्री को सुरक्षित और मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

सुजानपुर कांग्रेस के साथ-साथ सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र का एक बड़ा कुनबा उनके साथ जुड़ा है। वह एक पूर्व सैनिक हैं सैनिकों के मान-सम्मान के लिए वह लगातार लड़ते आए हैं और आगे भी लड़ेंगे।

पूर्व सैनिकों से उन्हें पहले भी पूरा सहयोग मिला था और इस बार के चुनाव में भी उन्हें पूरा सहयोग मिलेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री यादवेंद्र गोमा, सह प्रभारी विधायक सुरेश कुमार, कुलदीप सिंह पठानिया आदि ने राणा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

# पूर्व सैनिकों के परिवार मेरी बड़ी ताकत : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों का सहयोग हमेशा से उनकी सबसे बड़ी ताकत रहा है। यह बात पूर्व विधायक और सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा के पटलांदर स्थित आवास पर पूर्व सैनिकों के कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कही।

राजेंद्र राणा ने कहा कि और पूर्व सैनिकों का संकल्प हमेशा हिमालय की तरह मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि वह अपने चुनाव प्रचार के कमान पूरी तरह से पूर्व सैनिकों के हवाले ही कर रहे हैं। इस अवसर पर सुजानपुर विधानसभा सीट पर भाजपा के प्रभारी राकेश जंवाल ने कहा कि राजेंद्र राणा सहित 9 विधायकों ने प्रदेश के स्वाभिमान पर आंच नहीं आने दी और प्रदेश से बाहर का प्रत्याशी राज्यसभा चुनाव में थोपने की साजिश को कामयाब नहीं होने दिया।

इस अवसर पर मंडल भाजपा अध्यक्ष प्रो. विक्रम राणा सहित मंडल के तमाम पदाधिकारी और



पटलांदर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा व अन्य।

### उपचुनावों में पूर्व सैनिक संभालेंगे उनके चुनाव की कमान

वरिष्ठ कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर राजेंद्र राणा ने कहा कि कार्यक्रम में भाजपा और कांग्रेस दोनों विचारधाराओं के लोग शामिल हुए हैं और उन्होंने संकल्प लिया है कि राजेंद्र राणा को ऐतिहासिक जीत इस चुनाव में दिलाई जाएगी, क्योंकि राजेंद्र हमेशा से पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और सेवारत सैनिकों के परिवारों का बढ़-चढ़कर सम्मान करते आए हैं और हर बार सेना दिवस पर भी गरिमा पूर्ण और भव्य कार्यक्रम आयोजित करके वह पूर्व सैनिकों की देश के प्रति सेवाओं को भी स्मरण करते हैं। राणा ने कहा कि पूर्व सैनिकों ने 2012 में भी उनके प्रचार की कमान भी पूरी तरह से पूर्व सैनिकों ने ही संभाल रखी थी और उसी इतिहास को एक बार फिर से दोहराया जाएगा।

## हिम आंचल पेंशनर्स संघ की मासिक बैठक 2 मई को

**टौणी देवी।** हिम आंचल पेंशनर्ससंघ टौणी देवी खंड इकाई की मासिक बैठक 2 मई को प्रात: साढ़े दस बजे प्रधान जगदीश चंद शर्मा की अध्यक्षता में अवाहदेवी माता मंदिर परिसर में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। बैठक के एजेंडे में पेंशनरों की मांगों, समस्याओं तथा संघ की गतिविधियों बारे विचार-विमर्श किया जाना अपेक्षित है। इसके अलावा पदाधिकारी सदस्यों को विभिन्न जानकारियां भी उपलब्ध करवाएंगे। पेंशनरों की व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान हेतु गंभीरता से मंथन किया जाएगा। अत: टौणीदेवी खंड इकाई के समस्त पदाधिकारियों व पेंशनरों से अनुरोध है कि वे बैठक में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर विभिन्न जानकारियां पाएं व संघ गतिविधियों को और सुचारु बनाने हेतु अपना सहयोग भी करें।

## न्यूज ब्रीफ

### 42 पॉलिटेक्निक स्टूडेंट्स को मिला 3 लाख का पैकेज



**नादौन(** हिमाचल के सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों के इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल स्टूडेंट्स के लिए पॉलिटेक्निक हमीरपुर और सुंदरनगर में एक केंद्रीकृत प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस अभियान में 11 सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। सिप्ला कंपनी के बद्दी और गोवा प्लांट में अंतिम नियुक्ति के लिए कुल 42 स्टूडेंट्स का चयन किया गया है। स्टूडेंट्स को अन्य सुविधाओं के साथ 3 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर रखा जाएगा। प्लेसमेंट अधिकारी अरविंद कटोच ने बताया कि अब तक सरकारी पॉलिटेक्निक हमीरपुर के मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल के 90 प्रतिशत पात्र छात्रों को 3.0 से 4.5 एलपीए के पैकेज पर सफलतापूर्वक रखा गया है। उल्लेखनीय है कि पॉलिटेक्निक प्रवेश की अंतिम तिथि 10वीं के विद्यार्थियों के लिए 30 अप्रैल तथा प्लस टू के विद्यार्थियों के लिए 5 मई है।

### अंडर-14 कबड्डी में अब्दुल कलाम सदन विजेता



**भरेड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में अंतर सदनीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता अंडर-14 बालक एवं बालिका वर्ग के बीच आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में सभी सदनों के विभिन्न स्टूडेंट्स ने भाग लिया, जिसमें अंडर-14 (बालक वर्ग) में प्रथम स्थान अब्दुल कलाम सदन तथा द्वितीय स्थान स्वामी विवेकानंद सदन का रहा। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान एपीजे अब्दुल कलाम सदन तथा द्वितीय स्थान सावित्रीबाई फुले सदन का रहा। इस अवसर पर एसडीएम संजय स्वरूप ने शिरकत की, उनके साथ प्रधानाचार्य ओंकार सिंह भाटिया तथा उपप्रधानाचार्य हेम वर्मा, शारीरिक शिक्षक दिनेश सिंह पटियाल और सभी सदनों के प्रभारी व सदस्य उपस्थित रहे। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए एसडीएम ने सभी को बधाई दी। प्रधानाचार्य ने बताया कि खेल जीवन का अहम हिस्सा होना चाहिए जो शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत आवश्यक है।

### मेवा उत्सव : गायक काकू ने लोगों को किया नाचने पर मजबूर



भरेड़ी। उपमंडल भोरंज जाहू मेवा उत्सव की सांस्कृतिक संध्या में तीसरे दिन समाजसेवी संदीप चौहान व भोरंज विधायक सुरेश कुमार विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर प्रसिद्ध हिमाचली कलाकार काकूराम ठाकुर व स्थानीय कलाकारों में लोगों का अपनी गायकी से मनोरंजन किया। उनके गानों ने खूब वाहवाही बटोरी व लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर जाहू प्रधान अनुराधा शर्मा, भोरंज कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सुरेंद्र जरयाल, रोशन लाल शर्मा, किशोरी लाल शर्मा, राम चंद पठानिया, राजन कपिल, पूर्व उपप्रधान विजय डोगरा, इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में ओपन शूटिंग प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में जिला राइफल एसोसिएशन हमीरपुर की ओर से तीन दिवसीय ओपन शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। समंवयक कुंदन लाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव शर्मा व गेस्ट ऑफ ऑनर एडवोकेट रीतिका ठाकुर वाइस प्रेसिडेंट राइफल एसोसिएशन के द्वारा किया गया।

मुख्यातिथि ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए एक उद्देश्य होना चाहिए और उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। सभी स्टूडेंट्स को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी हिस्सा लेना चाहिए। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने 10 मीटर पिस्टल और 10 मीटर राइफल प्रतिस्पर्धा में भाग लिया, जिसमें सीनियर वर्ग मास्टर शूटर (61 से 70), मास्टर शूटर (26 से 60), जूनियर शूटर्स में (20 से 25) युवा शूटर्स (16 से 19) सब-जूनियर (12 से 15) व सब-जूनियर (7 से 11 वर्ष) वर्ग में हिस्सा ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों से प्रतिभागी उपस्थित हुए। बड़सर से 90 वर्षीय वरिष्ठ महिला सुशीला देवी ने शूटिंग कंपटीशन में भाग लिया। कुलपति ने उन्हें पदक पहनाकर सम्मानित किया।



# प्रशासन धनेड़ में शीघ्र करवाए पटवार भवन का निर्माण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

दी हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन जिला हमीरपुर की मासिक बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसके कौड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन महासचिव मनोहर लाल कानूनगो ने किया और विश्व उपभोक्ता दिवस सहकारी सभा चलोखर में सफलतापूर्वक मनाने के लिए संगठन के सभी सदस्यों एवं डीएफएससी हमीरपुर का धन्यवाद किया।

बैठक में वार्ड नंबर आठ में उचित मूल्य की दुकान पुन: आरंभ करने के लिए जिला नियंत्रक खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले हमीरपुर का धन्यवाद किया क्योंकि यह मांग संगठन द्वारा काफी लंबे समय से उठाई जा रही थी। संगठन के सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि जिले के अनुभवी लोगों को सदस्यता दी जाए।

इस दौरान संगठन के ध्यान में यह बात लाई की धनेड़ पटवारखाना के भवन को 2 वर्ष पूर्व गिरा दिया गया था जिससे पटवारी लोगों के घर में बैठकर काम निपटा रहे हैं।



मासिक बैठक में भाग लेते पदाधिकारी व सदस्य।

### मेडिकल कॉलेज और बैंकों में लंबी लाइनों में बुजुर्गों को हो रही परेशानी

स्थानीय लोगों ने कई बार उपायुक्त हमीरपुर को इस बारे में अवगत करवाया परंतु अभी तक इस बारे कोई प्रगति देखने में नहीं आ रही है। अत: संगठन प्रशासन से अविलंब पटवार घर के शीघ्र भवन के निर्माण बारे आग्रह करता है। संगठन के सदस्यों ने चिंता प्रकट करते हुए मेडिकल कॉलेज एवं विभिन्न बैंकों में वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है जिससे वरिष्ठ नागरिक अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। अत: संगठन यह मांग करता है कि उन्हें उपचार में अतिशीघ्र वरीयता के आधार पर उपचार किया जाए। इस बैठक में पीएन शर्मा, मनसुख पठानिया, बलबीर पटियाल, हेमराज शर्मा, रमेश चंद, अनिरुद्ध डोगरा व अन्य गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बड़ा स्कूल के स्टूडेंट्स ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, बड़ा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़ा के एग्रीकल्चर विषय के स्टूडेंट्स ने शनिवार को विद्यालय के एग्रीकल्चर ट्रेनर सुशील परमार की अगुवाई में जिला हमीरपुर के नेरी स्थित उद्यान एवं वानिकी विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया।

इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के 100 स्टूडेंट्स के अतिरिक्त शिक्षक मुकेश कुमार, सुमन, सपना आदि विशेष रूप से शामिल थे। परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों को विश्व विद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषि संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर विश्व विद्यालय के कृषि वैज्ञानिक डॉ. बलबीर डोगरा द्वारा बच्चों को एग्रीकल्चर विषय के बारे में अपने संबोधन के दौरान प्रोत्साहित करते हुए इसे अपने निजी जीवन में भी अपनाने की सलाह दी ओर अपने जीवन में एग्रीकल्चर विषय को कैरियर के रूप में चुनने के लिए भी कहा। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा इस दौरान बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि पोली हाउस के माध्यम से आप किस प्रकार सब्जियों का उत्पादन कर सकते हैं। इस दौरान बच्चों ने नेरी में स्थित औषधीय गार्डन का भी भ्रमण किया।



# अनुराग के सवाल पर फंसे कैप्टन रणजीत, बोले-कुछ नहीं बोलूंगा

**विक्रम ढटवालिय, हमीरपुर**

कांग्रेस पार्टी का टिकट लेकर पहली मर्तबा सुजानपुर पहुंचे कै रणजीत सिंह राणा मीडिया के सवालों पर फंस गए। उनसे जब केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को लेकर सवाल पूछा गया तो वे बोले, उनके बारे में कुछ नहीं बोलूंगा।

स्थिति बड़ी ही अजीबो-गरीब दिखाई देने लगी, तो कांग्रेस के पास में खड़े सभी वरिष्ठ नेता भी एक-दूसरे का मुंह ताकते दिखे। कारण साफ था, सुजानपुर में पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान अनुराग ठाकुर ने कैप्टन रणजीत राणा के लिए खूब पसीना बहाया था। भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में वे अभी नए-नए पहुंचे हैं, इसीलिए शायद अनुराग भाजपा के प्रत्याशी हैं। हमीरपुर संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस के उम्मीदवार अभी घोषित नहीं हुए हैं। ऐसे में अनुराग पर किसी भी तरह की टिप्पणी से परहेज करते दिखे। सवाल विकास को लेकर था। शायद दल बदलने के बाद अभी भी उनका लगाव भाजपा से दिख रहा है। कांग्रेस ने उन्हें उम्मीदवार भी इसीलिए बनाया है, ताकि भाजपा के खेमें में वे सेंधमारी कर सकें।

**कांग्रेस के प्रत्याशी बनकर पहली बार पहुंचे थे सुजानपुर**

### हमीरपुर में बिछ रही चुनावी फिजां

**हमीरपुर** में बिछ रही चुनावी फिजां में एक चीज सुनी जा रही है। एक वोट सीएम और एक पीएम को। शायद इसका असर भी उम्मीदवार के दिलो-दिमाग पर किसी न किसी तरीके से स्वर है। लेकिन इसके मायने तो खास हैं, लेकिन जो भी हो भाजपा के नेताओं पर खासकर पूर्व मुख्यमंत्री धूमल और अनुराग ठाकुर को लेकर उनका भैया कैसा रहेगा? इस पर खास नजर रहेगी। क्या उनका निशाना केवल राजेंद्र राणा पर ही होगा या फिर वे कांग्रेस के घोषित होने वाले हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी को लेकर भी वोट मांगेंगे, यह स्थिति अब आने वाले दिनों में बेहद दिलचस्प होने वाली है। क्या कांग्रेसियों को या स्थिति अखरेगी नहीं?

# मतदान अधिकारियों का पहले चरण का पूर्वाभ्यास पूर्ण : अमरजीत सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

लोकसभा चुनाव-2024 की मतदान प्रक्रिया के लिए एक जून को जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 532 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार इन मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि जिले के सभी 532 मतदान केंद्रों पर तैनात होने वाले पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों का पहले दौर का पूर्वाभ्यास पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा क्षेत्र 37-सुजानपुर और 39-बड़सर के उपचुनाव के लिए भी तैयारियां पूर्ण की जा रही हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में 101 मतदान केंद्र, सुजानपुर में 104, हमीरपुर में 94, बड़सर में 112 और नादौन विधानसभा क्षेत्र में 121 मतदान केंद्र होंगे।

**हमीरपुर जिले के 5 विधानसभा क्षेत्रों में होंगे कुल 532 मतदान केंद्र**



जिले में कुल 17 मतदान केंद्रों को क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन घोषित किया गया है, इनमें भोरंज विधानसभा क्षेत्र के दो मतदान केंद्र समीरपुर और जाहू खुर्द, सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के 4 मतदान केंद्र सुजानपुर-6, पटलांदर-1, पनयाला और खियाह, हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के 3 मतदान केंद्र घरथेड़ी ब्राह्मणा-1, बोहनी-1 और बलोह, बड़सर विधानसभा क्षेत्र के भी 3 मतदान केंद्र दंदवीं-1, चकमोह-1 और रैली जजरी-1, नादौन विधानसभा क्षेत्र के 5 मतदान केंद्र सेरा, नादौन-3, बटराण, पनसाई और धनेटा-1 शामिल है।

अमरजीत सिंह ने बताया कि जिले में 18 मतदान केंद्रों को मॉडल पोलिंग स्टेशन बनाया जाएगा। इनमें भोरंज विधानसभा क्षेत्र के 4 मतदान केंद्र भोरंज-1, भोरंज-2, जाहू-2 और भकेड़ा, सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के 4 मतदान केंद्र बनाल, सुजानपुर-2, मिहंदपुरा-1 और कुठेड़ा, हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के 3 मतदान केंद्र हमीरपुर-5, हमीरपुर-7 और चंगर, बड़सर विधानसभा क्षेत्र के 3 मतदान केंद्र बणी-2, जौड़े अंब और हरसौर, नादौन विधानसभा क्षेत्र के 4 मतदान केंद्र पालवीं, दसवीं-1, दसवीं-2 और गाहली-2 शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पांचों विधानसभा क्षेत्रों के दो-दो मतदान केंद्र केवल महिला अधिकारियों-कर्मचारियों और एक-एक मतदान केंद्र युवा अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा ही संचालित किए जाएंगे। जिले के एक मतदान केंद्र पर केवल दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारी ही अपनी सेवाएं देंगे।

# चुनावी प्रक्रिया चुनौती से करें पूरा : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी/जाहू**

लोकसभा व विधानसभा के चुनावों के सफल आयोजन के लिए भोरंज विधानसभा क्षेत्र में 600 मतादन कर्मियों का प्रथम पूर्वाभ्यास करवाया गया है। जिसमें करीब 59 महिला कर्मचारी भी शामिल है।

शनिवार के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में तीसरे दिन पुरुष व महिला मतदाता कर्मियों का पूर्वाभ्यास करवाने से पहले संबोधित करते हुए भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप ने कहा कि लोकतंत्र की सफलता के लिए जहां वोट देना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है, वहीं चुनावी प्रक्रिया को सफल बनाना हर कर्मचारी का कर्तव्य भी है।

उन्होंने कहा कि तीन दिनों से जारी प्रथम पूर्वाभ्यास में चुनावी प्रक्रिया के हर पहलू को समझाने का



भोरंज में पूर्वाभ्यास में भाग लेते कर्मचारी।

कार्य किया गया है, ताकि मतदान केंद्र तक जाने से पहले हर कर्मचारी परिपक्कव बनकर जाएं। उन्होंने टेंडर बैल्ट पेपर, चैलेंज वोट की स्थिति में क्या करे के बारे में विस्तार से जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी है कि मतदान केंद्र के 200 मीटर के दायरे में किसी प्रकार की राजनीतिक गतिविधियां न होने दें तथा पुलिस कर्मचारी की मदद से दूर हटाएं। उन्होंने कहा कि बूथ में मोबाइल फोन ले जाना गैर कानूनी कार्य है। दूसरा पूर्वाभ्यास 23 मई को मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में होगा। इस दौरान मास्टर ट्रेनर प्रो. तिलक, पूजा, विवेक, इलेक्शन कानूनगो ट्विंक्ल, तहसीलदार भोरंज बालकृष्ण आदि मौजूद रहे।

**सियासत** चुनावों में रेल पहुंचाने का अलापते हैं राग, पर हमीरपुर तक नहीं पहुंची रेल : प्रेम कौशल

# अनुराग झूठ की राजनीति छोड़ तथ्यों के आधार पर करें बयानबाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर लगातार चौथी बार केंद्र का नेतृत्व कर रहे हैं, लेकिन वे अपने कद के हिसाब से बहुत ही निम्न स्तर की बयानबाजी कर रहे हैं, जबकि अनुराग ठाकुर चार बार सांसद रह चुके हैं और वे जब भी आते हैं तो अपनी उपलब्धियां बताने की बजाए कभी राहुल गांधी तो कभी कांग्रेस पार्टी कोसते हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को कोसने से उन्होंने यह मकाम हासिल किया है क्योंकि उनकी पार्टी इसकी सराहना करती है।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता प्रेम कौशल ने यह आरोप प्रेस वार्ता में लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अनुराग ने पिछले दिनों बयान दिया कि कांग्रेस पार्टी ने जमीनें बेची हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया हर नागरिक की पहुंच आम आदमी तक पहुंचाई, जबकि बीजेपी ने बैंकों का निजीकरण कर दिया और इस प्रकार कांग्रेस पार्टी ने रेलवे का विस्तार किया आपने रेल बेच दी, जो भी ढांचा कांग्रेस पार्टी ने खड़ा किया बीजेपी ने उसे ध्वस्त करने का काम किया। इसलिए में अनुराग ठाकुर से कहना चाहता हूं कि प्रदेश के लोगों को गुमराह न करें, जबकि आप यह बताएं आपका चौथा कार्यकाल चल रहा है और आज दिन तक हमीरपुर जिले के लिए क्या किया। धरातल के ऊपर आपका कोई काम नजर नहीं आता और हमीरपुर की जनता को पिछले कई सालों से लॉलीपॉप दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर पांचवीं बार सांसद का चुनाव लड़ने जा रहे हैं, लेकिन उनकी सारी उपब्धियां शून्य के बराबर रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री पिछले कई सालों से हमीरपुर में रेल पहुंचाने की बात कह रहे हैं, लेकिन आज दिन तक न रेल पहुंची और न ही रेलवे ट्रेक बना।



कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता प्रेम कौशल प्रेस वार्ता करते हुए।

उन्होंने कहा कि अनुराग बार-बार यही बयान दे रहे हैं कि कांग्रेस से अपने ही विधायक नहीं संभाले गए। कौशल ने कहा कि अनुराग हमारी चिंता छोड़ अपनी चिंता करें। कौशल ने कहा कि हमीरपुर के विधायक ने हमीरपुर की जनता के साथ धोखा किया है उसके लिए जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। कौशल ने कहा कि अनुराग ठाकुर से यह कहना चाहता हूं कि बड़ी अच्छी पोजिशन पर हैं और पद और स्थान को ध्यान में रखकर बयानबाजी किया करें। तथ्यों के आधार पर राजनीति करनी चाहिए न कि झूठ की राजनीति अगर अनुराग हमारे नेताओं और पार्टी पर झूठी बयानबाजी करेंगे तो हम भी दोगुना हमला करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### गगरेट के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के चेहरों पर आई रौनक

**गोंदपुर बनेहड़ा।** काफी वर्षों बाद का गगरेट विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस से जुड़े कार्यकर्ता के चेहरे पर खुशी देखी जा रही है। वर्षों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए आम नेता अपने आपको काफी समय से ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। राकेश कालिया को टिकट मिलने से पार्टी की आम कार्यकर्ता में खुशी की लहर है। शनिवार को गगरेट के कांग्रेस के विधायक पद के उम्मीदवार राकेश कालिया के स्वागत के लिए पुराने कांग्रेसी कार्यकर्ता आज देखे गए, जो लगभग एक वर्ष से बिलकुल लुप्त हो गए थे। गगरेट विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी का अपना एक विशेष जन आधार है, आज सैकड़ों की संख्या में पंचायत प्रतिनिधियों, आम जनमानस एवं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने राकेश कालिया का स्वागत किया और लड्डू भी बांटे। स्थानीय कांग्रेस के नेताओं में पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा, राज कुमारी शर्मा, पूर्व प्रधान उर्मिला देवी, अमित कुमार आदि ने कांग्रेस हाई कमान के राकेश कालिया को टिकट देने के देने का स्वागत किया है। उन्होंने बताया इससे कांग्रेस की आम कार्यकर्ता का मनोबल बड़ा है।

### कुटलैहड़ में प्रथम चुनावी पूर्वाभ्यास आयोजित


बंगाणा में चुनावी रिहर्सल में हिस्सा लेते कर्मचारी।

**बंगाणा।** लोकसभा चुनाव 2024 और कुटलैहड़ विधानसभा-45 में होने वाले उपचुनावों के दृष्टिगत शनिवार को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनावी ड्यूटी देने वाले पीआरओ और एपीआरओ को प्रथम चुनावी पूर्वाभ्यास अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में करवाया गया। प्रथम चुनावी पूर्वाभ्यास में उपनिर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी बंगाणा सोनू गोयल ने शिरकत की। इस दौरान उपमंडल अधिकारी ने चुनावी ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे चुनावी रिहर्सल के दौरान दी जानी वाली व्यवहारिक जानकारी को बखूवी ग्रहण करें तथा चुनावों से संबंधित अपनी ड्यूटी को पूर्ण लगन व निष्ठा से निभाएं। इस प्रथम पूर्वाभ्यास प्रक्रिया में 168 पीआरओ और 142 एपीआरओ ने भाग लिया। चुनावी रिहर्सल कार्यक्रम में मतदान प्रक्रिया तथा इस दौरान इस्तेमाल होने वाली सामग्री के अलावा ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के संचालन का प्रेक्टिल अभ्यास कराया गया। इसके अलावा ड्यूटी के लिए तैनात किए गए अधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से भी चुनाव संबंधी संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई गई। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी सुभाष अत्री, तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार, नायब तहसीलदार अभिराय सिंह शर्मा, लिपिक जीवन शर्मा और अन्य विभागों से आए अधिकारी ब कर्मचारी उपस्थित रहे।

### फर्जी दस्तावेज से 3 साल तक करता रहा नौकरी

**शिमला।** शिमला की सुन्नी पुलिस ने फर्जी दस्तावेज से नंबरदार की नौकरी हासिल करने का एक मामला पकड़ा है। इस सिलसिले में एक युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। आरोपित शेर सिंह पुत्र धनीराम तहसील सुन्नी (शिमला) के देवला गांव का रहने वाला है। मामले के अनुसार आरोपी एनआईओएस से दसवीं के फर्जी प्रमाणपत्र से नंबरदार के पद पर लगा और तीन साल तक नौकरी करता रहा। देवला गांव के ही रहने वाले राकेश वर्मा ने आरोपी की फर्जी दस्तावेज से नौकरी हड़पने की शिकायत की है।

# डीसी ने अवैध रेहड़ी-फड़ी हटाने के दिए निर्देश

## बोले-सड़कों को बनाएं अतिक्रमण मुक्त, यातायात नियमों का कड़ाई से करें पालन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने ऊना जिला में सड़क सुरक्षा कानूनों को सख्ती से लागू करने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि ओवर स्पीड और लापरवाही से ओवरटेक दुर्घटना का बड़ा कारण बनते हैं। ऐसा करने वालों से कड़ाई से निपटें। उपायुक्त जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

जतिन लाल ने जिले में सड़कों को सुरक्षित, अतिक्रमण मुक्त तथा यातायात को जोखिम रहित बनाने के लिए एकीकृत दृष्टिकोण से काम करने को कहा। उन्होंने दुर्घनाओं में कमी लाने के लिए संबंधित विभागों को पूर्व सुधारात्मक कदम उठाने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिले में दुर्घटना संभावित स्थलों एवं ब्लैक स्पॉट की पहचान करके उन्हें सुधारने के निर्देश दिए।


उपायुक्त जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुरूप सीसीटीवी कैमरे तथा क्रैश बैरियर, पैरापिट, लाइट रिफ्लेक्टर और स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को अगली बैठक में सुधार कार्यों की रिपोर्ट लेकर आने को कहा।

उपायुक्त ने सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने तथा अवैध रेहड़ी-फड़ी को हटाने को कहा। बंगाणा तथा लठियाणी समेत सभी महत्वपूर्ण बाजारों, चौक-चौराहों को बाधा मुक्त बनाने के लिए वहां सड़कों से अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए। इस बैठक में एसडीएम हरोली राजीव ठाकुर, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, एसडीएम गगरेट सोमिल गौतम, अतिरिक्त एसपी (लीव रिर्जव) सुरेंद्र शर्मा, आरटीओ अशोक धीमान, उपनिदेशक उच्च शिक्षा राजिंद्र कौशल, तहसीलदार अंब प्रेमलाल धीमान आदि उपस्थित रहे।

### स्कूली वाहनों में अनिवार्य तौर पर हों कंडक्टर

**जतिन** लाल ने स्कूली वाहनों की फिटनेस तथा चालकों द्वारा यातायात नियमों का अनुपालन तय बनाने को कहा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हर स्कूली वाहन में कंडक्टर हो। इसकी अवहेलना करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें।

### एमसी और रोटरी चौक पर न लगे हुजूम

**उपायुक्त** ने ऊना में एमसी पार्क के सामने तथा रोटरी चौक में हर रोज तड़के बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूरों के सड़क पर लगने वाले हुजूम के मामले में संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को इसे लेकर व्यवस्था बनाने को कहा। वहां तड़के लोगों को खड़ा होने के लिए सड़क से हट कर स्थान तय करने के निर्देश दिए, ताकि सुबह सड़क पर एक साथ बड़ी संख्या में लोग खड़े न हों और दुर्घटना की किसी भी आशंका को टाला जा सके।

## अंबेहड़ा के जंगल में खैर के पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी

**अनंत ज्ञान, अंब**



घाटे में चल रही प्रदेश सरकार का राजस्व बढ़ाने की वजह आए दिन कम हो रहा है जिसका एक बड़ा कारण यह भी है कि सरकारी जंगलों से लगातार अवैध रूप से खैर के वृक्ष काटे जा रहे हैं, जिनका न तो स्थानीय कर्मचारियों को पता होता है और न ही उच्चाधिकारियों को जिससे कि उन पेड़ों से जो रैवेन्यू सरकार को मिलना होता है। वह सीधा-सीधा माफिया की जब में चला जाता है। अगर कोई इस मामले की शिकायत करता है या तो उस मामले को किसी तरीके से दबाने की कोशिश की जाती है या फिर शिकायत करता पर दबाव डाला जाता है कि वह अपनी शिकायत वापस लेने ऐसा ही एक मामला उपतहसील जोल की अंतर्गत आती ग्राम पंचायत अंबेहड़ा धीरज ब कठोह के सरकारी जंगलों में अवैध रूप से खैर के वृक्ष काटे गए हैं।

शिकायतकर्ता राकेश कुमार ने बताया कि वह जंगल मे मवेशी चराने के लिए जाते है उन्होंने देखा के वहां पर सरकारी जंगल से खैर के पेड़ काटे गए हैं। उन्होंने इस मामले में विभाग को अवगत करवाया, लेकिन विभाग के कान पर जूं तक न रेंगी।

उन्होंने उसके बाद 1100 मुख्यमंत्री सेवा संकल्प पर शिकायत की, जिसको आनन-फानन में विभाग ने बंद करवाने के लिए यह लिखकर भेज दिया कि कोई भी कटान नहीं हुआ है। मौके पर आज के जब प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया गया कि इस जगह पर कटान करने के बाद यहां से पौधे जड़ से उखाड़ दिए हैं। उसके बाद फारेस्ट गार्ड ने माना कि पहाड़ी तरफ जो पौधे काटे गए है हो सकता है वे सरकारी वन भूमि में हों। उन्होंने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि साफ जंगल की जांच करवाई जाए, ताकि पता चल सके कि सरकार को कितने का राजस्व का चूना लगा है।

### वशिष्ट पब्लिक स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

## सलाद मेकिंग में ऑरेंज ग्रुप फर्स्ट

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में बच्चों के रचनात्मक कौशल को विकसित करने के लिए एकल नृत्य प्रतियोगिता (कक्षा पहली से चौथी तक) व कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के बच्चों के लिए मौसमी फलों व सब्जियों का प्रयोग कर स्वस्थ रहने के उद्देश्य से सलाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।


वशिष्ट पब्लिक स्कूल के प्रतिभागी अध्यापकों के साथ।

एकल नृत्य प्रतियोगिता में स्ट्रॉबेरी ग्रुप (कक्षा प्रथम) से विधि, जसनूर कौर, अनायशा राणा, सुहानी प्रथम, आराध्या द्वितीय, मितांश शर्मा, अवनि शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी से प्रिशा शर्मा, अनवी राणा प्रथम, आकर्षिका, अक्षिता द्वितीय तथा कीरत, दिवांशी, कृषिका, रूही तृतीय स्थान पर रहे। एप्पल ग्रुप (कक्षा तीसरी) से कायरा पठानिया, स्वरा भारद्वाज प्रथम, तनिष्ठा राणा, प्रिशा चौहान द्वितीय, काशवी भारद्वाज, रियांश भारद्वाज तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी से रूहानी कौशल, कनवी प्रथम, परिधि राणा, कनिष्का द्वितीय, आरवी शर्मा, यादवीर सिंह तृतीय स्थान पर रहे।

सलाद मेकिंग प्रतियोगिता में ऑरेंज ग्रुप से जिया, अंबिका, अंतरा, अनाया प्रथम, एकांशी कौशल, कोमल, ऐंजल, आराध्या भारद्वाज द्वितीय तथा सक्षम शर्मा, सक्षम राणा, विहान शर्मा, दिव्यम सोनी तृतीय स्थान पर रहे। मैंगो ग्रुप से जनीशा, इशान्वी, मान्या, मनमीत प्रथम, कुलजीत सिंह, आरव सिंह, केशव ऐरी, समरप्रीत सिंह द्वितीय तथा अमोदिता भारद्वाज, तमन्ना साहू, मान्या शर्मा, धृति शर्मा, समायरा सैनी, कनन ठाकुर, रिया, जशनप्रीत कौर तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप मेलन से आशिता गुरनीत, वर्षा, लविशा, कृतिका, शगुन, दक्ष जसवाल, शिवान, सक्षम प्रथम, रिजुल, राधिका, जाधवी, डॉल्फिन, श्रीयांशी चौधरी, अनिका वशिष्ट, जन्नत, दिया, आरना द्वितीय तथा ईशा, सिमरिता निवेदिता व अन्नया राणा तृतीय स्थान पर रहे। निदेशक अनुज वशिष्ट ने विजेता रहे स्टूडेंट्स को बधाई दी। प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखरने का मौका मिलता है।

## घालूवाल में उद्योग से फैल रहा प्रदूषण, डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, हरोली**


उद्योग के खिलाफ डीसी को ज्ञापन देते ग्रामीण।

उपमंडल हरोली की ग्राम पंचायत घालूवाल में लगा औद्योगिक प्लांट लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। यह यूनिट घालूवाल में खुला है जो कि काफी समय से बंद पड़ा है, जबकि एक प्रोसेसिंग प्लांट इंडस्ट्री एरिया पंडोगा में चलता है।

पंडोगा प्लांट से रोजाना ट्रकों के ट्रक भरकर गीला वेस्ट लाकर होशियारपुर मुख्य सड़क किनारे नजदीक पेट्रोल पंप स्थित प्लांट में लाकर खुले में सुखाया जाता है, जबकि प्लांट के नजदीक काफी लोगों के घर मोजूद है लोगों की नजरों से बचने के लिए कंपनी द्वारा जालीदार कपड़े से प्लांट को कवर कर रखा गया है। रोजाना सैकड़ों टन गिला कचरा सुखाने से मक्खियों मच्छरों की भरमार हो गई है। आस पास रहने वाले लोगों के लिए भारी परेशानी का कारण बन गई है। बारिश होने पर प्लांट के पास से गुजरना भी मुहाल हो जाता है आस-पास के घरों में बदबू फैल जाती है।

स्थानीय निवासी सुकेश ने बताया की मक्खियों मच्छरों के चलते उन्हें हर समय मलेरिया फूड प्वाजनिंग सहित घातक बीमारी का डर सता रहा है गांववासियों द्वारा कई मर्तवा कंपनी को गीला कचरा आबादी के नजदीक न सुखाने की अपील की गई, लेकिन कंपनी द्वारा लगातार यह कार्य किया जा रहा है। शनिवार को ग्रामवासी उपप्रधान अनिल जसवाल सहित उद्योग में पहुंचे तो कंपनी मैनेजर ने उपप्रधान से भी बदसलूकी की कहा जो करना हैं कर लो। ग्रामवासियों ने गेट के बाहर कंपनी के खिलाफ नारेबाजी भी की मजे की बात यह है की प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड द्वारा नोटिस देने के बावजूद भी कंपनी द्वारा धडल्ले से मुख्य सड़क व आबादी के नजदीक गिला कचरा सुखाने से बाज नहीं आ रही। उपप्रधान अनिल जसवाल ने कहा कि उन्होंने पंचायत की तरफ से डीसी व ऊना प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड को जल्द से जल्द समस्या का स्थायी समाधान करने का ज्ञापन भेज दिया है। इस अवसर पर उपप्रधान अनिल जसवाल, सुकेश कुमार, जगत राम, राज कुमार, कुशल शर्मा, विक्रम जसवाल, सुमन बाला, उषा रानी, सन्नी जसवाल, वीरभद्र सिंह, पूजा देवी, नरदेव सिंह, भूपिंदर सिंह, सुरेश कुमार, पूर्व प्रधान नंद लाल, राम कुमार, संजय आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने तीन मामलों में अवैध शराब पकड़ी

**ऊना।** जिला ऊना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 28 बोतल देसी शराब पकड़ी है। और आगामी जांच शुरू कर दी है। थाना गगरेट के मुलाजिमों ने मवां कहोला में सात बोतल देसी शराब पकड़ी है। थाना गगरेट के पुलिस मुलाजिमों ने यातायात चैकिंग के लिए गांव मवां कोहलां में नाकाबंदी कर रखी थी कि गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति विनोद कुमार निवासी मवां कोहलां की तलाशी लेने पर 7 बोतलें शराब देसी बरामद की गई।

वहीं दूसरे मामले में पुलिस थाना टाहलीवाल के पुलिस मुलाजिमों द्वारा यातायात चैकिंग के दौरान गांव सिंगा में एस आर फैक्टरी के पास एक व्यक्ति मनोहर लाल, गांव वीटन की तलाशी ली तो उससे 10 बोतलें शराब देसी बरामद की गई।

तीसरे मामले में टाहलीवाल पुलिस ने गांव दुलैहड़ में गौशाला के पास एक व्यक्ति सतनाम सिंह गांव रणधावा, जिला होशियारपुर पंजाब की तलाशी ली तो उससे 11 बोतलें शराब देसी बरामद की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

## केंद्र की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना हमारा ध्येय : सिद्धार्थन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

भाजपा का हर कार्यकर्ता केंद्र सरकार की योजनाओं से जनता को जागरूक करके एक-एक वोट भाजपा के पक्ष में डलवाएं, ताकि 2024 का लोकसभा चुनाव इतिहास के पन्नों में दर्ज हो और लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश का नेतृत्व करें।

शनिवार को भाजपा कार्यालय ऊना में बीजेपी प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन ने कुटलैहड़ के प्रत्याशी दविंद्र भुट्टो सहित कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और आने वाले चुनावों पर रणनीति तैयार की। इस मौके पर उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत करवाया कि किस तरह घर-घर जाकर केंद्र की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाए, उस पर विचार-विमर्श किया गया।

इसके अलावा उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को चुनाव से संबंधित अन्य भी कई टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि जिन कांग्रेस विधायकों ने राज्य सरकार को आईना दिखाया है। उन्हें भारी बहुमत से जिताएं और कुटलैहड़ विस क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो की जीत को इतना बड़ा बना दें कि भुट्टो की जीत की खनक दिल्ली में कांग्रेस के बड़े नेताओं के पास पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य विकास करवाना है। इस मौके पर ऊना सदर के विधायक एवं प्रभारी कुटलैहड़ मंडल सतपाल सती, सह प्रभारी संजीव कटवाल, कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो, मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा व उपस्थित रहे।


मंत्री सिद्धार्थन और दविंद्र भुट्टो अन्य नेताओं के साथ।

## किसान से किए वादे को निभाने खेत में पहुंचे डीसी


हरोली में एक किसान के खेत में पहुंचे उपायुक्त, साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जनता व प्रशासन के मध्य विश्वास की डोर को नई मजबूती देने वाले एक प्रेरक प्रसंग में उपायुक्त ऊना जतिन लाल जिले के एक किसान से किए अपने वादे को निभाने उनके खेतों में पहुंचे। उन्होंने वहां न केवल किसान विजय कुमार का हौसला बढ़ाया बल्कि आगे बढ़कर कर कार्य में उनका हाथ भी बंटाया।

बता दें कि ऊना जिले के हरोली के किसान विजय कुमार प्राकृतिक खेती करते हैं। डीसी आतमा परियोजना में प्राकृतिक खेती के कार्यों के अवलोकन के लिए एक औपचारिक दौरे में अप्रैल में हरोली गए थे। तब उन्होंने वहां विजय के खेतों का भ्रमण करते हुए उनसे गेहूं की फसल की थ्रेसिंग के समय फिर से आने का वादा किया था। अपने इस वादे को निभाते हुए जतिन लाल विजय के यहां हरोली पहुंचे। इस दौरान आतमा परियोजना के ऊना जिले के निदेशक विरेंद्र बग्गा तथा उपनिदेशक शामली गुप्ता तथा मृदा परीक्षण अधिकारी दीपिका भाटिया भी उनके साथ थे।

उपायुक्त ने इस दौरान गेहूं की थ्रेसिंग की पूरी प्रक्रिया देखी-समझी तथा खुद इसमें हाथ भी बंटाया। उन्होंने विजय के प्राकृतिक खेती के प्रयासों की सराहना की तथा वहां अन्य फसलों की बुआई की जानकारी लेने के साथ ही इसमें उपयोग होने वाले जीवामृत को बनाने की विधि भी जानी। विजय करीब 55 कनाल भूमि पर प्राकृतिक खेती करते हैं। इसमें वे प्राकृतिक विधि से केमिकल मुक्त मिश्रित खेती करते हैं तथा परंपरागत फसलों के साथ-साथ नकदी फसलें उगाते हैं। इस अवसर पर उपायुक्त ने आतमा परियोजना के अधिकारियों को जिले में प्राकृतिक खेती में अच्छा काम कर रहे किसानों के लिए ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## वता गौहरी के आगमन के साथ आज होगा पीपल जातर का आगाज

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

गौहरी देवता के आगमन के साथ ही रविवार को राज्य स्तरीय पीपल जातर मेले का आगाज हो जाएगा। तीन दिवसीय इस मेले को लेकर जहां तैयारियां पूरी कर ली गई हैं वहीं विभिन्न बाहरी राज्यों के व्यापारियों ने भी ढालपुर व प्रदर्शनी मैदान सहित सड़क के साथ मार्केट सज रही हैं। हालांकि, शनिवार को बारिश ने व्यापारियों के इस काम मे खलल जरूर डाला।

उधर, ऐतिहासिक लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शनिवार को नगर परिषद कुल्लू की टीम ने गौहरी देवता के मंदिर पहुंचकर देवता को मेले में आने का निमंत्रण दिया। बता दें कि साल का पहला बड़ा मेला होने के कारण तीन दिनों तक जिला भर के लोगों के अलावा खासकर दूरदराज क्षेत्रों के ग्रामीण जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का खूब लुत्फ उठाएंगे।

जानकारों के मुताबिक प्राचीन समय में ढालपुर मैदान में एक पीपल के पेड़ के नीचे राजा अपना राज दरबार सजाता था और यहां पर इस राज दरबार में जनता की कई समस्याओं का समाधान भी किया जाता था।

समय के साथ-साथ राज दरबार ने मेले में तबदील हो गया और यहां पर मेले का आयोजन किया जाने लगा, जिसका नाम बाद में पीपल जातर मेला पड़ गया। यहां पर पुराने समय में कुल्लू के पुरातन नृत्य लालड़ी का भी आयोजन किया जाता था। अब कुछ वर्षों से यह मेला व्यापारिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण हो गया है। (अनंत ज्ञान)

**जागरूकता** | जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर कुटलैहड़ में डॉक्यूमेंट्री के लिए की वीडियोग्राफी

## 'स्वीप' के तहत मतदाताओं को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

'स्वीप' कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने के और अधिकतम मतदाता भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु विशेष रूप से पहली बार मतदाताओं, महिलाओं, दिव्यांगों और शतायु लोगों को चुनावी प्रक्रिया में शिक्षित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश अनुसार कुटलैहड़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, में डॉक्यूमेंट्री के लिए वीडियोग्राफी की गई।

शतायु लोगों में बंगाणा के ननावीं से 101 वर्षीय सलामत बीवी, दूंधला से 101 वर्षीय विध्याया देवी और हटली से 103 वर्षीय दुर्गी देवी ने सभी मतदाताओं से अनुरोध किया और बताया कि उन्होंने हर बार इलेक्शन में अपने मत का प्रयोग किया है।


मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल लोग संदेश देते हुए।

उन्होंने कहा कि इतनी वृद्धावस्था में भी उन्होंने अपने वोट देने के अधिकार को कायम रखा है और सभी से अपने मत का प्रयोग करने का आह्वान किया है। इस अवसर पर कुटलैहड़ विधानसभा स्वीप के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने बताया कि आगामी होने वाले चुनाव में अधिकतर लोग अपना मत का पहली बार प्रयोग करेंगे। इसके लिए हर स्तर पर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

स्वीप अर्थात सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता भारत निर्वाचन आयोग का कार्यक्रम है जो देश के नागरिकों, निर्वाचकों और मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में जागरूक करता है। लोकतंत्र में मताधिकार किसी भी व्यक्ति की सबसे बड़ी ताकत होती है। इस अवसर पर बीएलओ, वार्ड पंच एनएसएस कैप्टन विशाल सोनी और मनीष आदि मौजूद रहे।

### मैड़ी में मतदाता जागरूकता शिविर आयोजित

**अंब।** पीएस इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मैड़ी में शनिवार को आगामी लोकसभा चुनावों में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित बनाने और पात्र नए युवा मतदाताओं को जोड़ने के लिए छात्रों के माध्यम से जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, ताकि चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। कार्यक्रम में प्रिंसिपल इच्छया देवी व अन्य स्टाफ ने बच्चों को अपने माता-पिता भाई-बहन को चुनावों में बढ़-चढ़कर अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि मतदान वाले दिन वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए मतदान केंद्र पर विशेष सुविधा रहेगी।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

### सूचना

**मैं बेबी** पत्नी महिंद्र सिंह निवासी गांव बौट डाकघर व तहसील बंगाणा जिला ऊना हिमाचल प्रदेश घोषणा करती हूं कि मेरा बेटा करण सिंह और उसकी पत्नी आशा देवी मेरे कहने से बाहर हैं, जिन्हें मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। उनसे अब मेरा कोई संबंध नहीं है। भविष्य में उनसे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

> किसी भी व्यक्ति का स्वभाव ही उसे भरोसेमंद बनाता है, न कि उसकी धन-संपत्ति। -अरस्तु

संपादकीय

# वरिष्ठ नागरिकों की सेहत का ध्यान

भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने वरिष्ठ नागरिकों की सेहत का ध्यान रखते हुए उन्हें स्वास्थ्य बीमा खरीदने के लिए नियमों में बदलाव कर बड़ी राहत दी है। अब 65 साल से ज्यादा उम्र के लोग भी स्वास्थ्य बीमा खरीद सकेंगे। निश्चित रूप से इस फैसले का व्यापक प्रभाव पड़ेगा और बुजुर्ग अपना इलाज बेहतर ढंग से करवा पाएंगे। आईआरडीएआई ने स्वास्थ्य बीमा कवर शुरू करने के लिए वेटिंग पीरियड पहले से ही 48 महीने से घटाकर 36 महीने कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की बुजुर्ग आबादी 2050 तक दोगुनी होकर 20.8 प्रतिशन होने का अनुमान है, जबकि सदी के अंत तक यह संख्या 36 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। इतनी बड़ी तादाद में बुजुर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाना बीमा कंपनियों के लिए बड़ी चुनौती होगी। बीमा कंपनियों को 65 वर्ष से ऊपर के लोगों सहित सभी आयु समूहों को हेल्थ प्लान बनाने होंगे। नियामक इस बहाने अपने पैठ बढ़ाना चाहता है, जिसका फायदा बुजुर्गों को भी होने जा रहा है। इस नए आदेश से उन ग्राहकों के आधार में वृद्धि होगी जो इस समूह के शामिल होने के कारण स्वास्थ्य बीमा खरीद सकते हैं। कुछ बीमाकर्ता पहले ग्राहकों के लिए स्वास्थ्य बीमा खरीदने के लिए अधिक आयु सीमा रखते थे। यह कदम 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अधिक प्रतिस्पर्धा और पारदर्शिता लाएगा।

कंपनियां अब वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहतर पेशकश कर सकती हैं। वे मौजूदा दृष्टिकोण के बजाय माता-पिता सहित पूरे परिवार के लिए व्यापक कवरेज को ध्यान में रखकर नए प्लान बना सकती हैं। साथ ही मौजूदा प्रोडक्ट को भी बढ़ा सकती हैं। बढ़ते स्वास्थ्य जोखिमों के कारण आमतौर पर प्रीमियम उम्र के साथ बढ़ जाता है। संबंधित बीमाकर्ताओं के अनुभव और बढ़ती महंगाई की स्थिति के अनुरूप, हर पांच वर्ष की आयु वर्ग के लिए प्रीमियम में औसतन लगभग 10 फीसदी से 20 फीसदी की बढ़ोतरी होती है, जो भारत में लगभग 15 फीसदी है। वरिष्ठ नागरिकों को पॉलिसी खरीदते समय बहुत कुछ देखना होगा मसलन-पैंसठ वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के ग्राहकों को कोई स्वास्थ्य समस्या हो भी सकती है और नहीं भी। इसके अलावा बिना किसी मेडिकल कंडीशन वाले यूजर को 100 प्रतिशत बिल भुगतान और कम या कोई वेटिंग पीरियड के साथ सबसे मशहूर कवर खरीदने पर विचार करना चाहिए। किसी भी मौजूदा स्वास्थ्य समस्या वाले ग्राहकों को उन विकल्पों के लिए कई बीमाकर्ताओं का मूल्यांकन करना चाहिए, जो उनके पास हो सकते हैं।

बीमा की कवरेज तथा लागत को अपने अनुकूल करने का प्रयास भी करना चाहिए। यही नहीं, नेटवर्क कवरेज, कमरे की किराया सीमा, रोग सीमा, स्वाथ्य कवर एवं अन्य पॉलिसी नियम और शर्तें जो दावे के समय भुगतान को कम कर सकती हैं जैसे पैरामीटरों पर ग्राहक को विचार अवश्य करना चाहिए। कई बीमाकर्ताओं ने बुजुर्गों की सेहत की लिहाज से कुछ नए उत्पाद पहले से ही लॉन्च कर रखे हैं और अधिक कंपनियां इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए स्वास्थ्य बीमा को आबादी के लिए अधिक सुलभ बना सकती हैं। नए नियमों से उन वरिष्ठ नागरिकों को प्रोत्साहन मिलने की संभावना है, जिन्हें पहले से कुछ बीमारियां हैं, जिससे नियमित आधार पर अत्यधिक चिकित्सा खर्च होता है। देश में तकरीबन 98 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों के पास किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा की कमी खलती है। यह कमी मुख्य रूप से इस आयु वर्ग के बीच पहले से मौजूद चिकित्सा स्थितियों की व्यापकता से उत्पन्न होती है, जिसके कारण बीमा प्रदाता कवरेज देने में झिझकते हैं, लेकिन आईआरडीएआई ने स्वास्थ्य बीमा के संबंध में बीमाकर्ताओं के लिए जो निर्देश जारी किए हैं, इससे सुधार अवश्य होगा। उम्मीद है कि पहली अप्रैल से शुरू हो चुकी इस योजना का बुजुर्ग भरपूर लाभ उठाएंगे। ■

# हिंदुत्व में है 'मानवीय जीवन मूल्यों पर संकट' का समाधान



लेखक : हृदयनारायण दीक्षित
यूपी विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष

मानवीय जीवन मूल्यों पर संकट है। इतिहास के किसी अन्य कालखंड में इस तरह का मानवीय संकट नहीं था। विचार ही मनुष्य जाति के वाह्य स्वरूप और आंतरिक उदात्त भाव के प्रसारक रहे हैं, लेकिन अब तो विचार भी अपना प्रभाव खो रहे हैं। मानवीय सभ्यता आधुनिक काल का मनुष्य विरोधी प्रेरक तत्व बन गई है। वातावरण में निश्चिंतता नहीं है। संदेह और अनिश्चितता का वातावरण है। मनुष्य जाति भविष्य के भय से डरी हुई है। यह भय उसके अस्तित्व के मिटने का है, क्योंकि आज के दौर में धन का प्रभाव और धन का अभाव दोनों ही मारक बनते जा रहे हैं। मानवता का बड़ा भाग पर्याप्त भोजन से वंचित है। इस वर्ग में सामान्य चिकित्सा और शिक्षा, आश्रय-घर का अभाव है। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में अभावग्रस्त लोगों के सामने संकट है।

विज्ञान के जानकार प्रकृति के तमाम रहस्य बता रहे हैं। निसंदेह वैज्ञानिक शोधों ने चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन आधुनिक वैज्ञानिक शोधों ने पृथ्वी ग्रह के अस्तित्व के समाप्त होने का खतरा पैदा कर दिया है। युद्ध के तमाम आश्चर्यजनक हथियार पृथ्वी और मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरा बन गए हैं। परमाणु हथियार सहित अनेक आश्चर्यजनक अस्त्रों की खोजों से पृथ्वी के ही अस्तित्व पर खतरा है। पृथ्वी ग्रह संकट में है और उससे पोषण पाने वाली मानव जाति भी संकट में है। वैज्ञानिकों ने तमाम ग्रहों की गतिविधि का पता लगा लिया है। आशंका है कि किसी समय पृथ्वी चंद्रमा के निकट पहुंच सकती है। सूर्य का ईंधन लाखों वर्ष से खर्च हो रहा है। सूर्य के ठंडा हो जाने से ही मनुष्य जाति नष्ट हो सकती है।

हम इन्हें भविष्य की आशंकाएं कह सकते हैं। डॉक्टर राधाकृष्णन ने अपने चिंतन में धर्म और समाज में 'धर्म की आवश्यकता' शीर्षक में कहा है, 'अधिक संभावना इस बात की है कि मानव जाति स्वयं जानबूझकर किए गए कार्यों से, अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण नष्ट हो सकती है। संसार आनंद के लिए है। हम युद्ध यंत्र जात की पूर्णतः तक पहुंचने में लगाई जा रही ऊर्जाओं के केवल थोड़े से हिस्से का ही इसके लिए प्रयोग करें तो सबको आनंदमय बनाया जा सकता है। संपूर्ण मानवता विषाद ग्रस्त जान पड़ रही है। आदर्श परंपराएं, स्वतः प्रेरित अनुशासन और राष्ट्र-राज्यों द्वारा स्थापित विधि व्यवस्था शिथिल हो रही हैं। डार्विन ने लिखा है, 'मनुष्य जीवन सभ्यता में उन्नति करता जा रहा है। छोटे वर्ग समूह बड़े समुदायों में संगठित होते जाते हैं। त्यों-त्यों व्यक्ति को यह बात समझ में आती जाती है कि उसे अपनी सामाजिक सहज प्रवृत्तियों और संवेदनाओं का विस्तार अपने राष्ट्र के लिए कर लेना चाहिए।'

आखिरकार सभ्यता है क्या ? मनुष्य के बौद्धिक विकास का सबसे बड़ा उपकरण संवाद है और संवाद की प्रारंभिक शर्त है प्रेम पूर्ण भाषा और वाणी। वैदिक काल में संवाद की अनेक संस्थाएं थी। सभा और समितियां विचार-विमर्श का मंच थी। सभा में विचार रखने वाले सभेय कहे जाते थे। इसी से शब्द बना है सभासद। सभा में प्रेमपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने वाले व्यक्ति को सभ्य कहा जाता था। किसी समूह का शब्द आचरण और सौंदर्यबोध सभ्यता है लेकिन प्रेमपूर्ण संवाद घटा है। प्रकृति और मनुष्य के मध्य परस्परावलंबन है। मनुष्य प्रकृति का भाग है। हमारे और प्रकृति के मध्य आत्मीयता होनी चाहिए। प्रकृति की सभी शक्तियों के लिए चित्त में आत्मीय भाव के साथ आदर भाव की भी आवश्यकता है। लेकिन प्रकृति और मनुष्य के बीच अंतर्विरोध भी हैं।

आंधी, तूफान और ऐसी ही तमाम प्राकृतिक आपदाएं मनुष्य को व्यथा देती हैं और जीवन के लिए खतरा भी बनती हैं। ऐसी घटनाओं को प्राकृतिक मानकर अपना जीवनयापन करने की बात सही है, लेकिन अनेक संकट आधुनिक सभ्यता ने भी पैदा किए हैं। भूमंडलीय ताप, भूगर्भ जल स्तर का गिरना, वायु प्रदूषण आदि आपदाएं उपभोक्तावादी आचरण से पैदा होती हैं। वैदिक सभ्यता और संस्कृति में संपूर्ण विश्व को परिवार जाना गया है। वसुधैव कुटुंबकम वैदिक संस्कृति का लोकप्रिय सूत्र है। विश्व के अणु और परमाणु के प्रति श्रद्धा और आदरभाव रहा है। शांति मानवता की प्यास है। वैदिक साहित्य में शांति को जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया है।

भारतीय समाज के चिंतकों, विद्वानों और वैदिक काल के ऋषियों ने शांति की उपासना की है। ऋग्वेद में विश्व शांति की प्रार्थना है। यह भारतवासियों की शांति की प्यास को सुंदर अभिव्यक्ति देती है। शांति मंत्र में कहते हैं, 'अंतरिक्ष शांत हों। पृथ्वी शांत हों। आकाश शांत हों। वनस्पतियां औषधियां शांत हों। शांति भी शांत हों।' यहां केवल मनुष्यों के बीच परस्पर सद्भाव वाली शांति की ही बात नहीं है। यहां पृथ्वी से लेकर आकाश तक शांति स्थापित होने की प्रार्थना है। यहां यह बताना जरूरी है कि शांति को अशांति की अनुपस्थिति नहीं माना जा सकता है। शांति मौलिक रूप में मानव मन की प्राकृतिक प्यास है। अशांत चित्त से सृजन संभव नहीं होते। अशांत चित्त विध्वंसक होता है और शांत चित्त सर्जक।

आज संपूर्ण विश्व तनाव में है, वहीं हिंदुत्व परिपूर्ण जीवन दृष्टि है। पूरी जीवन दृष्टि आतंरिक आत्मीयता के आधार पर विकसित हुई है। धरती माता है। आकाश पिता है। जल देवता है। ऋग्वेद में उल्लिखित है कि जल से जीवन का उद्भव है। इस जल ने ही संसार को जन्म दिया। नदियां सभी प्राणियों की माताएं हैं और सूर्य संरक्षक हैं। परोपकार और सदाचार उत्कृष्ट जीवन मूल्य हैं। दुख और वैराग्य के स्थान पर आनंद का अपना अलग स्थान है।

यह संसार त्याज्य नहीं है। संसार धर्म क्षेत्र, कर्म क्षेत्र है। जीवन कर्म प्रधान है। जीवन में पलायन का कोई भाव नहीं। वनस्पतियां भी प्रणाम के योग्य हैं। उन्हें देवता कहा गया है। वैदिक सभ्यता में विचार विविधता है। जीवन और जगत को समझने के लिए पूर्व मीमांसा, सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, बुद्ध और जैन 8 दर्शन हैं। भारतीय दर्शन किसी देवदूत की घोषणा नहीं है। आधुनिक सभ्यता की सभी विसंगतियों के उपचार का केंद्र हिंदुत्व में हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# सोशल मीडिया बना जातिगत द्वेष फैलाने का माध्यम



लेखक : सुयश त्यागी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पिछले छह महीने से जहां एक ओर चुनावी सरगर्मी बढ़ रही थी तो वहीं दूसरी तरफ सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म पर जैसे जातिगत एकाउंट्स की बाढ़ सी आने लगी। एक्स से लेकर फेसबुक और इंस्टाग्राम से लेकर व्हाट्सऐप तक जाति आधारित समूह व एकाउंट का निर्माण होने लगा।

प्रारंभिक दौर में एकाउंट के निर्माण के बाद अपनी जाति के प्रेरक किस्से, नायकों का व्यक्तित्व एवं समाज से जुड़ी जानकारियां साझा की जाने लगीं। जैसे जैसे चुनाव नजदीक आने लगे इनका स्वरूप बदलने लगा सारे एकाउंट्स जाति के बाहर आकर अन्य विषयों पर टिका टिप्पणी करने लगे और धीरे-धीरे अपनी दिशा अपनी जाति को सर्वश्रेष्ठ दिखाकर अन्य को छोटा दिखाने का प्रयास शुरू किया जाने लगा।

परिणामस्वरूप एक जाति का हैंडल दूसरी जाति को कोसता, तो दूसरी जाति का हैंडल पहले वाले को और इन दोनों हैंडल्स पर आकर सहभागिता देते हुए अपनी-अपनी जाति का समर्थन करते लोग कब दूसरी जाति की निंदा प्रारंभ कर देते हैं, उन्हें उसका आभास ही नहीं रहता और वह सभी एक प्रकार के बुने हुए आभासी जाल में फंस जाते हैं।

कई मामलों में देखने में आया हैं कि इन एकाउंट्स को संचालित करने वाले व्यक्ति का उस जाति से ही कोई वास्ता नहीं रहता और कभी-कभी एक ही व्यक्ति को अलग-अलग जातियों के नाम से एकाउंट बनाकर चलाते हुए पाया गया है। इस पूरी योजना के पीछे देश विरोधियों का हिंदू समाज का वर्गीकरण करना है, जिससे समाज की एकता से देश में हो रहे बड़े निर्णयों को रोका जा सके और इस वक्त देश में हो रहे लोकसभा चुनाव में राष्ट्रवादी दल को जीत की चौखट से दूर किया जा सके।

चुनाव के समय देश में एक ऐसे मौहाल का निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे जनता अपने प्रत्याशी में देश का स्वर्णिम भविष्य की जगह अपनी जाति का उम्मीदवार ढूंढे। दिमाग में योजनाबद्ध तरीके से पूर्व में निर्मित करवाए गए विचार को हवा देकर एक जातिगत द्वेष की अग्नि को भड़काना मुख्य लक्ष्य बन गया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## रात रोई है



डॉ. कमल के प्यासा
जीरकपुर, पंजाब

*रात रोई है रात भर!*
*कुछ सहमी, डरी-डरी,*
*कुछ ठंडी-ठंडी और*
*कुछ भीगी-भीगी सी,*
*साक्षी भौंर पुकार उठी!*
*बूंद-बूंद ये मोती,*
*कलियों पे हरियाली पे*
*फूलों से झुकी हर डाली पे,*
*पौ फटने से पूर्व*
*ये चमक रहे हैं अश्रु किसके,,, ?*
*ये रंगबिरंगे मोती!*
*अरे-अरे ये अश्रु किसके!*
*ये रंगबिरंगे मोती!*
*है ये विरहा की उदासी!*
*या ये मोती हैं खुशी के!*
*नहीं नहीं, रात रोई है रात भर!*

# परिवार व समाज को गहरे जख्म दे रहा आज का नासमझ युवा



हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

वर्तमान में जो परिस्थितियां और समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, वे बहुत ही गंभीर और चिंतनीय हैं। आज जिस समस्या ने पूरे समाज को विचलित कर दिया है, वह है युवाओं में वाहन चलाते हुए ओवरटेक और जल्दीबाजी करने की आदत। आए दिन समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से हमें पता चलता है कि लोग गाड़ी को ओवरटेक करने एवं जल्दी के चक्कर में दुर्घटनाओं के शिकार होते जा रहे हैं। इसमें अधिकांश युवा एवं बच्चे होते हैं। उन्हें शायद इस बात का अंदाजा नहीं होता कि वे इस जल्दीबाजी और ओवरटेक करने के कारण या तो खुद उम्रभर के लिए अपाहिज हो जाते हैं या फिर अपने परिवार को मझधार में छोड़कर गहरे जख्म दे जाते हैं। ये जख्म इतने गहरे होते हैं कि परिवार इनसे उभर ही नहीं पाता है। अब ऐसा समय आ गया है कि मानों हम मानव जीवन में कुछ समय के लिए ही आए हैं और फिर किसी न किसी दुर्घटना और जल्दी के कारण अपने जीवन को दांव पर लगा रहे हैं।

इस गंभीर विषय पर आज हम सभी को चिंतन एवं विश्लेषण करने की आवश्यकता है। आज यह स्थिति देवभूमि हिमाचल के भी अनेक क्षेत्रों में देखने को मिलती है, जहां एक-दूसरे के लिए समय ही नहीं है, तो वहीं दूसरी ओर जल्दी और वाहन चलाते समय नशे का प्रयोग कई जिंदगियों को लील रहा है। हमें आज किसी भी गंतव्य तक पहुंचने के लिए इस बात को सुनिश्चित करना पड़ेगा कि हम जल्दीबाजी और ओवरटेक के कारण अपने अनमोल जीवन को दांव पर न लगाएं, ताकि हमारा परिवार बाद में दुखों में जीवन ने गुजारे। दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति के पीछे जो परिवार है, वह आपके बिना कैसे गुजर बसर करेगा, इस बात को समझने की आवश्यकता है। हिमाचल में अनेक क्षेत्रों के अनगिनत घरों के चिराग इस जल्दबाजी और ओवरटेक के कारण बुझ चुके हैं।

इन परिवारों में अब बुजुर्ग माता-पिता का कोई सहारा ही नहीं बचा है। आज के युवाओं से निवेदन है कि वे वाहन चलाते वक्त जल्दबाजी से बचें, ताकि वे एक लंबा जीवन और परिवार का सहारा बन सकें। दें। (जैसे कहा भी जाता है कि मौत से देर भली) हमं अपने गंतव्य तक पहुंचने में कुछ देर क्यों न हो जाए, परंतु देरी से पहुंचना मौत से बेहतर ही होगा। इसलिए आज हम सभी लोगों और युवाओं को इस प्रकार की जल्दीबाजी और ओवरटेक जैसी आदतों को सुधारने की आवश्यकता है। सभी को इस गंभीर विषय पर जरूर चिंतन एवं अपने जीवन में अमल करने का प्रयास करना चाहिए। आज मीडिया से भी निवेदन है कि वह भी इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का काम करे। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# श्रेष्ठ कॉलेजों और स्कूलों का गांवों में भी हो विस्तार



लेखक: आरके सिन्हा
वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद

कभी विचार कीजिए कि किसी स्कूल या कॉलेज को किस आधार पर श्रेष्ठ कहा जाना चाहिए? बेशक, इसका एकमात्र पैमाना यही हो सकता है कि उस शिक्षण संस्थान ने अपने विद्यार्थियों को इस तरह के संस्कार दिए, जिसके चलते उन्होंने आगे चलकर बेहतर नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा की। इसका एक पैमाना यह भी हो सकता है कि क्या उसने ( शिक्षण संस्थान) ने अपना विस्तार किया ? विस्तार से मतलब है कि क्या उसने अपनी कोई अन्य शाखा भी खोली और वहां का शिक्षण भी श्रेष्ठ और स्तरीय रहा। एक बात बहुत साफ है कि स्तरीय शिक्षा सर्वसुलभ होनी बहुत आवश्यक है। इसके लिए जरूरी है कि सालों, दशकों से स्थापित शिक्षण संस्थाएं अपना तेजी से विस्तार करें।

इस मोर्चे पर दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज का नाम लेना होगा। सेंट स्टीफंस कॉलेज को महात्मा गांधी के परम सहयोगी दीनबंधु सीएफ एंड्रूज की संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था। एंड्रूज ब्रिटिश नागरिक होते हुए भी भारत की आजादी के समर्थक थे। उन्होंने सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाया भी। अब उनके कॉलेज ने अपना विस्तार कर लिया है। दरअसल अब दिल्ली ब्रदरहुड़ सोसायटी ने दिल्ली और हरियाणा के सोनीपत की सीमा के राई नामक ग्रामीण क्षेत्र में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल खोला है। यानी कि यह स्कूल शहरों और महानगरों की चमक-दमक से दूर ज्ञान की रोशनी को फैलाएगा। निश्चित रूप से प्रत्येक शिक्षण संस्था का यही लक्ष्य होना चाहिए। भारत के गांवों में जितने बेहतर स्कूल खुले, उतना ही बेहतर होगा।

हमारे बड़े-बड़े शहरों में तो अब खूब स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय खुल रहे हैं, पर जरूरत है ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक स्कूल खोलने की है, जिनकी स्तरीय फेकल्टी हो और वहां बाकी तमाम सुविधाएं भी मौजूद हों। यह प्रयास पिछले लगभग 140 वर्ष में 700 से ज्यादा शिक्षण संस्थान देश में कर रहे हैं। सन 1885 में महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय द्वारा स्थापित डीएवी (पूरा नाम- दयानंद ऐंग्रो वैदिक स्कूल और कॉलेज) समूह इस बात का उत्कृष्ठ उदाहरण है कि समाज में सेवा भावना से चलाया जाने वाला कार्य भी सफल हो सकता है। अभी कुछ दिन पहले संघ लोक सेवा परीक्षा ( यूपीएससी) की परीक्षा के नतीजे घोषित किए गए। सारा मीडिया सफल कैंडिडेट्स के इंटरव्यू करता रहा। बीते सालों की तरह से इस बार भी राजधानी के सेंट स्टीफंस कॉलेज से पढ़े हुए बहुत से विद्यार्थियों ने यूपीएससी परीक्षा को क्रैक किया। सेंट स्टीफंस कॉलेज के छात्र रहे अंशुल भट्ट ने मेरिट लिस्ट में 14वां स्थान ग्रहण किया। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से लेकर भारतीय रिजर्व बैंक अध्यक्ष शक्तिकांत दास सेंट स्टीफंस कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी सेंट स्टीफंस कॉलेज से ही पढ़ाई की है।

सेंट स्टीफंस कॉलेज के शुरुआती दौर में पढ़ने के लिए मौजूदा हरियाणा राज्य से चौधरी छोटूराम भी आया करते थे। वे आगे चलकर किसानों के मसीहा कहलाए। अब भी हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ग्रामीण जनता चौधरी छोटूराम को अपना मसीहा मानती है। संयोग देखिए कि अब उनके प्रदेश में उनके शिक्षण संस्थान ने दस्तक दे दी। जाहिर है, इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र की जनता को भी मिलेगा। अगर आपका कभी दिल्ली के चांदनी चौक में जाना हो तो आपको वहां पर किनारी बाजार को ढूंढने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। वहां से आप कटरा खुशहाल राय में चंद मिनटों में पहुंच सकते हैं। यहां पर पहुंचकर किसी से पूछिए कि सेंट स्टीफंस कॉलेज कहां था? आपको कोई न कोई बता देगा कि उस सामान्य सी हवेली का रास्ता जहां से एक फरवरी, 1881 को सेंट स्टीफंस कॉलेज की यात्रा शुरू हुई थी। यह तब कलकत्ता यूनिवर्सिटी का हिस्सा था। कॉलेज की दिल्ली के चांदनी चौक में स्थित पहली इमारत को देखकर कोई सोच भी नहीं सकता कि यहां से शुरू हुआ सेंट स्टीफंस कॉलेज बुलंदियों को छूने लगेगा। जो सफर 140 साल से भी पहले शुरू हुआ था, उसका अब विस्तार हो चुका है। सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज खुल चुका है। महत्वपूर्ण है कि दिल्ली में ब्रदरहुड ऑफ द एसेंनडेंड क्राइस्ट की स्थापना सन 1877 में हुई थी। इसका संबंध कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से है। इसने आगे चलकर अपना नाम दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी रखा। इसने ही राजधानी में सेंट स्टीफंस अस्पताल की भी स्थापना की थी।

यह कैसे हो सकता है कि दिल्ली यूनिवर्सिटी के सबसे पुराने कॉलेजों में से एक रामजस कॉलेज के संस्थापक, शिक्षाविद् और दानवीर राय केदारनाथ का उल्लेख रह जाए। उन्होंने अपने पिता लाला रामजस मल के नाम पर रामजस कॉलेज और अनेक स्कूल स्थापित किए और नौकरी छोड़कर ज्ञान की रोशनी फैलाने में अपना जीवन लगा दिया। कहते हैं कि वे अपने स्कूलों की इमारतों के निर्माण के समय खुद सिर पर ईंटें ढोया करते थे। रामजस कॉलेज और स्कूलों में देशभर के बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# शरीर के नष्ट हो जाने पर भी जीवंत रहती है विचार की अमिट छाप



ललित गर्ग
स्वतंत्र लेखक

शेक्सपीयर ने कहा था, 'मेरे शब्द उड़ते हैं, किंतु विचार नीचे रहते हैं। विचार रहित शब्द कभी भी स्वर्ग नहीं जाते।' विचार ही शब्द को सार्थक बनाते हैं। न केवल शब्द को, बल्कि इंसानी कर्म की इमारत भी विचारों पर ही खड़ी होती है। कहा गया है कि शरीर के नष्ट हो जाने पर भी विचार की अमिट छाप सदा जीवंत रहती है। मनुष्य को सर्वश्रेष्ठ प्राणी होने का दर्जा विचार की शक्ति से ही प्राप्त होता है। विचार ही ऐसी शक्ति है, जो मनुष्य को हजारों सालों तक जीवित रखती है। जिन परिस्थितियों से जीवन में परिवर्तन घटित होता है उनमें मुख्य भूमिका विचार की होती है।

अक्सर कहा जाता है कि अमुक व्यक्ति अमुक वातावरण या परिस्थिति के कारण बदल गया, लेकिन सचाई यह है कि इस परिवर्तन का मूल स्रोत विचार है। एक जैसी परिस्थितियों में जीने वाले कुछ व्यक्तियों पर किए गए शोध से साबित हुआ है कि उनके व्यवहार में जमीन-आसमान का अंतर आ सकता है। जिन परिस्थितियों में एक व्यक्ति खिन्न, उदास और असंतुष्ट जीवन जीता है उन्हीं परिस्थितियों में दूसरा व्यक्ति संतुष्टि की अनुभूति करता है। प्रतिकूलता में भी वह कह रहा है कि मैं आनंद में हूं। वस्तुतः मानव जीवन के सुख-दुख, उत्थान-पतन आदि के केंद्र बिंदु व्यक्ति के अपने विचार ही हैं। जड़ होते हुए विचारों में संचेतन क्रांति लाने की ताकत है। विचार वह आग है जो जला भी सकती है और आलोकित भी कर सकती है। यह सुई-धागा बनकर सबको सबसे जोड़ भी सकती है और कैंची बनकर अलगाव भी करा सकती है।

यद्यपि मनुष्य के पास न तेज नाखून हैं और न नुकीले दांत, फिर भी आज का सबसे क्रूर भयावह हिंसक प्राणी मनुष्य ही माना जाता है। इसलिए कि वह विचारों को शस्त्र बनाकर स्वार्थी खेल खेलता है, जबकि इन्हीं विचारों के बल पर वह अहिंसक, करुणावान और परोपकार का जीवन भी जी सकता है।

जितने भी महापुरुष, ऋषि-महर्षि हुए हैं, उन्होंने विचार को सबसे महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में स्वीकृति दी है। जैसे जलती हुई अग्नि अपने निकटवर्ती स्थान को भी गर्म कर देती है, वैसे ही विचारों की ऊष्मा भी अपने संपर्क में आने वाले व्यक्तियों के व्यक्तित्व में आमूल-चूल परिवर्तन घटित करने में सक्षम है। विचारों से अर्जुन का हृदय बदल गया। रत्नाकर जैसा लुटेरा बाल्मीकि बन गया। विचारों का उद्गम स्रोत मनुष्य का मस्तिष्क है। सात खरब न्यूरॉन्स से निर्मित मस्तिष्क अपने आप में एक अद्भुत यंत्र है। जैसे सूरज निरंतर अपना प्रकाश और ताप चतुर्दिक बिखेरता रहता है ठीक उसी तरह मानव मस्तिष्क से एक विशेष प्रकार की ऊर्जा प्रति पल बहती रहती है। इसे हम विचार, संकल्प, भावना, अभिलाषा आदि किसी भी अभिधा से अथवा उनके संयुक्त मेल के रूप में पहचान सकते हैं।

वैज्ञानिकों का मानना है कि अंततः आकाश की पोल में ईथर तत्व भरा पड़ा है। जैसे ढेला फेंकने पर तालाब में लहरें उठने लगती हैं, वैसे ही ईथर महासागर में हमारे विचार अपने स्तर पर हलचल पैदा करते हैं। उनकी प्रकाश या ध्वनि से भी अधिक ऊंची एवं सूक्ष्म स्तर की तरंगें उठती हैं। इन्हीं तरंगों से हर व्यक्ति के भाव एवं विचार अलग-अलग बनते हैं। जिन व्यक्तियों का चिंतन शरीर की परिधि में ही घूमता रहता है, उनकी विचार तरंगें बहुत दुर्बल होती हैं। विचार तरंगों में प्राणवत्ता एवं प्रबलता तब आती है, जब उनमें किन्हीं विशेष भावनाओं का विकास हो, उनमें सत्य और आदर्श की तरंगें प्रवाहमान हों।

उच्च चिंतन करने वाले महान व्यक्ति अपनी विचारों से अनगिनत प्राणियों का पथ प्रदर्शन करते हैं। क्रांतिकारी विचारों के बल पर ही धर्म, संप्रदाय, राजनीति, समाज सभी में अनेक बड़े-बड़े परिवर्तन घटित हुए हैं। अगर विचारों के साथ विवेक और सुलझी हुई समझ न हो तो विचार बिना किसी वजह से अनेक समस्याएं भी खड़ी कर देते हैं। तब हमारे बीच मतभेद ही नहीं, मनभेद की भी ऐसी दरारें पड़ जाती हैं कि जिनको पीढ़ी-दर-पीढ़ी पाटा नहीं जा सकता। एक ही पहल में सारे रिश्तों का गणित बदल जाता है। इससे द्वेष और नफरत की न खुलने वाली गांठें पड़ जाती हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**आज** कल 'गुड' और 'बेटर' नहीं बल्कि 'बेस्ट' का जमाना है.. अक्सर बच्चों को बेहतर भविष्य की सीख देते हुए कई माता-पिता इन्हीं शब्दों का प्रयोग करते हैं, साथ ही हम में से कई लोग ऐसा सोचते हैं कि अगर हम 'बेस्ट' नहीं होंगे, तो समाज में हमारी अच्छी छवि नहीं रहेगी और शायद कोई हमारा कुशलक्षेम भी नहीं पूछेगा। बच्चों को पढ़ाई में 'बेस्ट' बनाने में हम इतना खो गए कि उन्हें शारीरिक और मानसिक स्तर पर कितना 'रेस्ट' चाहिए, यह भी भूल गए। यही वजह है कि इसी साल 23 मामले ऐसे सामने आए जब बच्चों ने अकेडमिक स्ट्रेस के कारण अपना जीवन समाप्त कर लिया। किसी भी स्वस्थ समाज के लिए यह एक बड़ी चिंता हो सकती है। माता-पिता के लिए यह समझना बेहद आवश्यक है कि बच्चों की पढ़ाई को लेकर बार-बार दबाव डालना उनके मानसिक स्वास्थ्य के साथ एक खिलवाड़ है। ऐसा करने से बच्चे अवसाद यानी डिप्रेशन में आ सकते हैं। साइकोलॉजी रिसर्च एंड बिहेवियर मेनेजमेंट जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि शैक्षणिक तनाव अप्रत्यक्ष रूप से अवसादग्रस्त लक्षणों को प्रभावित कर सकता है। इसलिए बच्चों की पढ़ाई को सही ढंग से कराने के लिए आपको भी अपने आप में सुधार करना होगा और इस मामले में पॉजिटिवली हैंडल करना होगा।

**-सुमित अवस्थी, पांवटा साहिब**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# पहली बार ममेल पहुंची श्री नैना माता सरकीधार

**पीयूष शर्मा, करसोग**

करसोग के इतिहास में पहली बार रिवालसर क्षेत्र की आराध्य देवी श्री नैना माता सरकीधार का रथ ममेल गांव पर पहूंचा। नैना माता की डोली का ग्रामीणों ने फूलों से स्वागत किया। देवता की डोली अपने स्थान जहां ढोल की थाप पर माता अपने भक्तों पर अवतरित भी हुए।

श्रद्धालुओं ने नैना माता सरकीधार से मनोकामनाएं मांगी, वहीं आयोजक पीयूष शर्मा ने बताया गांव के इतिहास में पहली बार श्री नैना देवी सरकीधार की डोली यहां पहुंची है, माता ने हमारा आतिथ्य स्वीकार किया है, इतिहास में पहली बार आयोजककर्ता व ग्रामीणों को ऐसा मौका मिला है।



### क्या कहता है इसका इतिहास

रिवालसर से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित, नैना माता का एक मंदिर पहाड़ी की चोटी पर मौजूद है। ऐसा माना जाता है कि सती की आंखें इस जगह पर गिर गईं और नैना देवी का एक मंदिर इस पवित्र स्थान पर बनाया गया था। राज्य के सभी कोनों से भक्त पूरे साल मंदिर जाते हैं। यह स्थान पाइन के पेड़ों से घिरा हुआ है और बल्ह और सरकाघाट घाटी के मनोरम दृश्य पेश करता है। लोग भी रिवालसर से इस जगह पर यात्रा करना पसंद करते हैं। नैना देवी मंदिर के रास्ते पर हम पांडवों की मां कुंती के नाम पर कुंतभयो नामक एक और झील में आती हैं। ऐसा कहा जाता है कि अर्जुन ने अपनी मां की प्यास को बुझाने के लिए झील बनाई। इस क्षेत्र में स्थानीय रूप से 'सर' के नाम से जाना जाने वाला पौराणिक कथाओं के छह अन्य झील मौजूद हैं। इन झीलों में अधिकांश पानी बरसात के मौसम के दौरान एकत्र होता है।

# गोहर में बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान



ओलावृष्टि से फसलों को हो रहा नुकसान।

**अनंत ज्ञान, गोहर**

गोहर उपमंडल में शनिवार दोपहर बाद हुई बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान होने का आसार है। एकाएक मौसम के बदले मिजाज से गोहर, चैलचौक, ज्यूणी घाटी, कमरूघाटी सहित अधिकतर क्षेत्रों में बारिश और ओलावृष्टि हुई है।

पहले से ही मौसम की मार झेल रहे क्षेत्र के किसानों व बागवानों ने बताया कि दोपहर बाद हुई बारिश व ओलावृष्टि से उनकी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है।

# मंडी से एम्स बिलासपुर को बस सेवा शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला मुख्यालय मंडी से बिलासपुर स्थित एम्स के लिए सीधी बस सेवा शुरू हो गई है। यह बस मंडी से नेरचौक, धनोटु, सुंदरनगर, हराबाग, जड़ोल, भुवाना, बरमाणा, घागस, बिलासपुर और नौणी होते हुए एम्स पहुंचेगी और इसी रूट से वापस आएगी। मंडी से यह बस सुबह 8 बजे चलेगी और बिलासपुर एम्स में लगभग 10 बजे पहुंचेगी। एम्स बिलासपुर से मंडी के लिए शाम 4:30 यह बस रवाना होगी और शाम 7 बजे पहुंचेगी। इस बस सेवा की समय सारिणी ओपीडी को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है, जिससे लोग अपना चैकअप करवाकर वापस इसी बस में आ सके। इस बस में सभी प्रकार के कार्ड और महिलाओं को 50 प्रतिशत छूट भी प्रदान की गई है।



एम्स के लिए रवाना होती एचआरटीसी बस।

वहीं मंडी शहर वासियों द्वारा एचआरटीसी प्रबंधन से यह भी मांग की गई है कि मंडी से अयोध्या के लिए भी एक सीधी बस सेवा आरंभ की जाए।

इस बारे में हिमाचल पथ परिवहन के मंडलीय प्रबंधक विनोद ठाकुर ने बताया कि हमीरपुर से अयोध्या के लिए एक सीधी बस सेवा आरंभ की गई है उसके आधार पर ही अन्य स्थानों से बस सेवा आरंभ करने बारे राज्य स्तर पर ही कोई फैसला लिया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### माता नैना देवी मंदिर में भंडारे का आयोजन आज

**मंडी।** शहर के खलियार में स्थित माता नैना देवी मंदिर के स्थापना दिवस पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन शनिवार को शुरू हुआ। इस उपलक्ष्य पर मंदिर में हवन एवं कन्या पूजन का आयोजन किया गया। रविवार को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर कमेटी के प्रेस सचिव आशीष टंडन ने बताया कि हर वर्ष की भांति स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया जा रहा है।

### युवा चार मई तक करवा सकते हैं नाम दर्ज : एसडीएम

**पधर।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने जनसाधारण को सूचित किया कि लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत 30-द्रंग विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा रहे हैं। सभी पात्र मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि जब तक आपका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं होगा, तब तक आप मतदान नहीं कर सकते हैं। एक अप्रैल-2024 को 18 वर्ष की आयु या इससे अधिक की आयु पूर्ण कर रहे हैं, के नाम मतदाता सूची में दिनांक 4 मई तक अवश्य दर्ज करवाएं। उन्होंने जनसाधारण से आग्रह किया है कि आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को मध्यनजर रखते हुए, सभी इस अंतिम अवसर का अवश्य लाभ उठाएं।

### रंगोली बनाकर दिया मतदान का संदेश



**सुंदरनगर।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने बताया कि स्वीप टीम सुंदरनगर द्वारा जीवन रेखा नर्सिंग संस्थान सुंदरनगर में जाकर प्रशिक्षण प्राप्त कर ही युवा प्रशिक्षुओं को मतदान संबंधित विभिन्न जानकारियां प्रदान की। नर्सिंग प्रशिक्षुओं द्वारा रैली निकालकर भी जन मानस को मतदान करने के लिए जागरूक किया। सभी प्रशिक्षुओं ने पूरे जोश के साथ एक जून को मतदान करने का भी प्रण लिया। इस अवसर पर स्वीप टीम से देवेंद्र कुमार, रजनीश गौतम, दिनेश सिंह, प्रवीण शर्मा, दिनेश शर्मा, नैना व भीमा उपस्थित रहे।

### नशे के खिलाफ विद्यार्थियों ने किया नुक्कड़ नाटक



**मंडी।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के स्काउट एंड गाइड के विद्यार्थी जब मंडी के चौहाटा बाजार में नशे के दुष्प्रभाव से अवगत करवाने के लिए नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दे रहे थे, तो उस समय लोगों की भीड़ में अचानक उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन उपस्थित हो गए। उपायुक्त ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां प्रतिदिन होनी चाहिए। प्रधानाचार्य डीएवी स्कूल केएस गुलेरिया जी ने बताया कि भारत स्काउट एंड गाइड द्वारा नशा मुक्त भारत बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम किए जाते हैं। इस मौके पर विद्यार्थियों के साथ स्काउट मास्टर सुशील सेन, गाइड कैप्टन शैली और ड्रामा क्लब प्रभारी सुनील कुमार भी मौजूद रहे।

### एचएससीए ने मनाया 12वां स्थापना दिवस



**मंडी।** हिम साइंस कांग्रेस एसोशिएशन ने 12वां स्थापना दिवस मनाया। एसोशिएशन के अध्यक्ष प्रों. दीपक पठानिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और कहा कि एचएससीए एक पंजीकृत सोसायटी है जिसका गठन प्रदेशभर के वैज्ञानिकों, अध्यापकों व विद्यार्थियों को एक प्लेटफॉर्म प्रदान कर प्रोत्साहित करना है। एसोशिएशन का अगला सम्मेलन राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में अक्टूबर माह में आयोजित किया जाएगा।

### ग्राम सुधार कमेटी छत्तर की बैठक आयोजित



**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के छत्तर गांव में ग्राम सुधार कमेटी के सदस्यों के द्वारा मासिक बैठक का आयोजन किया गया ग्राम सुधार कमेटी के प्रधान तेजराम ठाकुर ने कहा कि इस बैठक में साठ साल से ऊपर के सदस्य जोकि काली दास ठाकुर, घनश्याम ठाकुर, रमेश चंद ठाकुर को सम्मानित किया। इस दौरान चंद्र ठाकुर, ललित कुमार शर्मा आदि शामिल थे।

## फल-सब्जी विक्रेताओं की दुकानों से रेट लिस्ट गायब, कहीं सस्ता तो कहीं महंगा मिल रहा सामान

# सब्जी विक्रेता मनमाने रेट कर रहे वसूल

**पुष्पराज, मंडी**

छोटी काशी मंडी में जहां बहुत सारे फल, सब्जी विक्रेता है वहीं शहर में एक दो स्थानों को छोड़कर कहीं भी फल सब्जी विक्रेताओं द्वारा रेट लिस्ट नहीं लगाई गई जा रही है। प्रशासन द्वारा फल और सब्जी विक्रेताओं के लिए रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य किया गया है, लेकिन प्रशासन के आदेशों का कोई भी विक्रेता पालन नहीं करके ग्राहकों से मनमाने रेट वसूल करते है।

बात चाहे भ्यूली की हो विक्टोरिया ब्रिज की हो, पुरानी मंडी की हो बस स्टेंड, पड्डल मैदान के साथ, आईटीआई चौक, महामृत्युंजय चौक, रोटरी चौक, स्कूल बाजार, स्कोढी पुल, जोनल अस्पताल रोड सहित कहीं भी फल सब्जी विक्रेताओं ने रेट लिस्ट नहीं लगा रखी है।



विक्रेताओं की दुकानों में रेट लिस्ट नहीं है।

पहले चौहाटा बाजार में डीपीआरओ दफ्तर के बाहर फल सब्जियों की रेट लिस्ट लगाई जाती थी, लेकिन अब वह भी लगना बंद हो गई है। ऐसे में बहुत से ग्राहकों को महंगा रेट देकर फल सब्जी विक्रेता खूब जेब गर्म कर रहें है। रेट लिस्ट न होने के कारण फल सब्जी विक्रेता ग्राहक देखकर रेट लगाते है। (अनंत ज्ञान)

> फल व सब्जी विक्रताओं संबंधी जानकारी मिली है, इस पर कार्यवाही की जाएगी जो भी विक्रेता रेट लिस्ट नहीं लगाता है उसको नियमानुसार दंडित भी किया जाएगा।
> -मीरा, निरीक्षक, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग।

### नियमों का पालन करवाना जरूरी : नीरज हांडा

**मंडी** शहर में रहने वाले नागरिक सभा के स्पोक्स पर्सन नीरज हांडा ने बताया कि रेट लिस्ट को लेकर संबंधित विभाग को शहर में निरीक्षण करना चाहिए और जो भी फल सब्जी विक्रेता नियमों का पालन नहीं करता उसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए जिससे लोगों को राहत मिल सके।

निजी संस्थान में पढ़ने वाले मित्तल कुमार ने बताया कि शहर के हर कोने में सब्जियों के अलग रेट होते है। एक जगह सस्ती तो दूसरी जगह महंगी सब्जी व फल बेचे जा रहें है । हर फल सब्जी विक्रेता मनमाने तरीके से ग्राहकों से पैसे वसूल करता है।

# स्तन कैंसर से बचाव के लिए मैमोग्राफी करवाएगा रोटरी क्लब



विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

स्तन कैंसर की गंभीर बिमारी से महिलाओं को बचाने के लिए अब मैमोग्राफी भी रोटरी के तत्वाधान से होगी। इसकी तमाम तैयारियों को पूर्ण कर मई, जून माह में प्रस्तावित शिविर में नि:शुल्क लाभ महिलाओं को मिलेगा। रोटेरियन अजय ठाकुर ने बताया कि स्तन कैंसर का पता लगाने के लिए मैमोग्राम ने बेहतर कोई भी परीक्षण नहीं है। इससे स्तन की एक्सरे तस्वीरें उजागर होने के बाद शुरूआती लक्षणों को देखने में मदद मिलती है। रोटरी के अध्यक्ष एनआर बरवाल ने बताया कि स्वास्थ्य शिविरों में मेजर शल्य चिकित्सा के बाद मैमोग्राफी के माध्यम से अब स्तन कैंसर से बचाने का भी दायित्व रोटरी ने उठाया है।

रामलाल वालिया ने बताया कि ऑक्टी फाउंडेशन नई दिल्ली के विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी दो दिवसीय मेजर शल्य चिकित्सा शिविर में पत्थरी, हर्नियां और गोल्ड ब्लैडर के मरीजों को नि:शुल्क स्वास्थ्य लाभ मिला। वहीं उपचाराधीन ऑपरेशन के मरीजों को दवाइयां भी बांटी गई।

### अभिषेक के समर्थन से मजबूत हुए विक्रमादित्य : चमन

**मंडी ।** अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व प्रदेश प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि पूर्व मंत्री व वरिष्ठ नेता रूप सिंह ठाकुर के पुत्र अभिषेक ठाकुर द्वारा विक्रमादित्य सिंह को समर्थन देने के निर्णय से परिषद के तमाम पदाधिकारियों ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया है।

राज्य प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि अभिषेक के इस समर्थन से दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों व कमजोर तबके एवं महिलाओं के उत्थान के लिए कारगर साबित होगा, जिसका लाभ विक्रमादित्य को मिलेगा।

### विक्रमादित्य आयुष्मान योजना पर रखें पक्ष : सुरेंद्र

**मंडी।** स्वास्थ्य सेवाओं पर विक्रमादित्य पर भाजपा मंडी के मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना केंद्र सरकार और हिम केयर योजना पूर्व की जयराम सरकार की बड़ी योजनाएं थी जिनके द्वारा परिवार चिंताओं से मुक्त रहता था, परंतु कांग्रेस ने योजनाओं को बंद करने की कगार पर खड़ा कर दिया है।

उन्होंने कहा कि हिमकेयर योजना की लगभग 300 करोड़ की अदायगी न होने के कारण निजी स्वास्थ्य संस्थान इलाज करने से पीछे हट रहे हैं। उन्होंने विक्रमादित्य को नसीहत देते हुए कहा कि इधर-उधर की बातें छोड़ योजनाओं पर अपना पक्ष रखे।

### दीपक शर्मा नाचन भाजपा मंडल में मुख्य प्रवक्ता नियुक्त



**गोहर ।** भारतीय जनता पार्टी नाचन मंडल द्वारा दीपक शर्मा को मुख्य प्रवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति नाचन मंडल के अध्यक्ष सोहन लाल ठाकुर द्वारा तुरंत प्रभाव से लागू कर दी गई है। दीपक शर्मा ने अपनी इस नियुक्ति के लिए भाजपा शीर्ष नेतृत्व का नाचन भाजपा मंडलाध्यक्ष सोहन लाल ठाकुर मंडल महामंत्री मुकेश चंदेल और नाचन के विधायक विनोद कुमार का धन्यवाद किया।

## पशुपालन विभाग ने मनाया विश्व पशु चिकित्सा दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला मंडी पशुपालन विभाग द्वारा विश्व पशु चिकित्सा दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों ने एवं पशु कल्याण बोर्ड के सदस्यों ने भाग लिया, इसमें विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अतुल पुरी, डॉ. मृदु, डॉ. दीप कुमार ठाकुर व डॉ. सृष्टि कटवाल द्वारा पशुपालन की आधुनिक तकनीक एवं प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।



विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य।

इस वर्ष विश्व पशु चिकित्सा दिवस का थीम 'वेटरिनेरियन आर एसेंशियल हेल्थ वर्कर्स' था। मनुष्य में होने वाले नए अधिकतर उभरते संक्रामक पशु जन्य है जिनके नियंत्रण हेतु भविष्य में पशु चिकित्सकों का योगदान अति आवश्यक है। हमारे देश भारत में रेबिज, क्यासानूर फॉरेस्ट डिजीज, वेस्ट नाइल फीवर, लिम डिजीज, स्क्रब टाइफस, कोरोना वायरस पशु जन्य रोगों के कुछ उदाहरण है। पशुपालकों के लाभार्थ हेतु विभिन्न उपलब्ध विकल्पों पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा पशुओं और मानव जाति के कल्याण हेतु प्रकाश डाला गया। इस मौके पर डॉ. सीमा कपूर, डॉ. घनश्याम भूपल, डॉ. दिलीप मेहता, डॉ. नवनीत चंदेल आदि मौजूद रहे।

### बस अड्डे की निकास द्वार पर संकेत बोर्ड हास्यास्पद

**मंडी।** अंतरराज्यीय बस अड्डे के निकास द्वार पर निजी वाहनों की पार्किंग निषेध के लिए लगाया गया, संकेत बोर्ड अपने आप में ही हास्यास्पद बन गया है। भले ही बोर्ड निजी वाहनों के लिए निषेध आज्ञा देता हो लेकिन दोपहिया वाहन इस बोर्ड के साथ ही खड़े किए गए होते हैं। यही नहीं बस अड्डा प्रवेश शुल्क इकट्ठा करने के लिए बनाए कैबिन के साथ ही लंबे समय से एक लोहे का मेजनुमा ढांचा रखा गया है।

हैरानी जनक पहलू यह है कि यह बोर्ड एक लोहे के फ्रेम को स्टैंड बनाकर लटकाया हुआ है जिसके नीचे पत्थर व नाली को ढकने बनाए गए कंक्रीट के ढक्कन राहगीरों के लिए ठोकर व अवरोधक बनकर पूरे अड्डा प्रबंधन को चिढ़ा रहा है। हिमाचल पथ परिवहन के क्षेत्रीय प्रबंधक नरेंद्र शर्मा ने कहा कि उनके ध्यान में यह मामला अनंत ज्ञान ने लाया है। इस पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों की करवाई 'रन फॉर वोट' मैराथन



रन फॉर वोट मैराथन के बाद एसडीएम और अन्य सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, गोहर**

डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर ने मतदान जागरूकता के लिए आज एक मैराथन 'रन फॉर वोट' का आयोजन किया। एसडीएम गोहर लक्ष्मण कनेट ने इस मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, उनके साथ स्थानीय पंचायत के उपप्रधान तरुण कुमार और प्रधानाचार्य डीएवी चंदेश्वर कुमार उपस्थित रहे।

मैराथन में डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोहर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चैलचौक सरस्वती विद्या मंदिर गणेश चौक के छात्रों ने भाग लिया। मुख्यातिथि ने विजेता छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया।

### विक्रमादित्य सिंह जोगिंद्रनगर का आज करेंगे दौरा : परमार

**जोगिंद्रनगर।** जिला मंडी कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गुरु शरण परमार ने कहा कि विक्रमादित्य सिंह जिनको भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने आने वाले आम चुनावों के लिए मंडी संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है वह एक-दिवसीय प्रवास पर आज जोगिंद्रनगर आ रहे हैं।

विक्रमादित्य ने एक कार्यकर्ता बैठक रखी है जिसमें वह सबसे राय लेंगे और अपना मंडी संसदीय क्षेत्र के लिए विजन भी सबके बीच में रखेंगे। साथ ही जो 9 मई को उन्होंने नामांकन दाखिल करना है उसमें आने का भी सबसे आग्रह करेंगे।



प्रैस वार्ता के दौरान की तस्वीरें।

## इतिहास एवं संस्कृति के प्रति बनें जिज्ञासु : बहल



कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता और विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी द्वारा शोध संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विनोद बहल उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को मंडी के इतिहास एवं संस्कृति के बारे में जानकारी दी। प्रति कुलपति आचार्य अनुपमा सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को प्राथमिक स्रोतों के आधार पर जानकारियां एकत्रित कर शोध करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता इतिहास विभाग के प्रभारी डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने की। सचिव विकेश कुमार ने मुख्य वक्ता को पुस्तकें भेंटकर सम्मानित किया।

## विद्यार्थियों को बताया मतदान का महत्व

**अनंत ज्ञान, गोहर/ पंडोह**

'मा भी पाणा वोट' थीम के तहत नाचन विधानसभा की स्वीप टीम ने आज एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला फंग्वास और घीड़ी में जाकर मतदान तथा इसके महत्व की बात समझाई।

एसडीएम गोहर ने बच्चों, अध्यापकों और कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। वहीं घीड़ी स्कूल में बीडीओ करसोग वैशाली शर्मा विशेष अतिथि के रूप से उपस्थित रहीं।



सामूहिक चित्र में गणमान्य व (नीचे) कार्यक्रम के दौरान नवाजे खिलाड़ी

**वहीं** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। जिला नोडल अधिकारी विजय गुप्ता ने बताया कि चुनाव में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय स्तर पर वॉलीबाल एवं क्रिकेट मैच का आयोजन भी किया गया है जिससे समाज को मतदान के प्रति जागरूक किया।

**मुसीबत** शिवा बदार की एक दर्जन पंचायतों के 8000 लोगों की बढ़ने वाली हैं परेशानियां

# बंद हुआ पंडोह डैम का वैकल्पिक सड़क मार्ग

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

बदार घाटी की 12 पंचायतों को जोड़ने वाले एकमात्र सड़क मार्ग पंडोह डैम से कुल्लू के लिए बनाया गया वैकल्पिक सड़क मार्ग बीबीएमबी द्वारा मलबा पत्थर डाल कर बंद कर दिया है।

इस मार्ग के बंद होने के बाद अब इलाका शिवा बदार की एक दर्जन पंचायतों के 8000 लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। ग्रामीणों को अब 7-8 किमी का अतिरिक्त सफर कैंची मोड़ से होकर तय करना पड़ रहा है।

हालांकि वैकल्पिक मार्ग से भी उन्हें पहले ही चार से पांच किलो का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता था, क्योंकि ब्यास नदी पर पंडोह के पास बना 100 साल पुराना पुल बीती बरसात में बह गया था, जिस कारण इन ग्रामीणों को इसी वैकल्पिक मार्ग से सफर करना पड़ रहा था। इस वैकल्पिक मार्ग को भी यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग उठाई है कि उनकी सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्ग को तब तक बहाल रखा जाए जब तक पंडोह के लाल पुल का निर्माण नहीं हो जाता है।

बदार इलाका के हटोन पंचायत की प्रधान रोशनी देवी, गोपाल ठाकुर, देवी सिंह, पूर्व प्रधान दलीप ठाकुर व अन्य ग्रामीणों ने चेतावनी दी है की अगर बीबीएमबी प्रबंधन इस वैकल्पिक सड़क मार्ग को सुचारु नहीं करता है तो फिर ग्रामीणों को मजबूरन प्रबंधन के खिलाफ सड़कों पर उतरना पड़ेगा।



यहां किया गया बंद वैकल्पिक मार्ग।

### सुरक्षा के आधार पर बंद किया मार्ग : अजय

**बीबीएमबी** के अधीक्षण अभियंता अजय कुमार ने कहा कि हाईवे क्षतिग्रस्त होने के चलते ही वैकल्पिक मार्ग को बनाया गया था ।

यदि ग्रामीणों की कोई परेशानी है तो उनके पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात करके इसका कोई न कोई समाधान जल्द ही निकालने का प्रयास किया जाएगा, लेकिन वैकल्पिक मार्ग डैम की सुरक्षा मानकों के आधार पर बंद किया गया है।

### खड्ड में 53 वर्षीय व्यक्ति की डूबने से मौत

**सुंदरनगर ।** उपमंडल सुंदरनगर के काफनो खड्ड निहरी में नहाते हुए एक 53 वर्षीय व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई है। मामले में मृतक रामपुर में अजय कौशल ठेकेदार के पास कार्य करता था। मृतक की शिनाख्त खेमराज उर्फ मुन्ना गांव धनौरी नेपाल के तौर पर हुई है।

पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी ने धारा 174 में कार्रवाई अमल में लाई गई है। मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारतभूषण ने कहा कि पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर पहलू को लेकर जांच अमल में ला रही है।

## बाल विवाह-एक कानूनी अपराध और सामाजिक कलंक : गिरीश समरा



बाल विवाह पर कार्यशाला में उपस्थित लोग ।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा की अध्यक्षता में बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसडीएम गिरीश समरा ने बताया कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध एवं सामाजिक कंलक है।

बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत लड़की की विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा लड़के की 21 वर्ष है। यदि कोई इसका उल्लंघन करता है तो लड़का, लड़की के माता-पिता एवं विवाह में शामिल होने वाले सभी लोगों पर इस अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही जिसमें कम से कम दो वर्ष का कारावास एवं एक लाख रूपए तक का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते है।बाल विवाह निषेध अधिकारी शिव सिंह वर्मा ने इसकी रोकथाम हेतु प्रत्येक नागरिक का सहयोग आवश्यक है।

# सिहुंता में ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ युवक

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

भटियात विस क्षेत्र के सिहुंता पंचायत क्षेत्र में करोड़पति बने का सपना देखने वाला एक युवक ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। इसकी हालांकि युवाक ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवा दी है, लेकिन शॉटकट तरीके से अमीर बनने का झटका उसे सदैव याद रहेगा।

पीड़ित युवक ने बताया कि आप गेम में करोड़ रुपए जीत गए हैं और बैंक खाता और ओटीपी लेकर 23000 की ठगी की गई। जब मामला सिहुंता चौकी में पहुंचा तो उन्होंने बताया कि लोग इस गेम में और भी कई लोग अपने पैसे गवा चुके हैं। मामले की पुष्टि एसपी चंबा अभिषेक यादव ने की उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर आगे छानबीन की जा रही है। वहीं, ऐसा ही मामला चुवाड़ी के रामपुर पंचायत के गांव खरे का दरबार में भी हाल ही में पेश आया था। उसने भी यह ड्रीम11 में टीम लगाकर करोड़पति बनने का सपना देखा था। उन्होंने बताया कि रात को जब साइबर ठग ने उसे फोन करके बताया कि आप दस लाख रुपए जीत गए हैं।

आप अपना बैंक खाता और ओटीपी दें। जैसे ही उसने अपना खाते का नंबर और ओटीपी दिया तो उसके खाते से 44000 रुपए साफ हो गए थे। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की छानबीन

**फिलहाल** पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन आरंभ कर दी है। इसके पूर्ण होने पर कुछ कहा जा सकता है। लेकिन लोगों का भी इस दिशा में जागरूक होना आवश्यक है।

# इंडनाला में पकड़ी 37 पेटी देसी शराब

## तीसा-चंबा मुख्य मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस को मिली कामयाबी, छानबीन शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा**

लोकसभा चुनावों के मध्य नजर पुलिस दल चंबा द्वारा तीसा चंबा मुख्य मार्ग पर स्थित इंडनाला में नाकाबंदी को अंजाम दिया गया था। जहां शक के आधार पर आने जाने वाली गाड़ियों का निरीक्षण किया जा रहा था इसी दौरान महिंद्रा पिकअप (एचपी 73ए-6655) को निरीक्षण के लिए रोका गया तो उसमें सवार तीन युवक पुलिस दल को देखकर घबरा गए और गाड़ी की तलाशी के लिए आनाकानी करने लगे।

वहीं, वहां पर मुस्तैद पुलिस दल जब उन तीनों के साथ सख्ती से पेश आया और तलाशी को अंजाम दिया गया तो गाड़ी से कुल 37 पेट्टियां देसी शराब ऊना नंबर-1 कि बरामद करने में सफलता हासिल की।



इंडनाला में पुलिस ने गाड़ी से पकड़ी शराब की पेट्टियां।

पुलिस दल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को काबू कर तीनों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत महिला पुलिस थाना चंबा में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। तो वहीं इस सारे मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव द्वारा की गई है।

## टैक्सी स्टैंड सलूणी के बिजली के खंभे में अचानक भड़की आग, लोगों में मचा हड़कंप



**चंबा।** मूसलाधार बारिश के बीच सलूणी स्थित टैक्सी स्टैंड के पास स्थित बिजली के खंभे में अचानक आग भड़क गई। बिजली के खंभे से उठती आग की लपटें देख लोगों ने यहां सड़क किनारे खड़े वाहनों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों में पार्क किया। वहीं, सूचना मिलने के बाद विद्युत बोर्ड के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर बिजली की लाइन को बंद किया। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया। स्थानीय लोगों में राजीव कुमार, नरेश कुमार, अमित कुमार, किशन चंद, दलीप कुमार और राकेश ने बताया कि सलूणी स्थित टैक्सी स्टैंड के साथ स्थित बिजली के खंभे में आग की लपटें उठनी आरंभ हो गई। आग की लपटों के चलते यदि समय रहते लोग विद्युत बोर्ड प्रबंधन को सूचित नहीं करते तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## 13.59 ग्राम चिट्टे के साथ एक युवक गिरफ्तार

**चंबा।** जिला चंबा पुलिस द्वारा चंबा पठानकोट राष्ट्रीय उच्च मार्ग बालू पुल के पास गस्त व नाकाबंदी के दौरान जगजीत सिंह गांव रड्डा डाकघर सलीमपुर तहसील दसुआ जिला होशियारपुर पंजाब के रूप में हुई है। जगजीत सिंह उम्र 26 साल के कब्जे से 13.59 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। इस पर उपरोक्त व्यक्ति के खिलाफ पुलिस थाना सदर चंबा में मादक द्रव्य अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा में आगामी अन्वेषण जारी है। बहरहाल, जिला चंबा पुलिस द्वारा चंबा पठानकोटराष्ट्रीय उच्च मार्ग बालू पुल के पास गस्त व नाकाबंदी के दौरान जगजीत सिंह गांव रड्डा डाकघर सलीमपुर तहसील दसुआ जिला होशियारपुर पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस छानबीन में जुटी है।

## न्यूज ब्रीफ

### लोगों से मतदाता जागरण करेगी सेवा भारती

**चंबा।** जिला चंबा में सेवा भारती चंबा की बैठक प्रांत अध्यक्ष सेवा भारती डॉ. सुरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने लोकमत परिष्कार अभियान की जानकारी दी और सेवा भारती इस अभियान से चंबा में लोगों से मतदाता जागरण करेगी और शत प्रतिशत मतदान हो। सभी राष्ट्रहित में मतदान करे इसके लिए भी चर्चा की गई। इस बैठक में संदीप कुमार अध्यक्ष सेवा भारती चंबा, चंबा विभाग प्रमुख शैलेंद्र, मनोज जसरोटिया, विरेंद्र प्लाह, शम्मी कपूर, मंजीत कुमार, बोधराज, योग राज, कुलदीप शमी पवन मल्होत्रा ने भाग लिया।

### 29 अप्रैल को ऑरेंज अलर्ट जारी

**चंबा।** भारत मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जिला चंबा में अलग-अलग स्थानों पर 27 व 29 अप्रैल को भारी बारिश व तूफान का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चंबा मुकेश रेपसपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इसलिए समस्त जिला वासियों से उक्त चेतावनी के मद्देनज़र अपील की जाती है कि लोग बारिश, हिमस्खलन एवं भू-स्खलन संभावित क्षेत्रों तथा ऊपरी पहाड़ी भागों में जाने से परहेज रखें। खराब मौसम में ट्रैकिंग करना तथा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जाना खतरनाक हो सकता है। बिजली चमकने की सूरत में कम से कम 30 मिनट तक अपने घरों या सुरक्षित इमारतों के अंदर ही रहें। नदी नालों में न जायें क्योंकि अचानक जलस्तर बढ़ने का खतरा रहता है।

### शनिदेव मंदिर मुगला में हुई प्रवचनों की बौछार

**चंबा।** हारदासपुरा वार्ड अधीन शनिदेव मंदिर मुगला में शनिवार को सैकड़ों भक्तों ने शनिदेव समक्ष शीश नवाया कर शनि महिमा प्रवचनों का गुणगान किया। इस अवसर पर मंदिर पुजारी अमित शर्मा ने भक्तों को शनि महिमा प्रवचनों से रू-ब-रू करवाया गया। मंदिर शनिदेव दर्शन को आये भक्तों को शनिदेव प्रवचनों से अवगत करवाते हुए पुजारी अमित शर्मा ने कहा कि,जो व्यक्ति शनिदेव के प्रति आस्था व्यक्त करने सहित उनके दिये मार्गदर्शनों का अनुसरण करता है। वह सदा ही सुख प्राप्त करता है। उन्होंने समस्त भक्तों से आह्वान किया कि शनिदेव द्वारा दी गई शिक्षाओं का अनुसरण कर अपने जीवन का उद्धार करे। इस मौके में मुख्यालय सहित हरदासपुरा, मुगला, करियां, भडियां, सुल्तानपुर, ओबड़ी, सरोल व परेल आदि क्षेत्रों से शनि भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### 16 वर्ष के बाद भी नहीं बन पाया धरवाला तहसील भवन

**भरमौर।** 16 वर्ष भी जाने के बाद भी उपतहसीलदार घरवाला को सरकारी भवन नहीं मिल पाया है। यहां पर पिछले 16 सालों से उप तहसील कार्यालय निजी भवन में चल रहा है । सरकार द्वारा 55 लाख का बजट मिलने के बाद भी अभी तक बात भूमि चयन से आगे नहीं बढ़ पाई है। लिहाजा पिछले कई सालों से उप तहसील कार्यालय निजी भवन में चलाया जा रहा है हालांकि सरकार की ओर से नए भवन निर्माण के लिए 55 लाख का बजट भी दे दिया गया है। लेकिन अभी तक भी भूमि का चयन नहीं हो पाया है। हालांकि ने भवन के निर्माण के लिए बजट हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मंडल भरमौर के पास जमा है। लेकिन अभी तक भूमि का चयन न हो पाने के कारण यह कार्यालय निजी भवन में ही चल रहा है। हालांकि दो-तीन जगह भूमि का चयन भी किया गया था लेकिन तकनीकी कारणों के चलते इन जगहों का चयन भी निरस्त कर दिया गया है। उधर, इस बारे में लाइव तहसीलदार धरवाला अरविंद कुमार ने कहा है उप तहसील कार्यालय के लिए भूमि का चयन किया जा रहा है और इसके लिए एफआरए केस बनाकर भेजा जा रहा है। उम्मीद करते हैं जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी और नए कार्यालय का काम शुरू हो जाएगा।

# चंबा में गर्मियों में भी होने लगा सर्दी का अहसास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

भले ही ग्रीष्म ऋतु का आगाज माह चल रहा हो, लेकिन शीतऋतु का अहसास चंबा में कुछ-कुछ दिनों के अंतराल बाद हो रही मूसलाधार बारिश ने करवा दिया है।

शुक्रवार देर रात से हो रही बारिश ने चंबा मुख्यालय के पारे में भारी गिरावट आ गई है। हालांकि चंबा शहर का अधिकतम पारा 34 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया था। लेकिन शुक्रवार रात से बरसे काले बादलों ने फिर से चंबा को ठंड की चपेट में लाकर खड़ा कर दिया है। इसके कारण कई बुजुर्गो से लेकर नौजवानों तक ने सुबह व शाम की सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़ों तक पहनावा फिर से आरंभ कर दिया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ से मौसम की समय सारणी में भारी परिवर्तन दर्ज किया है। जिससे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि मैदानी क्षेत्रों में खूब बारिश हो रही है। अप्रैल 28 से लेकर 30 अप्रैल तक प्रदेशभर में मौसम खराब रहेगा। इसमें ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी सहित नीचले क्षेत्रों में ओलावृष्टि व तेज बारिश होना बताई जा रही है। यदि चंबा में हुई बारिश पर ही नजर दौड़ाई जाए तो मौसम विभाग ने चंबा शहर में 14 मिलीलीटर बारिश रिकॉर्ड की है।

### बारिश से गेहूं की फसल को हो सकता है नुकसान

**शनिवार** को चंबा शहर का अधिकतम तापमान मौसम विभाग ने 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। वहीं, मौसम विभाग की मानें तो अभी आगामी तीन दिनों तक पश्चिमी विक्षोभ अपना तेवर दिखाएगा और जमकर बारिश हो सकती है। जहां अप्रैल माह में हो रही बारिश गेहूं व फलदार फसल के लिए नुकसान दायक बताई जा रही है।

# ओलावृष्टि से बर्बाद हो रही सेब की खेती

## भरमौर-होली क्षेत्र में मौसम की बेरुखी बागवानों पर पड़ रही भारी

**ओपी शर्मा, भरमौर**

सेब उत्पादन में साख कायम करने वाले जिला के भरमौर-होली क्षेत्र में इस बार मौसम की बेरूखी के चलते बागवानों को अच्छी खसी क्षति का सामना करना पड़ सकता है। गत दिनों से बिगड़े मौसम के चलते हुई भारी मात्रा में ओलावृष्टि से सेब की उच्च कोटी की पैदावार धराशायी होती नजर आ रही हैं।

गौर हो कि भरमौर-होली क्षेत्र में हुई भारी मात्रा में ओलावृष्टि से सेब की तबाह हो गई है। इससे क्षेत्र के बागवानों को गहरा आर्थिक आघात पहुंचा है। इससे बागवानी पर गहरा संकट आ खड़ा हुआ है। भरमौर व होली क्षेत्र में अभी सेब के पौधों पर फूल आ चुके हैं। फूलों से लदे सेब के पौधों पर ओलावृष्टि ने ऐसा पभाव डाला है कि फूल झड़ गए हैं तथा सेब उत्पादन पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। भरमौर के मलकौता, सचूंई, बाड़ी, खणी, ग्रीमा इत्यादि स्थानों पर ओलावृष्टि से काफी फसल तबाह हुई है। वहीं होली क्षेत्र के न्याग्राम, बजोल, बनून, सुटकर, तपारी, गरोला तथा उलांसा की बात करें तो यहां भी ओलावृष्टि होने से सेब की फसल के नुकसान की खबर मिली है। बागबानों में निक्का राम, कुलदीप, झंडू राम, अर्जुन राम इत्यादि की मानें तो इस ओलावृष्टि से पौधों से फूल झड़ गए हैं। इससे फसल को नुकसान हुआ है। इन बागबानों ने मांग भी उठाई है कि प्रकृति से हुए नुकसान का आकलन स्थानीय प्रशासन करे तथा उन्हें उचित मुआवजा दे, क्योंकि भरमौर क्षेत्र के सत्तर फीसदी बागबानों की आर्थिकी सेब की फसल पर निर्भर रहती है। (अनंत ज्ञान)


भरमौर में हुई ताजा ओलावृष्टि का दृश्य।

### बचाव के लिए करें नेट का प्रयोग

**बागवानी** विभाग चंबा के उपनिदेशक डॉ. प्रमोद शाह ने बताया कि भारी ओलावृष्टि से सेब की फसल प्रचुर मात्रा में नुकसान हुआ है। इसके बचाव के लिए कई तकनीकी उपायों में नेट इत्यादि उपलब्ध है। ताकि मौसम की मार से अपनी बागवानी को संरक्षण प्रदान कर सकें।

# भरमौर में मतदान अधिकारियों के लिए चुनावी रिहर्सल प्रक्रिया हुई संपन्न

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा की अध्यक्षता में आज मतदान अधिकारियों के लिए चुनावी रिहर्सल का सत्र राजकीय महाविद्यालय भरमौर के सभागार में संपन्न हुआ।

उन्होंने चुनावी रिहर्सल में ट्रेनर की मुख्य भूमिका निभाते हुए मतदान प्रक्रिया तथा इस दौरान इस्तेमाल होने वाली सामग्री के अलावा ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा चुनावी डयूटी के लिए तैनात किए गए अधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से भी चुनाव संबंधी संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई गई। कुलबीर सिंह राणा ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए अधिकारी व कर्मचारी कर्तव्य निष्ठा के साथ चुनाव प्रक्रिया का निर्वहन करना सुनिश्चित करें तथा आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि ईवीएम, वीवीपैट के सुगम संचालन के साथ चुनाव आयोग द्वारा मतदान प्रक्रिया को लेकर निर्धारित दिशा-निर्देश का पालन करना भी सुनिश्चित बनाया जाए।


भरमौर में चुनावी रिहर्सल में भाग लेते हुए कर्मचारी।

# डीएस ठाकुर ने राजीव भारद्वाज के पक्ष में मांगे वोट

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

चंबा-कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज के पक्ष में विधानसभा डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थकों ने बनीखेत के इसके आसपास के गांवों में घर घर जाकर वोट मांगे।

साथ ही भाजपा विधायक डीएस ठाकुर द्वारा केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का व्याख्यान भी किया। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व एवं केंद्र सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस नेता एवं पूर्व इंटक प्रधान ने अपने समस्त परिवार सहित कांग्रेस पार्टी का साथ छोड़कर भाजपा का दामन थामा। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकसभा चुनावों को लेकर अपना प्रचार प्रसार तेज कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी के कांगड़ा चंबा क्षेत्र के प्रत्याशी अब तक कुल दो बार चंबा का दौरा कर अलग-अलग जगहों पर अपने कार्यकर्ताओं समर्थकों एवं स्थानीय लोगों के बीच जाकर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाने और भारी बहुमतों से विजय बनाने हेतु अपना बिगुल फूंक चुके हैं। तो वहीं इसके विपरीत कांग्रेस पार्टी ने अभी तक अपना प्रत्याशी भी नहीं उतरा है। (अनंत ज्ञान)



विधानसभा डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर ने भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज के लिए मांगे वोट।

### सूडोकु 0046 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0045 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## तीसा कॉलेज में किया मतदान प्रक्रिया संबंधी पूर्वाभ्यास

**चंबा।** चुराह विधानसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत मतदान प्रक्रिया संबंधी चुनाव पूर्वाभ्यास राजकीय महाविद्यालय तीसा में हुआ। इस दौरान पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों व पोलिंग अधिकारियों को अलग अलग रिहर्सल करवाई गई। रिहर्सल कार्यक्रम में सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम चुराह शशिपाल शर्मा ने चुनाव अधिकारियों को अपने दायित्व को पूरी गंभीरता से निभाने और चुनाव आयोग की दिशा-निर्देश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनावी पूर्वाभ्यास आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य मतदान अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के दौरान अपनाए जाने वाले सभी पहलुओं से अवगत करवाना है। इस दौरान एसडीएम चुराह की निगरानी में स्थापित किए गए डेमो पोलिंग स्टेशन के माध्यम से मतदान अधिकारियों ने पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान भी किया। चुनावी पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में पुरुष, महिला व युवा चुनाव अधिकारियों सहित लगभग सात सौ चुनाव अधिकारी ने हिस्सा लिया। रिहर्सल कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर लेख राज महाजन, रोहित भारद्वाज, बजीरु शर्मा ने प्रोजेक्टर के माध्यम से मॉक पॉल एवं और बीवी पेट संचालन और मतदान प्रक्रिया के दौरान अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया।

## विश्व टीकाकरण जागरूकता शिविर का आयोजन

**चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला चंबा द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर चनेड़ में विश्व टीकाकरण सप्ताह के अंतर्गत एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यकता डॉ. प्रियंका एमओ इंचार्ज पीएचसी द्रड्डा ने की। इस शिविर में क्षेत्र की 40 आशा वर्कर तथा सीएचओ ने भाग लिया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग चंबा की ओर से जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी सीआर ठाकुर तथा स्वास्थ्य शिक्षिका निर्मला ठाकुर ने उपस्थित प्रतिभागियों को बताया कि राष्ट्रीय टीकाकरण सारणी के अनुसार ग्यारह जानलेवा विमारियों (टीबी, पोलियो, काली खांसी, गलघोटू, टेटनस,हेपेटाइटस, डायरिया, निमोनिया, दिमागी , खसरा रुबेला) से वचाव हेतु सत प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण होना जरुरी है। इसके लिए कम्युनिटी लेवल पर आशा व सीएचओ को अपनी जिम्मेदारी निभानी होंगी, ताकि कोई भी बच्चा इन टीको से बंचित न रहे। इसके लिए उन्हें इन टीको की उपयोगिता के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए उन्हें समय -समय पर टीका लगवाने में सहयोग करना होगा।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

28 अप्रैल, 2024, रविवार

विक्रमी संवत : 2080, शक संवत :1945 (शोभकृत), मास : चैत्र, तिथि चतुर्थीः (8:24) : नक्षत्र : मूल (4:49), पक्ष : कृष्ण, योगः शिव (02:04) शुभ मुहूर्त : अभीजित (11:52-12:45), राहुकाल (05:15 -06:54)।

### विशेष दिन

- 28 अप्रैल सती अनुसूया जयंती आज
- 29 अप्रैल 2024, विश्व नृत्य दिवस कल

**मेष :** आज नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं, लेकिन आपको थोड़ा संयम से रहने की बहुत आवश्यकता रहेगी।

**वृषभः** आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। लक्ष्य पाने के लिए करने पड़ेगी थोड़ी मेहनत।

**मिथुन :** आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है।

**कर्क :** दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें।

**सिंह :** आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है।

**कन्या :** आज के दिन आपको सुख-समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग मिलने के आसारा।

**तुलाः** आज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है।

**वृश्चिकः** आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं।

**धनु :** आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढ़ेगा। नई जगहों को जानेंगे।

**मकर :** आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी।

**कुंभ :** आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। दोस्तों के साथ घूमना आपको खुशी देगा।

**मीनः** आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला हैं।

**जांच** — जांच के बाद उपायुक्त ने प्रशासनिक अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# डीसी ने खड़ामुख-होली सड़क का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल ने खड़ामुख-होली मार्ग पर सुहागा नामक स्थान पर हुए भू-स्खलन के कारण क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग व भरमौर-ग्रीमा-ज्यूंरा लकड़ी पुल रास्ते का अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण किया तथा मार्ग खोलने संबंधी कार्य प्रगति बारे विभागीय अधिकारियों से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की ज्यौरा लकड़ी पुल की सुरक्षा को मद्देनजर बड़े तथा मालवाहक वाहनों की आवाजाही को वर्जित किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा इस पुल पर निरंतर निगरानी की जाए, ताकि अत्यधिक भारी वाहनों के कारण इस पुल को क्षति न हो। उन्होंने कहा कि खड़ा मुख-होली मार्ग खुलते ही ज्यौरा स्टील ब्रिज का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। इस दौरान उन्होंने स्थानीय प्रशासन के साथ आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता के बारे में भी गहन विचार विमर्श किया । उपायुक्त ने बताया कि होली क्षेत्र में मई माह तक का राशन डिपो के माध्यम से पहुंच चुका है और रसोई गैस की सप्लाई आपूर्ति सुचारु रूप से की जा रही है। अन्य वस्तुओं में सब्जी, दूध, ब्रेड, दही इत्यादि वैकल्पिक मार्ग से पहुंचाई जा रही है तथा क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं की कोई किल्लत नहीं है। वहीं, मुकेश रेपसवाल ने कहा कि अवरूद्ध मार्ग को खोलने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है तथा इस मार्ग को जल्द से जल्द खोलने के लिए समुचित प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र वासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासन उनकी समस्याओं से परिचित है और समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी चंबा राहुल चौहान, एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा, तहसीलदार तेजराम, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग मीत




## विशेषज्ञों ने शोध कार्य पर की चर्चा

**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) महाविद्यालय चम्बा के तत्वावधान में अंतर विभागीय अध्यापन अनुसंधान से संबंधित शोध व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इसमें बतौर मुख्यातिथि आइक्यूएसी अध्यक्ष एवं प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय चंबा डॉक्टर विद्यासागर शर्मा उपस्थित रहे। इस आयोजन में डॉक्टर शिवानी अवरोल, डॉक्टर वीरेंद्र सिंह एवं प्रोफेसर विजय ने अपने-अपने विषयों से संबंधित शोध कार्य पर विस्तार से चर्चा की। प्राचार्य डॉ. विद्यासागर शर्मा ने इस शोध व्याख्यान के सफल आयोजन पर कहा कि इस तरह के व्याख्यानों से हमें अंतर विषयों के महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक पहलुओं के बारे में पता चलता है।

## न्यूज ब्रीफ

### अफीम की खेती करने पर दो मामले दर्ज



**बालीचौकी।** प्रदेश में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स रेंज कुल्लू ने दो व्यक्तियों द्वारा अपने खेतों में अफीम की अवैध खेती करने पर मामला दर्ज किया है। पुलिस उपाधीक्षक एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स, रेंज कुल्लू हेम राज वर्मा ने बताया कि एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स की टीम द्वारा बालीचौकी क्षेत्र में पेट्रोलिंग के दौरान गोविंद राम गांव शिवाड़ी तहसील बालीचौकी जिला मंडी के खेत में 15,019 अवैध अफीम के पौधों व ठाकुर दास गांव ज्यूणी तहसील बालीचौकी जिला मंडी के खेत में 1,080 अवैध अफीम के पौधों की खेती पाई गई। इस संदर्भ में उपरोक्त दोनों व्यक्तियों गोविंद राम तथा ठाकुर दास के खिलाफ मुकदमें दर्ज किए गए जिनकी आगामी जांच जारी है।

### व्यापार मंडल ने पूर्व मंत्री को बताईं समस्याएं

**मनाली।** व्यापार मंडल मनाली के अध्यक्ष संजीव ठाकुर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर के साथ मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें मनाली शहर की कुछ समस्याओं से अवगत करवाया। संजीव ठाकुर ने गोविंद ठाकुर से मनाली में बढ़ रहे नशे का व्यवसाय करने वाले लोगों पर नकेल कसने और शहर को साफ व सुंदर रखने सहित अन्य समस्याओं पर मदद करने का आवाहन किया है। इस पर गोविंद ठाकुर ने कहा कि व्यापार मंडल ने मनाली के हित और कल्याण से संबंधित जो सुझाव उनके समक्ष रखे हैं वह सराहनीय है। निश्चित तौर से उनके सुझावों को प्रशासन और सरकार के समक्ष उठाएंगे। इस अवसर पर नगर परिषद मनाली के उपाध्यक्ष मनोज लार्जे, होटल एसोसिएशन मनाली के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, व्यापार मंडल मनाली के अध्यक्ष संजीव ठाकुर और उनके समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### स्पीति पहुंचने पर भाजपा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत

**काजा।** स्पीति पहुंचने पर भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर का जोरदार स्वागत किया गया। स्पीति के समदो में भाजपा संगठन ने एकजुटता से उनका स्वागत किया। लाहौल की तुलना में स्पीति में उन्हें संगठन का साथ अधिक मिलता दिख रहा है। लाहौल में संगठन के अधिकतर पदाधिकारियों ने मार्कंडेय के साथ खड़ा होकर रवि ठाकुर से दूरी बनाई, लेकिन स्पीति में इसके विपरीत हुआ है। संगठन रवि ठाकुर के साथ खड़ा हुआ है। समदो के बाद ग्यु में जनसंपर्क कर आगामी चुनाव व उपचुनाव पर चर्चा की। ग्यु में भारी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए। इस दौरान लाहौल-स्पीति भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र बोध, स्पीति मंडल अध्यक्ष राकेश, मंडल महामंत्री डिंपू सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार रखे।

### आज केलांग में आएंगे मुख्यमंत्री सुक्खू

**केलांग।** प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एकदिवसीय दौरे पर रविवार को केलांग आ रहे हैं। केलांग में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के लिए आगामी रणनीति ओर उम्मीदवार का चयन को लेकर बैठक करंगे। बैठक के बाद प्रत्याशी के नाम पर भी मोहर लगने की उम्मीद है। रवि ठाकुर के भाजपा में चले जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता असमंजस में है, लेकिन आज उनको नेता मिलने की उम्मीद है। जिला अध्यक्ष ज्ञाल्सन ठाकुर ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को रविवार को केलांग में एकत्रित होने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री प्रातः 10:55 पर हेलिकॉप्टर से स्टिंगरी हेलिपेड पहुंचेंगे और 11:15 बजे जिला मुख्यालय केलांग के टूरिज्म होटल चन्द्रभागा में पहुंचेंगे।

### अग्निवीर भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**कुल्लू।** भारतीय थल सेना के हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और चंडीगढ़ के अतरिक्त भर्ती महानिदेशक मेजर जनरल केपी सिंह, विशिस्ट सेवा मैडल ने सेना भर्ती कार्यालय मंडी के अंतर्गत आने वाले जिलों में आयोजित की जा रही अग्निवीर भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कुल्लू जिले के परीक्षा केंद्र राज इंफ्राटेक, भारत इंस्टिट्यूट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, आईटीईएस फैशन वर्ल्ड तथा मंडी जिले के विजय ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट और विजय मेमोरियल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन नाम के परीक्षा केंद्रों पर होने वाली ऑनलाइन परीक्षा का निरीक्षण किया। सेना भर्ती कार्यालय मंडी के निदेशक कर्नल डीएस सामंत ने बताया कि अग्निपथ योजना के अंतर्गत थल सेना में कुल्लू, मंडी और लाहौल-स्पीती जिलों के युवाओं की अग्निवीर भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा 22 अप्रैल से 7 मई तक इन जिलों के उपरोक्त केंद्रों पर ली जा रही है।

### सरकार की नीतियों को बूथ स्तर तक ले जाएं :भुवनेश्वर

**पतलीकूहल।** मनाली विधानसभा कांग्रेस कमेटी की बैठक अंबेडकर भवन पतलीकूहल में आयोजित की गई। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी सुरेश नागटा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मनाली कांग्रेस अध्यक्ष हरी चंद शर्मा ने की। बैठक में मनाली विधानसभा के विधायक भुवनेश्वर गॉड भी उपस्थित रहे। हरी चंद ने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी के लिए दिन-रात काम करने के लिए तैयार रहने को कहा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने इस बैठक में पंचायत स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति भी की। यह प्रभारी पूरे चुनावों में इन पचायतों की जिम्मेदारी निभाएंगे। विधायक भुवनेश्वर ने कहा की पार्टी का हर एक कार्यकर्ता सरकार की नीतियों को बूथ स्तर तक लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल से लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा तय कार्यक्रम में वह भी पलचान पंचायत से चुनाव प्रचार का शुभ आरंभ करने जा रहे हैं। प्रभारी सुरेश नागटा ने सभी कांग्रेस पदाधिकारियों को इस चुनाव के लिए कमर कसने को कहा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सेस राम, देवेंद्र नेगी, राजीव किम्टा, विद्या नेगी सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी सहित सभी फंटल संगठनो के पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

# बर्फबारी से गर्मी में सर्दी का एहसास

## कुल्लू व लाहौल की ऊंची चोटियों में बर्फबारी, सिस्सू में भूस्खलन होने से सड़क बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो कुल्लू/केलांग**

कुल्लू व लाहौल स्पीति जिला में एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है। लाहौल-स्पीति जिला के ऊंचे व निचले क्षेत्रों में जहां बर्फबारी का दौर जारी है वहीं, कुल्लू जिला की ऊंची चोटियों में बर्फबारी व निचले क्षेत्रों में बारिश हो रही है, जिससे तापमान में लगातार गिरावट आई है।

अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में जहां देश के मैदानी इलाके गर्मी की तपिश से तप रहे हैं वहीं कुल्लू व लाहौल-स्पीति में लोग ठिठुरने को मजबूर हैं। ऐसे में मैदानी क्षेत्रों से यहां घूमने आए पर्यटक बर्फ के फाहों के बीच खूब मस्ती कर रहे हैं। शनिवार को सुबह से ही रोहतांग दर्रे सहित शिंकुला, बारालाचा व कुंजम में बर्फबारी का क्रम जारी है।

रोहतांग, कुंजम, शिंकुला व बारालाचा में डेढ़ फीट से अधिक बर्फबारी हुई उंचाई वाले ग्रामीण क्षेत्रों में भी आठ से 10 इंच बर्फबारी हो चुकी है। अप्रैल के अंत में हो रहे भारी हिमपात ने लाहौल के किसानों के पसीने छुड़ा दिए हैं। उंचाई वाले ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों की दिक्कत बढ़ी है।



लाहौल घाटी में बिछी बर्फ की सफेद चादर।

दूसरी ओर लगातार हो रही बर्फबारी व बारिश से सिस्सू में भूस्खलन की समस्या फिर बढ़ गई है। हालात को देखते हुए लाहौल स्पीति पुलिस ने सड़क बंद कर दी है। हालांकि वाहन बाया नर्सरी तेलिंग होकर आ जा रहे हैं, लेकिन जोखिम बरकरार है। उधर, एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मौसम को देखते हुए पर्यटकों को भी वापस मनाली की ओर भेज दिया है और लोगों से आग्रह है कि खराब मौसम के बीच सफर करने से बचें। शनिवार को पर्यटकों ने सिस्सू व कोकसर में बर्फ के फाहों का आनंद लिया।

### मारपा टिकसु में वाहन गिरने से दो लोग घायल
### अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल में टकराए वाहन

**केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति के उदयपुर उपमंडल की मयाड़ घाटी में मारपा टिकसु के समीप वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोग घायल हो गए हैं। घायलों की पहचान यश पाल पुत्र मंगल दास वीपीओ बनोटी तहसील व जिला कठुआ जम्मू तथा अर्जुन मोहन महंत पुत्र मनोज हरिहर उम्र 22 महंत गांव ओपडा जुड़ा गोहड़िया जिला बालेश्वर उड़ीसा के रुप में हुई है। डीडीएमए से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को महेंद्रा पिकअप वाहन एचपी 66 5907 मायड़ घाटी में मारपा टिकसु के समीप सड़क से 50 मीटर नीचे जा लुढ़का। घायलों को उदयपुर अस्पताल में भर्ती किया गया है। दूसरी ओर उदयपुर उपमंडल के कुरचेहड़ में भूस्खलन होने से तांदी संसारी मार्ग बंद हो गया है। हालांकि बीआरओ सड़क बहाल करने में जुट गया है, लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क बहाली में समय लगेगा। एक अन्य घटना में अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल में बर्फ के कारण दो वाहन स्किड होकर आपस में टकरा गए। हालांकि किसी को कोई चोट नहीं लगी लेकिन टकराने से दोनों वाहनों को नुकसान हुआ है। उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि जिला में हिमपात व बारिश का क्रम लगातार जारी है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि ऐसे हालात में सफर न करें। मौसम खुलने के बाद ही घरों से बाहर निकलें।

### चंद्रा वैली में अवैध जिप लाइन साइटों को बंद करने के आदेश

**केलांग।** हाइकोर्ट के सख्त रवैए के बाद जिला लाहौल स्पीति की चंद्रा वैली में पिछले तीन सालों से अवैध तौर पर चल रही जिप लाइन साइटों को बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। जानकारी के अनुसार जिला पर्यटन अधिकारी रजनीश शर्मा ने कार्रवाई करते हुए ये आदेश जारी किए है। बताया जा रहा है कि जिला की चंद्रा घाटी में 9 जिप लाइन अवैध तौर पर चल रही है। जिसमें सिस्सू सहित कोकसर और अन्य स्थानों पर ये गतिविधियां चल रही है, जिन्हें तुरंत प्रभाव से बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। जिला पर्यटन अधिकारी एवं एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा ने बताया कि जब तक इससे संबंधित औपचारिकताएं पूरी नहीं होती तब तक घाटी में इस तरह की गतिविधियां बंद रहेगी।

### मादक पदार्थ अधिनियम के 51 मामले पंजीकृत

**कुल्लू।** आगामी लोकसभा के चुनावों के मद्देनजर कुल्लू जिला के विभिन्न पुलिस थानों में आर्दश आचार संहिता लागू होने के पश्चात अब तक मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अब तक कुल 51 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। इन सभी मामलों में अब तक 9 किलो 483 ग्राम चरस, 48.59 ग्राम हैरोइन/चिट्टा नकदी 13,500/ रुपए सहित तथा लगभग 1,14,753 अवैध अफीम के पौधे बरामद किए गए हैं। इसके अतिरिक्त आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 61 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं, जिसमें 173.25 लीटर अंग्रेजी शराब, 187.85 लीटर बीयर, 9.075 लीटर बकार्डी ब्रीज़र, 636.75 लीटर देसी शराब, 281 लीटर अवैध शराब व 05 लीटर लाहन को स्थानीय पुलिस द्वारा बरामद किया गया है।

## अशोक वालिया को हनुमानी बाग व कॉलेज गेट समिति की कमान

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुल्लू मुख्यालय में स्थित जिला परिषद भवन में व्यापार मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन व्यापार मंडल कुल्लू के उपाध्यक्ष जगदीश बंगा की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में 8, 9, 10 व 11 वार्ड समितियों के बनाए जाने के बारे में गहन विचार विमर्श किया और उसके पश्चात समितियों का गठन किया गया। इस दौरान 8 व 9 वार्ड गोयल प्रोविजन स्टोर से हनुमानी बाग और कालेज गेट तक समितियों का गठन हुआ जिसमें अशोक वालिया को अध्यक्ष, विश्वजीत उपाध्यक्ष, राजेश राणा महासचिव, संजय शर्मा सचिव तथा महेश बाधवा कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वार्ड नंबर 10 ओर 11 बंदूक घर से टिकरा बाऊडी के लिए रोहित चोपड़ा को अध्यक्ष नितिन कपूर को उपाध्यक्ष, हरीश शर्मा को महासचिव, राज कुमार को सचिव तथा अशोक अरोड़ा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इस मौके पर व्यापार मंडल कुल्लू के सरंक्षक दिनेश सेन ने बैठक में उपस्थित व्यापारियों को व्यापार मंडल के कार्य तथा उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में उपाध्यक्ष इंद्र चावला, महासचिव सुबोध सूद ओर सचिव वरुण शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## राज्य पक्षी जाजुराना की गणना को टीमें रवाना

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार में स्थित विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क क्षेत्र के अंदर जैविक विविधता का अनमोल खजाना भरा पड़ा है। इस पार्क क्षेत्र में प्रतिवर्ष सैकड़ों देशी विदेशी पर्यटक, पकृत प्रेमी, अनुसंधानकर्ता, पर्वतारोही और ट्रैकर भर्मण करते हैं। पार्क प्रबंधन द्वारा इस धरोहर स्थल के सरंक्षण एवं संवर्धन के लिए अनेकों योजनाओं पर कार्य किया जाता है। इस पार्क के संरक्षित क्षेत्र में मौजुद वन्य जीवों और कुछ दुर्लभ प्रजातियों के परिंदों की समय-समय पर गणना की जाती है।

ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क शमशी के वन मंडल अधिकारी सचिन शर्मा ने बताया कि हर साल की भांति इस बार भी पार्क प्रबंधन द्वारा दुनिया भर में विलुप्त होने की कगार पर पहुंचे दुर्लभ पक्षी जाजूराना की गणना की जा रही है। इन्होंने बताया कि समूचे पार्क क्षेत्र की तीनों रेंजों में 27 से 30 अप्रैल तक जाजूराना पक्षी के



राज्य पक्षी जाजुराना की गणना के लिए रवाना होती टीमें।

संभावित ठिकानों में इसकी गणना को अलग-अलग टीमें भेज दी गई हैं। इस बार पार्क क्षेत्र में की जा रही जाजूराना की गणना में बाहरी राज्यों के कुछ वॉलंटियर भी शामिल हुए हैं।

सचिन शर्मा ने बताया कि ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क की तीनों रेंजों सैंज, जीवनाला और तीर्थन के संरक्षित क्षेत्र में चार दिनों तक जाजुराना पक्षी की अनुमानित गणना की जाएगी। दुर्लभ परिंदे जाजुराना की अलग-अलग विधि से गणना व सर्वेक्षण रिपोर्ट के बाद इसका डेटाबेस तैयार किया जाएगा। ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क शाईरोपा के वन परिक्षेत्र अधिकारी परमानंद ने बताया कि इस बार तीर्थन रेंज में जाजूराना पक्षी की गणना के लिए पांच टीमें गठित की गई है जो रोला भंडार, नाड़ा थाच, शिल्ट और छोद्वार आदि स्थानों पर जा कर जाजू राना पक्षी की मौजूदगी का पता लगाएगी।

उन्होंने बताया कि परिंदों की गणना के लिए कॉल काउंट विधि, आवाज, स्कैनिंग विधि, साइलेंट ड्राइव काउंट, उड़ते हुए पक्षियों की गिनती, मलमूत्र, गिरे हुए पंख, पक्षी द्वारा की गई खुदाई, कैमरा और दुरबीन तथा किसी विशेष स्थान की निगरानी आदि कई तकनीकों को अपनाया जाता है। तीर्थन रेंज की टीमों में हरियाणा राज्य के फरीदाबाद से नीतू नागर, प्रीति नगर और यश नागर तथा दिल्ली से निशांत भट्टी और हर्ष भट्टी इस गणना में शमिल हुए हैं। इसके अलावा तीर्थन घाटी के मशहूर लोकल गाइड हेम चंद उर्फ हेमू भी इस टीम का हिस्सा बने हैं।

## सैंज केवीएस में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लंघन

**अनंत ज्ञान, सैंज**

केंद्रीय शिक्षा विभाग द्वारा जहां भारतीय शिक्षा प्रणाली में बड़े बदलावों को सुनिश्चित करने के लिए पूरे देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने की सिफारिश की गई थी। वहीं इस मिशन के तहत नए पाठ्यक्रम व शैक्षणिक संरचना को लागू करने पर भी बल देने की पहल हुई थी, लेकिन भारत सरकार के शिक्षा विभाग की इस पहल पर केंद्रीय स्कूल प्रबंधन ही पानी फेरते नजर आ रहे हैं।

विभाग के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए सैंज स्थित केंद्रीय विद्यालय संगठन का नाम भी शामिल है, लेकिन केंद्रीय विद्यालय सैंज में इस राष्ट्रीय नीति को दरकिनार करते हुए अभी तक फाउंडेशनल स्टेज की बालवाटिका

**2020 में शुरू की राष्ट्रीय शिक्षा नीति को नहीं दी जा रही प्राथमिकता**

एक, दो व तीन भागों को शुरू ही नहीं किया गया । पार्वती जल विद्युत परियोजना में कार्यरत कंपनी एनएचपीसी द्वारा संचालित इस विद्यालय में न सिर्फ़ शिक्षा नीति लागू हो पाई है बल्कि दर्जनों अभिभावकों को मायूसी हाथ लगी है।

स्थानीय वाशिंदों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा पिछले दो वर्षों से बालवाटिका शुरू करने का आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन सत्र 2024-25 शुरू होने पर भी इस पर गौर नहीं किया गया जिस कारण सैंज के अनेकों बच्चों को दाखिले से वंचित होना पड़ा।

सूत्रों के अनुसार स्कूल प्रबंधन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को ध्यान में रखकर तैयारी ही नहीं की और इसके लिए स्कूल में मूलभूत ढांचा ही उपलब्ध नहीं है। हालांकि केंद्र सरकार की इस नीति को राज्य के सरकारी व निजी स्कूलों द्वारा अमलीजामा पहनाया जा रहा है लेकिन सीबीएसई बोर्ड बाले केन्द्रीय विद्यालय में एनईपी 2020 लागू न होने से यह स्कूल सफेद हाथी बन गया है ।

> विद्यालय में आधारभूत संरचना के तौर पर शौचालय तथा कक्षा कमरे उपलब्ध नही हैं तथा स्टाफ की नियुक्ति भी अभी नही हुई। इस बारे नएचपीसी को विद्यालय प्रबंधन द्वारा लिखा गया है। जब तक अभी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाती है तब तक बाल बाटिका शुरू करना संभव नहीं है। -विनीता परशीरा, प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय सैंज।

## थरवन पालसरा को बंजार किसान कांग्रेस के मुख्य सलाहकार का जिम्मा

**अनंत ज्ञान, सैंज**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा प्रभारी राकेश गुलरिया और जिला अध्यक्ष ऋषि किशोर ने बंजार किसान कांग्रेस की कार्यकारिणी का विस्तार किया है, जिसमें 31 पदाधिकारी को कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।



थरवन पालसरा।

सैंज घाटी के वरिष्ठ नेता थरवन पालसरा को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया है। बंजार किसान कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष राजेंद्र पाल शर्मा, पूर्ण पालसरा, एलेराम, मनमोहन सिंह, दीपक धामी, वीरेंद्र सिंह, मोहर सिंह, वेद व्यास, पूर्ण चंद भारती, पुरुषोत्तम सिंह, हीरालाल, प्रज्ञा ठाकुर, प्रीतम सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। महासचिव की जिम्मेदारी पवन कुमार, राजेश कुमार, सेस राम, रूपलाल डोला राम पूर्व प्रधान, दिनेश, शिवदयाल, मुरलीधर चौहान आदि को दी गई। कार्यकारिणी में गोविंद राम, रॉबिन जयचंद, भगत राम ,और विनोद कुमार बनी को सचिव नियुक्त किया गया है। मीडिया प्रभारी पवन कुमार को अतिरिक्त जिम्मा सौंपा गया है।

### मनाली पुलिस ने पकड़ी भारी मात्रा में शराब

**कुल्लू ।** थाना मनाली के अंर्तगत पुलिस ने शराब की बड़ी खेप बरामद करने में सफलता हासिल की है। मामला शनिवार को उस दौरान सामने आया जब पुलिस इलाके में गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बाहंग में एक खोखा में दबिश दी जहां पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बरामद की। पुलिस ने शराब की खेप को कब्जे में ले लिया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन ने बताया कि पुलिस ने मौका से 94 बोतल शराब अंग्रेजी व 33 बोतल बकार्डी ब्रिजर बरामद की है। पुलिस ने आरोपी टीमन तमंग निवासी गांव व डाकघर बाहंग तहसील मनाली जिला कुल्लू के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## आनी मेले में देवी-देवताओं के नजराने में होगी 15 फीसदी बढ़ोतरी

**अनंत ज्ञान, आनी**

जिला स्तरीय आनी मेला का आयोजन सात से लेकर 10 मई तक आयोजित किया जाएगा। 7, 8 व 9 मई तक रात्रि सांस्कृतिक संध्याएं होंगी और 10 मई को मेले का समापन होगा। मेले में भाग लेने वाले देवी देवताओं के नजराने में 15 फीसदी तक बढ़ौतरी करने का निर्णय भी लिया गया है। कमेटी की ओर से मेले के आयोजन को लेकर शनिवार को समिति सभागार में आयोजित बैठक में इसका फैसला लिया गया है। आनी की पंचायत समिति हाल में आयोजित बैठक में कमेटी के तमाम



बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम नरेश वर्मा।

सदस्यों सहित विभिन्न विभागाध्यक्षों ने भाग लिया।

इस मौके पर जिला परिषद कुल्लू के अध्यक्ष पंकज परमार ने मेले में बेहतर व्यवस्था और आकर्षक बनाने के लिए महत्वपूर्ण

**सात से 10 मई तक आयोजित होगा मेला**

सुझाव दिए। मेले में स्थानीय व्यापारियों और स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता देने की अपील की।

वहीं एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने बैठक में आनी मेला 2023 के आय-व्यय का अनुमोदन। जबकि मेला शुभारम्भ व समापन समारोह के मुख्यतिथि वितीय लक्ष्य निर्धारण एवं लक्ष्य प्राप्ति हेतू सभी मेला कमेटी सदस्यों से सहयोग और दिशा-निर्देश जारी किए।

मेले में दैनिक व रात्रि कार्यकमों तथा सम्पूर्ण मेले में अतिरिक्त पुलिस सुरक्षा व्यवस्था और विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर भी उन्होंने निर्देश जारी किए। बैठक की कार्यवाही का संचालन एसईबीपीओ विनोद कटोच ने किया। उन्होंने मेले के आयोजन के दौरान चुनाव आचार संहिता का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित करने के लिए मेला कमेटी को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने को चुनाव आयोग गंभीरता से निपटेगा।

बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार, बीडीओ/सहायक आयुक्त (विकास) अमनदीप सिंह, पंचायत समिति अध्यक्षा विजय कंवर, उपाध्यक्ष संदीप सैम, मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं प्रधान ग्राम पंचायत आनी लाल सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर करवाया कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के मुख्यालय केलांग में विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें इस वर्ष के थीम 'पशु चिकित्सक आवश्यक स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं' विषय पर चर्चा आयोजित की गई।

उपनिदेशक पशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन केलांग डॉ. अभिताभ ठाकुर ने अध्यक्षता करते हुए विश्व पशु चिकित्सा दिवस की विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। डॉ.



आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारी व कर्मचारी।

अभिताभ ने कहा कि पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि मनुष्यों की सेहत का। डॉ. अमिताभ ने बताया की जिला लाहौल स्पीति में पशु औषधालयों व अस्पताल में मुफ्त जांच और टीकाकरण शिविर समय-समय पर आयोजित किए जा रहें हैं, जिससे पशुपालकों को लाभान्वित किया जा रहा है।

डॉ. साक्षी पशु चिकित्सा अधिकारी जाहलमा ने इस वर्ष की थीम पर विस्तार से समझाते हुए एक जानकारी पूर्ण प्रेजेंटेशन दी।

## 'छोड़ो अपने सारे काम, पहले करें मतदान'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला स्वीप टीम ने शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटराईं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर जिला स्वीप टीम के नोडल अधिकारी एवं उप निदेशक नेहरू युवा केंद्र कुल्लू डॉ. लाल सिंह विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

अध्यापकों और विद्यार्थियों से मतदाता शिक्षा की बात की। 'छोड़ो अपने सारे काम पहले करें मतदान' कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान के अधिकारों के प्रति जागरूक करवाते हुए मतदान की महता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर छात्रों के साथ छात्र संसद चुनाव की प्रकिया आदि के विषय में छात्रों से संवाद किया गया। लोकतत्र में अपने मत का बिना किसी प्रलोभन से किसी




मतदान जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी, शिक्षक व स्वीप टीम एक साथ।

भय के मत का प्रयोग करना चाहिए। नारे के माध्यम से युवाओं को संदेश दिया ताकि लोकतंत्र में लोगों की भागीदारी अधिक से अधिक हो।

कार्यक्रम में छात्रों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। मतदाता शिक्षा पर युवाओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधान अध्यापक मंगल नेगी ,अंग्रेजी के प्रवक्ता राजेश ठाकुर जिला स्वीप टीम का स्वागत किया और जिला स्वीप टीम की ओर से श्याम लाल हांडा, सुनील कुमार ने युवाओं को वोट का महत्व समझाया और प्रेरित किया कि 100 फीसद मतदान के लक्ष्य को पूरा करने में अपना योगदान दें।

**संस्कृति**

### ओल्ड फैशन शो, झांकियां, देव आगमन रहेगा मुख्य आकर्षण का केंद्र

## मतदाता जागरूकता थीम पर होगी सैंज मेले में महानाटी

**अनंत ज्ञान, सैंज**

सैंज घाटी के आराध्य देव श्री लक्ष्मी नारायण के सम्मान में मनाया जाने वाला जिला स्तरीय सैंज मेले की तैयारियां मेला कमेटी ने जोर शोर से शुरू कर दी। भारी त्रासदी के वाबजूद 3 मई से शुरू होने वाला जिला स्तरीय सैंज मेला इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जा रहा है।

मेला कमेटी के अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने बताया कि बाढ़ आने से मेला मनाने में भले ही कठिनाइयों का समाना करना पड रहा है। वाबजूद इसके इस वर्ष भी जिला स्तरीय सैंज मेला वडे धूमधाम से मनाया जा रहा है जिसकी तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है। राजेश ने





मेले की तैयारियों का जायजा लेते तहसीलदार हीरा सिंह व दुकानें सजाने में जुटे व्यापारी।

बताया कि इस वर्ष मेला पांच दिवसीय होगा जिसमें विभिन्न दैनिक व रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा खेलकूद प्रतियोगिता, तलवार नृत्य बॉयस ऑफ सैंज, ओल्ड फैशन शो, झांकियां व लोकतंत्र महापर्व पर महानाटी का भी आयोजन किया जाएगा।

मेला कमेटी के प्रधान ने प्रशासन के दायरे में आने वाले विभिन्न विभागों, सरकारी व निजी शैक्षणिक संस्थानों, व्यापार मंडल, महिला मंडल व युवक मंडलों तथा घाटी की प्रबुद्ध जनता से इस मेले को शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित करने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व पर आयोजित होने वाली महिलाओं की महानाटी मेले का विशेष आकर्षण होगी। पांच दिवसीय मेले में देव संस्कृत की परंपरा का निर्वहन, झांकियों का प्रदर्शन, लोक सांस्कृतिक दलों का कुल्लवी लोक नृत्य, रात्रि व दैनिक संस्कृति कार्यक्रम, वॉइस ऑफ सैंज, ओल्ड फैशन शो, लोकतंत्र महापर्व पर महानाटी के अलावा सैंज के अतिरिक्त विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। बता दें कि जिला स्तरीय सैंज मेले में पहली बार ओल्ड फैशन शो का कार्यक्रम करवाया जा रहा है, जिसमें पुरानी सास्कृतिक को पेश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गायन के क्षेत्र में प्रतिभा निखारने के लिए वॉयस ऑफ सैंज कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। राजेश शर्मा ने कहा कि इस वर्ष कमेटी प्रशासनिक सचिव एवं तहसीलदार सैंज हीरा सिह नलवा के मार्गदर्शन में मेला कमेटी एक नया प्रयास करने जा रही है, जिसके माध्यम से मेले में शरीक होने वाले देवी देवताओं को अलग-अलग टीमों द्वारा मेला मैदान पहुंचने पर स्वागत किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान जारी : एसपी



**नाहन।** जिला सिरमौर के एसपी रमन कुमार मीणा ने कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस विभाग का विशेष अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों पर नजर रखना और उन्हें नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना चाहिए। पुलिस विभाग भी लगातार युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से निकलने और नशा तस्करों को धर दबोचने के लिए कार्य कर रहा है। एसपी नाहन के रियासत काल में स्थापित शमशेर जमा दो स्कूल में आयोजित नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे थे।

### डेंगू-मलेरिया को लेकर विभाग सतर्क : सीएमओ

**नाहन।** जिला सिरमौर में डेंगू व मलेरिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। आसपास के क्षेत्र में लगातार बढ़ते डेंगू व मलेरिया के मामलों को लेकर विभाग ने लोगों को जागरूक करने के मकसद से कार्यक्रम की शुरुआत की है। आज नाहन में एक जागरूकता वाहन को सीएमओ डॉ. अजय पाठक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला के सीएमओ डॉ. अजय पाठक ने बताया कि कहा कि लोगों को चाहिए कि अपने घर के आसपास पानी एकत्रित न होने दे, पूरी बाजू के कपड़े पाए अगर खांसी जुकाम बुखार आता है तो तुरंत अपने नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाने पहुंचे।

### खालसा सेवक दल ने सजाया शहर का प्रवेश द्वार

**नाहन।** श्री गुरुद्वारा साहिब दशमेश अस्थान नाहन में इन दिनों जोड़ मेला की तैयारी की जा रही है। जोड़ मेला के आयोजन को लेकर गुरु भक्तों ने शहर को भव्य रूप से सजाना भी शुरू कर दिया है। वहीं खालसा सेवक दल मोहल्ला गोबिंदगढ़ के द्वारा शहर के प्रवेश द्वार पर गुरु महाराज को समर्पित स्वागत द्वार भी बनाया गया है। सेवक दल के सदस्य जुझार सिंह ने बताया कि सेवकों के द्वारा यह स्वागत द्वार अपने निजी सहयोग से बनाया गया है।

### युवा मतदाता के रूप में करें पंजीकरण : डॉ. जगदीश

**सोलन।** गुरुकुल इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोलन में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक (उच्चतर शिक्षा) सोलन डॉ. जगदीश चंद नेगी ने की। डॉ. जगदीश चंद नेगी ने सभी पात्र मतदाताओं का आह्वान किया कि वे प्रथम जून, 2024 को मतदान अवश्य करें। मतदान के लिए सबसे पहले मतदाता के रूप में पंजीकरण करवाना युवाओं का कर्तव्य है। प्रथम अप्रैल, 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा अपना मतदाता के रूप में पंजीकरण अवश्य करवाएं।

### मांजू विद्यालय में स्कूल रेडीनेस मेले का आयोजन



मांजू में स्कूल रेडीनेस मेले के दौरान अध्यापक वर्ग।

**अर्की।** उपमंडल अर्की के अंतर्गत राजकीय केंद्र प्राथमिक विद्यालय मांजू में स्कूल रेडीनेस मेला 2024 का भव्य आयोजन हुआ। केंद्राध्यक्ष महेश गर्ग के निर्देशन में और एसएमसी प्रधान हेमलता की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। इस दौरान विद्यालय ने अपने द्वार पर नए छात्रों और उनके अभिभावकों का स्वागत किया। आयोजन में शैक्षिक खेलों, इंटरैक्टिव सेशनों और मदर मीटिंग के माध्यम से शिक्षा के महत्व को बढ़ावा दिया गया। महेश ने कहा कि विद्यालय की इस पहल को सभी अभिभावकों का भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है। इस दौरान जेबीटी अध्यापिका नमिता वर्मा, मनोज शर्मा और समस्त एसएमसी सदस्य उपस्थित रहे।

# रेहड़ी चालकों की आजीविका में आचार संहिता बनी रोड़ा

## चुनाव से पहले वेंडर मार्केट में हो चुका है बूथों का आवंटन; लेकिन नहीं मिला कब्जा, निगम ने मांगी इलेक्शन कमीशन से अनुमति

**आर मोहन चौहान, सोलन**





नेशनल हाईवे से हटाई गई रेहड़ियां तथा सपरून में बनी वेंडर मार्केट।

नेशनल हाईवे-5 से उठाए गए सोलन के सैकड़ों रेहड़ी चालकों पर रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया। इस वर्ग को मुद्रा ऋण को चुकाने की भी चिंता सता रही है। हाईवे से हटाने के एक सप्ताह होने के बावजूद नगर निगम स्थायी ठिकाना देने में नाकाम हुआ है। निगम की रेहड़ी चालकों के साथ हुई बैठक में भी कोई सहमति नहीं बन पाई।

दरअसल पूर्व में वेंडर मार्केट में आवंटित 55 बूथों का रेहड़ी चालकों को आदर्श आचार संहिता के चलते कब्जा नहीं मिला है। हालांकि निगम ने अब इलेक्शन कमीशन से अनुमति मांगी है, जबकि नए वेंडर जोन के चयन को लेकर माथापच्ची चल रही है। ऐसे में सैकड़ों लाइसेंस धारकों को परिवार का पोषण मुश्किल हो गया है।

**सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार मांगा ठिकाना**

मां शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समिति सपरून बाईपास सोलन ने शहरी निदेशालय को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार रेहड़ी-फड़ी चालकों को स्थायी ठिकाना दिलाने की मांग की है। इसकी एक प्रति राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भी भेजी गई है। इसके तहत विस्थापित किए जाने से पूर्व में स्ट्रीट वेंडर कमेटी की तरफ से नोटिफाइड वेंडिंग जोन से व्यवसायिक वाहनों का अतिक्रमण हटवा कर रेहड़ी-फड़ी धारकों को स्थापित करने का आग्रह किया गया है।

रेहड़ी-फड़ी विकास समीति के प्रधान महिताप सिंह का कहना है कि रेहड़ी चालक सपरून बाइपास से हटने के लिए तैयार है, परंतु उन्हें भारत सरकार की स्ट्रीट वेंडर एक्ट (जीविका संरक्षण और पथ विक्रेता विनियमन अधिनियम) 2014 के तहत एवं हिमाचल प्रदेश (जीविका संरक्षण और पथ विक्रेता विनियमन अधिनियम) स्कीम 2016 के तहत नगर निगम सोलन की तरफ से घोषित 10 वेंडिंग जोन में विस्थापित किया जाए और नगर निगम सहित जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन वेंडिंग जोन से व्यवसायिक वाहनों का अतिक्रमण हटवाएं, ताकि रेहड़ी-फड़ी लाइसेंस धारक व गैर लाइसेंस धारकों को कारोबार की आसानी हो सके। समीति लाइसेंस धारकों को वेंडिंग जोन संख्या 4 व 5 नजदीक बस स्टॉपेज सपरून और वेली साइड सपरून में स्थापित करने की मांग कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### बूथों का किराया 1500 रुपए निर्धारित

**नगर** निगम ने सपरून में बनी वेंडर मार्केट में बूथों का किराया 1500 रुपए निर्धारित किया है। यह निर्णय वेंडर मार्केट कमेटी की बैठक में लिया जा चुका है। अभी तक वेंडर मार्केट में 55 दुकानों का आबंटन हुआ है। शहर में इस समय करीब 300 रेहड़ी व फड़ी चल रही है। इसमें कई ऐसे भी जो स्थाई होने के साथ पिछले 20 वर्षों से रेहड़ी चला रहे हैं। यह वर्ग भी वेंडर मार्केट में दुकान की मांग कर रहा है। रेहड़ी चालक कई वर्षों से रोजगार का स्थाई ठिकाना दिए जाने के लिए प्रदेश सरकार से मांग करते आ रहे हैं।

### आदर्श संहिता के चलते आवंटित बूथों का कब्जा नहीं दिया : आयुक्त



**नगर** निगम सोलन आयुक्त एकता कापटा का कहना है कि निगम ने रेहड़ी-फड़ी विकास समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की है। आदर्श चुनाव संहिता लगी होने के चलते अभी वेंडर मार्केट में आबंटित बूथों का कब्जा नहीं दिया गया है। इसके लिए चुनाव चुनाव आयोग से अनुमति मांगी गई है। अन्य रेहड़ी चालकों की आजीविका के लिए शहर के नजदीक ही वेंडर जोन बनाने का प्रयास है।

# स्कूल प्रबंधन की मनमानी से भाई बहन नहीं दे पा रहे प्रैक्टिकल परीक्षा

## पिता ने शिक्षा मंत्री को पत्र लिख मांगा न्याय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

जिला मुख्यालय के बाईपास स्थित एक निजी स्कूल प्रबंधन की मनमानी के चलते 10वीं और 12वीं की परीक्षा दे चुके भाई बहन को प्रैक्टिकल परीक्षा का अवसर नहीं मिल पा रहा है।



पवन कश्यप।

इस संदर्भ में सोलन के देवठी निवासी बच्चों के पिता पवन कश्यप ने शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। कश्यप का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन की तरफ से बच्चों को प्रैक्टिकल परीक्षा की तिथि से अवगत नहीं कराया गया, जिसके चलते वे परीक्षा नहीं दे पाए।

हालांकि शिक्षा विभाग उपनिदेशक सोलन से शिकायत के बाद बच्चों को 10वीं और 12वीं की परीक्षा में बैठने का अवसर दिया गया, लेकिन उनके प्रैक्टिकल परीक्षा अभी भी लंबित है। उप शिक्षा निदेशक सोलन ने प्रबंधन और अभिभावकों के बीच की विवाद की स्टेटस रिपोर्ट शिक्षा निदेशालय को भेजी है, साथ ही बच्चों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाने के भी निर्देश दिए थे बावजूद इसके बच्चों को अब प्रैक्टिकल परीक्षा से वंचित किया जा रहा है।

पवन कश्यप का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन की मनमानी चलते उनके परिवार और बच्चे तनाव ग्रस्त हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार सहित जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से न्याय की मांग की है।

## धर्मपुर पुलिस ने पकड़े थे चार चोर, दो की संलिप्तता अर्की में हुई चोरियों में भी

# दोनों को अर्की पुलिस ले गई कस्टडी ट्रांसफर पर, मिला चार दिन का रिमांड

**अनंत ज्ञान, सोलन/अकी**

धर्मपुर पुलिस की ओर से चोरियों के मामलों में गिरफ्तार चार में से दो चोरों की संलिप्तता अर्की में हुई चोरियों में भी पाई गई है। अब इन दोनों चोरों को अर्की पुलिस ने धर्मपुर पुलिस से कस्टडी ट्रांसफर हासिल कर लिया है। उन्हें अदालत में पेश करने के बाद चार दिन की पुलिस रिमांड भी मिल गई है। गोलू और सुक्खा नामक दोनों आरोपी मोहाली के रहने वाले हैं।

इस मामले को लेकर सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि सुबाथू में हुई चोरियों में संलिप्त गैंग के चार सदस्यों को धर्मपुर पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार किया था। ये सभी अभी न्यायिक हिरासत में हैं, जांच पड़ताल में पता चला कि इनकी संलिप्तता अर्की क्षेत्र में हुई चोरी की वारदातों में भी पाई गई। इस बात का खुलासा होने पर जिला पुलिस ने चोर गैंग के दो गिरफ्तार सदस्यों की हिरासत को इन मुकदमों में थाना धर्मपुर से ट्रांसफर करके अपने मुकदमों में भी गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी को थाना अर्की में बातल क्षेत्र के शियुरी गांव निवासी एक महिला शिकायतकर्ता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि दिनांक 16/17 फरवरी की रात को चोरों ने इनके घर के ताले तोड़ कर घर के अन्दर रखे सोने व चांदी के गहने पार कर लिए जिनकी जिनकी कीमत 1 लाख 88 रुपये बताई गई थी।

इसके अलावा इन चोरों ने गांव बातल में ही इसी रात 4 अन्य घरों के भी ताले तोड़ दिए हैं। जिस पर 14 फरवरी को थाना अर्की में मुकदमा दर्ज किया गया था। अन्वेषण के दौरान 26 अप्रैल को को थाना अर्की की टीम ने वारदात में संलिप्त आरोपी बंगाला कालोनी रेलवे स्टेशन कुराली तहसील खरड़ जिला मोहाली निवासी 24 सुक्खा तथा तथा यहीं के रहने वाले 24 वर्षीय गोलू को गिरफ्तार कर लिया और दोनों को अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

मामले की जांच में सामने आया है कि उक्त दोनों आरोपी इससे पहले भी चोरी की वारदातों में संलिप्त रहे हैं। यह काफी समय से पुलिस थाना धर्मपुर, अर्की व जिला के अन्य क्षेत्रों में सक्रिय थे।

आरोपी गोलू के विरुद्ध थाना रामशहर पुलिस जिला बद्दी में चोरी के 2 मामले दर्ज है, जबकि आरोपी सुक्खा चोरी की 5 से ज्यादा वारदातों में संलिप्त रहा है, जिनमें 3 मामले पुलिस जिला बद्दी के थाना रामशहर, नालागढ़ तथा 2 मामले थाना धर्मपुर के है। चोरी के इन 5 मामलों में इस आरोपी ने करीब 10 लाख रुपए की नकदी तथा ज्वैलरी की चोरी को अंजाम दिया है।

# विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



नौणी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

डॉ. यशवंत सिंह परमार औदयानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में प्रतियोगी परीक्षाओं पर केंद्रित एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया। हिमाचल प्रदेश के शिक्षा सचिव राकेश कंवर मुख्य वक्ता रहे, जिन्होंने परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने का लक्ष्य रखने वाले कई छात्रों को बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की।

प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल ने कहा कि विश्वविद्यालय के लगभग 60 स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट छात्रों, जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, ने इंटरैक्टिव सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया। राकेश कंवर ने आत्म-विश्वास, सीखने और कौशल विकास के लिए अपना रास्ता बनाने के महत्व को रेखांकित किया। छात्रों से पीड़ित मानसिकता से हटकर सक्रिय मानसिकता अपनाने और अपने जीवन में कई सकारात्मक पहलुओं को पहचानने का आग्रह किया। अपने स्वयं के अनुभवों से प्रेरणा लेते हुए, कंवर ने छात्रों को असफलताओं को हार के रूप में नहीं बल्कि विकास के अवसरों के रूप में देखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने दीर्घकालिक उद्देश्यों को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर देते हुए, नशे जैसे 'शॉर्ट टर्म हाई' के प्रलोभनों के आगे झुकने के प्रति आगाह किया।

# शूलिनी यूनिवर्सिटी में बौद्धिक संपदा दिवस पर करवाई संगोष्ठी



बौद्धिक संपदा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित छात्र चांसलर के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शूलिनी यूनिवर्सिटी में विश्व बौद्धिक संपदा (आईपीआर) दिवस को 'बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के मुद्दों और चुनौतियों में उभरते रुझान' पर केंद्रित एक दिवसीय सेमिनार के साथ मनाया गया, इसका आयोजन हिमाचल प्रदेश राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण, के सहयोग से शूलिनी विश्वविद्यालय के कानूनी विज्ञान संकाय द्वारा किया गया। सेमिनार की मुख्य वक्ता पंजाब यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर योति रतन थीं।

प्रोफेसर रतन के सत्र में बौद्धिक संपदा की जटिलताओं, विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ इसके दूरगामी सामाजिक प्रभाव पर चर्चा की गई। चांसलर प्रोफेसर पीके खोसला ने सैमिनार का उद्घाटन किया। प्रोफेसर रिचिका द्वारा विश्वविद्यालय के आईपीआर सेल के परिचय के साथ हुई।

# नाहन, नालागढ़ और अर्की की पोलिंग पार्टियों को दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, नाहन**



अर्की में आयोजित पहली रिहर्सल में हिस्सा लेते मतदान कर्मचारी।

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आज राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में चुनावी ड्यूटी पर तैनात पोलिंग अधिकारियों को प्रथम पूर्वाभ्यास करवाया गया।

इस पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में लगभग 346 पोलिंग अधिकारियों ने भाग लिया। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम नाहन सलीम आजम ने सभी को अपनी इस संवैधानिक जिम्मेदारी को गंभीरतापूर्वक निभाने का आग्रह किया।

वहीं, 51-नालागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सभी मतदान कर्मियों की पहले चरण की रिहर्सल राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी नालागढ़ दिव्यांशु सिंगल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। दिव्यांशु ने सभी मतदान कर्मियों का आह्वान किया कि वे मतदान प्रक्रिया के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अच्छे से अध्ययन कर लें। इस दौरान 617 मतदान कर्मियों ने भाग लिया।

उधर, अर्की 50 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान कर्मियों की पहली रिहर्सल अर्की के ऐतिहासिक चौगान में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी (ना.) अर्की यादविंदर पॉल की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

# डीसी ने अफीम की अवैध खेती पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, नाहन**




गैर कानूनी अफीम की खेती की रोकथाम के लिए आयोजित बैठक में उपस्थित अधिकारी।

उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने जिले में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गैर कानूनी अफीम की खेती की रोकथाम के लिए पुलिस विभाग को कृषि तथा अन्य संबंधित विभाग के साथ आपसी तालमेल से कार्य करना चाहिए ताकि अपराधियों को पकड़ा जा सके।

उन्होंने कहा कि अवैध नशे का कारोबार समाज के अत्यंत घातक है और इसकी चपेट में हमारा युवा वर्ग लगातार आ रहा है। डीसी सुमित खिमटा आज नाहन में एनकोर्ड की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि ओपियम की अवैध खेती जहां जिला प्रशासन और पुलिस के लिए चिंताजनक है वहीं यह स्वस्थ समाज के लिये भी एक गंभीर चेतावनी है।

उन्होंने पुलिस से आग्रह किया कि जिला में इस प्रकार की अवैध खेती की रोकथाम के लिए अधिक से अधिक कार्रवाई की जाए। सुमित खिमटा ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को भी इस प्रकार के नशे के अवैध कारोबार पर नजर रखनी चाहिए और इसकी सूचना जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को देनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि पंचायती राज एक्ट और एनडीपीएस एक्ट में पंचायतों की जिम्मेदारी को स्पष्ट किया गया है, इसलिए पंचायत प्रतिनिधि अपनी जिम्मेवारी निभायें और अफीम की अवैध खेती सहित अन्य अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री की सूचना पुलिस को प्रदान करें।




# उचित मूल्य की दुकानों का किया नरीक्षण

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



खाद्य एवं आपूर्ति मामले के निरीक्षक दुकानों का निरीक्षण करते हुए।

खाद्य एवं आपूर्ति मामले अर्की निरीक्षक रामस्वरूप शर्मा ने शनिवार को शालाघाट से लेकर नवगांव तक सभी उचित मूल्य की दुकानों तथा अन्य दुकानों पर औचक निरीक्षण किया। जिन उचित मूल्य की दुकानों पर उन्होंने निरीक्षण किया उन सभी डिपो होल्डर्स की कार्यप्रणाली में छोटी मोटी विसंगतियों को छोड़कर कार्य संतोषजनक बताया।

इसके अतिरिक्त खाद्य आपूर्ति निरीक्षक ने अन्य फल, सब्जी, किराना, मिठाई इत्यादि दुकानों का भी निरीक्षण किया और जिन दुकानदारों ने अपनी दुकान पर मूल्य सूची चस्पा नहीं की थी उन्हें आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि यह आवश्यक है कि हर दुकानदार अपनी दुकानों पर वस्तु मूल्य सूची चस्पा करें। उन्होंने इस बारे सख्त हिदायत दी कि वे भविष्य में अपनी दुकान पर नियमित मूल्य सूची चस्पा करें, ताकि कोई भी दुकानदार ग्राहक को मनमाने रेट पर सामान विक्रय न कर सके, बाजार भाव के अनुसार ही वस्तु क्रय कर सके।

**प्रदर्शन** हिमाचल-पंजाब को जोड़ने वाले दभोटा पुल की 10 माह बाद भी नहीं हुई मरम्मत

# गुस्साए उद्यमियों ने पुल पर दिया धरना

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**




बीबीएन के उद्यमी क्षतिग्रस्त पुल पर धरना प्रदर्शन करते हुए।

हिमाचल और पंजाब को जोड़ने वाले दभोटा पुल की मरम्मत न होने को लेकर बीबीएन के उद्योग जगत ने खफा होकर क्षतिग्रस्त पुल पर धरना प्रदर्शन किया। लघु उद्योग संघ ने हिमाचल व पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उद्यमियों व सामाजिक संस्थाओं ने ट्रांसपोर्ट यूनियनों के साथ मिलकर उद्योग संगठन लघु उद्योग संघ के बैनर तले शनिवार सुबह ही दभोटा पुल पर डेरा डाल लिया।

लघु उद्योग संघ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष अशोक राणा व महामंत्री अनिल मलिक और फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के अध्यक्ष चिरंजीव ठाकुर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द से जल्द पुल की मरम्मत नहीं की तो बड़े स्तर पर पंजाब सरकार को घरेंगे।

गौरतलब रहे कि बीते वर्ष बरसात में दभोटा पुल का एक पिलर क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके बाद पुल से आवाजाही को रोक दिया गया था लेकिन आज दिन तक पुल की मरम्मत नहीं की गई है। यह पुल पंजाब सरकार के अधीन है, जिसका कार्य भी पंजाब द्वारा किया जाना है। ऐसे में वाहनों की आवाजाही खस्ताहाल नदी के रास्ते से हो रही है जो कि खतरनाक है। बीते कुछ दिन पहले भी नदी के रास्ते पर एक टैंकर पलट गया था।

संघ के महासचिव अनिल मलिक ने बताया कि आज के सफल प्रदर्शन की मुहिम को रुकने नहीं दिया जाएगा। सोमवार सुबह इस मुद्दे पर एसडीएम आंनदपुर साहिब ने हमें बुलाया है। अगर वहां से न्याय नहीं मिला तो हम डीसी रोपड़ के समक्ष यह मुद्दा उठाएंगे।

इस मौके पर हरिओम योगा सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. श्रीकांत शर्मा, हिमाचल कल्याण सभा के अध्यक्ष कुलवीर जम्वाल, मोहन लाल, तरलोचन सिंह, व्यापार मंडल के भरतगढ़ के सदस्य बंटी, लघु उद्योग संघ के उपाध्यक्ष रमेश शर्मा, फेडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्री के राज्याध्यक्ष चिरंजीव सिंह ठाकुर, दभोटा पंचायत के उपप्रधान जगतार सिंह व बीडीसी भी मौजूद रहे।

### पंजाब सरकार गंभीर नहीं लोगों को हो रही परेशानी

**धरने** प्रदर्शन के बाद उद्यमियों और आम लोगों ने एक रोष रैली भी निकाली। यह रोष रैली पुल से होकर उस नदी तक गई जहां से वैकल्पिक तौर पर वाहनों की आवाजाही होती है। लघु उद्योग संघ ने रोष जताया कि सरकारों के पास फ्री में बांटने के लिए सब कुछ है, लेकिन पुल बनाने के लिए पैसे नहीं हैं। पुल की मरम्मत न होने से पंजाब व हिमाचल के दोनों ओर के लोग परेशान हो रहे है।

### तहसीलदार ने दिया आश्वासन

**प्रदर्शन** में मौके पर पहुंचे तहसीलदार आनंदपुर ने लघु उद्योग संघ के पदाधिकारियों से बातचीत की और आश्वासन दिया कि एसडीएम के समक्ष मामला रखा जाएगा और पुल के कार्य को लेकर भी सरकार तक बात की जाएगी, ताकि समाधान हो सके।

# महिलाओं के कब्जे से छुड़ाया हॉस्टल

## पांच साल से माइल हॉस्टल में कब्जा किए बैठी थी महिलाएं, उपमहापौर ने किया था महिला होस्टल का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला शहर में पिछले पांच साल से कई महिलाएं हॉस्टल में कब्जा किए बैठी हैं। नगर निगम की उपमहापौर के निरीक्षण के बाद पता चला कि महिलाएं यहां से जाने का नाम नहीं ले रही हैं।

**अब दूसरी महिलाओं को दिया जाएगा हॉस्टल में रहने का मौका**

इंजन घर वार्ड में नगर निगम शिमला की उपमहापौर उमा कौशल ने शुक्रवार देर शाम को माइल हॉस्टल का निरीक्षण किया। हॉस्टल में रह रही कामकाजी महिलाओं की समस्याओं को सुना । हॉस्टल में कई वर्षों से कुछ महिलाएं रह रही है। जबकि पांच साल से ज्यादा यहां पर महिलाएं नहीं रह रही है। उन महिलाओं ने सिंगल रूम में कब्जा करके रखा है। जबकि एक कमरे में दो महिलाओं के रहने की व्यवस्था की गई है। कई वर्षों से महिला हॉस्टल में कब्जा करके बैठी महिलाओं को अब नगर निगम बाहर का रास्ता दिखाने जा रहा है। अचानक निरीक्षण करने संजौली इंजन घर कामकाजी महिलाओं के हॉस्टल पहुंची जहां उन्होंने नगर निगम की डिप्टी ने कहा कि हॉस्टल में कुछ दिन पहले महिलाओं में आपसी कहा सुनी हो गई थी और यहां महिलाओं की कुछ समस्या भी थी। कुछ महिलाएं सिंगल रूम लेकर रह रही है ओर कई ऐसी महिलाएं है जो कई वर्षों से रह रही है। जबकि पांच साल से ज्यादा नहीं रह सकती है। इन्हें यहां से जाना चाहिए, जिससे दूसरी महिलाओं को मौका नहीं मिल रहं है। यहां रहने के लिए कई महिलाओं ने आवेदन किया है। जिन्हें भी यहां रहने का मौका दिया जाएगा।


हॉस्टल में कार्रवाई करते हुए नगर निगम शिमला के कर्मचारी।

**निगम ने नहीं दिया कोई ध्यान**

उपमहापौर, नगर निगम शिमला उमा कौशल ने कहा कि महिला हॉस्टल में पांच साल तक रहने का प्रावधान है बावजूद उसके नगर निगम ने इस और कोई ध्यान ही दिया। इन महिलाओं ने हॉस्टल में कब्जा कर लिया था। अब इन महिलाओं को यहां से जाना होगा। यहां पर अब अन्य महिलाएं रहेंगी।

## शिमला की मंडी में चैरी की दस्तक

**शिमला।** शिमला में गुठलीदार फलों ने मंडियों में दस्तक दे दी है। आम तौर पर मई माह में पकने वाली चैरी अप्रैल माह में ही पककर तैयार हो गई है। शनिवार को शिमला की फल मंडी ढली में के चेरी प्रतिकिलो 130 रुपए से 250 रुपए प्रतिकिलो बिकी। सीजन की शुरुआत में ही बागवानों को लगभग 250 रुपए प्रति किलो तक रेट मिल रहे हैं। पहले दिन मंडी में लगभग 15 डिब्बे ही मंडी में पहुंचे। प्रदेश में चेरी की सबसे अधिक पैदावार शिमला जिले के ननखड़ी, कोटगढ़ और नारकंडा क्षेत्रों में होती है। आढ़ती यशवंत शर्मा ने कहा कि इस वर्ष गुठलीदार फलों का सीजन लगभग दस दिन देरी से शुरू हुआ है। अभी कम मात्रा में ही मंडी में चेरी पहुंची है।

## न्यूज ब्रीफ

### कोटखाई में 51 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**कोटखाई।** शनिवार को कोटखाई के अटल बिहारी विश्राम परिसर में समाजसेवी नील रतन भारद्वाज के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. गीति परमार की अगुवाही में आईजीएमसी ब्लड बैंक टीम सुबह से रक्त शिवर को सफल बनाने में लग गई। कोटखाई में लोग रक्तदान के प्रति जागरूक नजर आए पूरे दिन मे 51 यूनिट खून इस शिविर के द्वारा प्राप्त हुआ। रक्तदान शिविर में व्यापार मंडल कोटखाई का भी सहयोग रहा व्यापारी वर्ग ने भी में बढ़-चढ़कर भाग गया।

### वाहनों की आवाजाही पर निर्देश किए पारित

**रिकांगपिओ।** जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया कि मुरंग पुल पर मुरम्मत कार्य को देखते हुए मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 , 116 के तहत मुरंग पुल पर वाहनों के लिए प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक तथा 2:00 बजे से सायं 4 बजे तक पाबंदी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। उन्होंने बताया कि यह आदेश सिर्फ आपातकालीन स्थिति में लागू नहीं होंगे। उपायुक्त ने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की है।

### समझौता ज्ञापन एमओयू पर किए हस्ताक्षर

**शिमला।** शिमला के संजौली कॉलेज में शूलिनी विश्वविद्यालय ऑफ बायो टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू का उद्देश्य दोनों संस्थानों के छात्रों के शैक्षणिक विकास और उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करना है। प्रिंसिपल प्रो भारती भागड़ा और शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पीके खोसला ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर, दोनों पक्षों ने एमओयू के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की और छात्रों के लिए संभावित लाभों पर विचार-विमर्श किया। एमओयू में दोनों संस्थानों के छात्रों के लिए शैक्षणिक भ्रमण और विविध सुविधा और शोध के क्षेत्र में छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना आदि मुख्य बिंदु शामिल हैं।

### 29 अप्रैल को कोटखाई में बंद रहेगी बिजली

**कोटखाई।** विद्युत उपमंडल कोटखाई के तहत कोटखाई सब-स्टेशन यार्ड पर एम एंड टी सोलन पार्टी द्वारा 22 केवी कंट्रोल पॉइंट के निर्धारित परीक्षण और रखरखाव कार्य के चलते विद्युत उपमंडल क्यारी सहित विद्युत खंड कोटखाई, महासू और पदारा से 29 अप्रैल, सोमवार को सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल कोटखाई वरुण धीमान ने कहा इस दौरान प्रभावित पंचायतों में बाग-डोमेहर, महासू, पांदली, दरकोटी, ग्रावग, थरोला और क्यारी पंचायत शामिल होंगी।

### नशे के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

**शिमला।** शिमला के एडवांस स्टडी स्थित गवर्मेंट हाई स्कूल में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । मानव कल्याण सेवा समिति चौपाल द्वारा दीपक सुंदरियाल ने जानकारी दी कि शिमला नगर निगम के अंतर्गत सभी स्कूलों में बच्चों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। स्कूल में किशोरों में नशे के बढ़ते प्रचलन के कारणों पर विस्तृत चर्चा की गई। नशे के आधुनिक प्रकार व उनसे होनें वाले दुष्प्रभावों से बचनें हेतु आवश्यक जानकारी स्कूली छात्रों व उपस्तिथ स्टाफ से सांझा की गई। संस्था के ट्रेनर वीरेंद्र कुमार व नीलम चौहान द्वारा किशोरों को नशा न करने की शपथ भी दिलवाई और उन्हें नशे के खिलाफ एकजुट होकर अपने अपने क्षेत्र में जागरूकता फैलाने में सहयोग देने का आग्रह भी किया।

### 15 पुलिस कर्मियों को दिया स्पेशल प्रशिक्षण

**रिकांगपिओ।** जिला किन्नौर की त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) टीम आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए एक सप्ताह का पुनश्चर्या प्रशिक्षण, पुलिस लाइन रिकांगपिओ मे डीएसपी नवीन झाल्टा के पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण मे क्यूआरटी के 15 पुलिस कर्मी शामिल रहे जिन्हें शांति भंग, कानून और व्यवस्था, खोज और बचाव अभियान जैसी विभिन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस अधीक्षक सृष्टि पांडे ने कहा कि सप्ताह भर चले इस अभियान में प्रशिक्षुओं को हथियार संचालन तकनीकों, बचाव कार्यों का प्रशिक्षण और दबाव में प्रतिक्रिया समय, समन्वय और निर्णय लेने में सुधार के लिए डिज़ाइन किए गए कठोर और सिमुलेशन की एक श्रृंखला शामिल की गई। इसके अतिरिक्त, होम गार्ड के प्रशिक्षित प्रशिक्षकों ने क्यूआरटी को बचाव कार्यों में विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

### कार सवार से पकड़ी 180 ग्राम चरस

**बिलासपुर।** किरतपुर मनाली फोरलेन के समीप सदर थाना बिलासपुर की टीम ने युवक से 180 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने मौके पर ही युवक को गिरफ्तार कर लिया है और मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी खेप को लेकर दिल्ली जा रहा है, लेकिन वह बिलासपुर में नाकाबंदी के दौरान पकड़ा गया। पुलिस के एक दल ने किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर नाकाबंदी की थी। इसी बीच मनाली की ओर से आ रही कार को रोका गया। चालक से कार संबंधी दस्तावेज मांगे गए। शक के आधार पर कार की भी तलाशी ली गई तो 180 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान सोमिल संजर निवासी रोहिणी नॉर्थ वेस्ट दिल्ली के रूप में हुई है। खबर की पुष्टि बिलासपुर डीएसपी मदन धीमान ने की।

### दधोल-जरोड़ा संपर्क सड़क मार्ग की हालत खस्ता

**दधोल।** उपमंडल भराड़ी क्षेत्र के तहत आने वाली दधोल से जरोड़ा संपर्क सड़क मार्ग की हालात लेना लोनिवि विभाग भूल गया है। इस सड़क पर शिव शक्ति मदिर दधोल के पास पिछले एक साल पहले बरसात के समय सड़क के साथ का एक बड़ा हिस्सा भू-स्खलन हो गया है। इसके कारण सड़क के साथ कोई भूमि नहीं बची है और वहां कोई भी गाड़ी सड़क बाहर जाते ही हादसे का शिकार हों सकती है। विभाग द्वारा इसका निरीक्षण भी किया था, मगर आज तक कोई कार्य इस जगह पर नहीं किया गया है। ऊपर से दोबारा बरसात का मौसम आने वाला है अगर जल्दी से जल्दी इस जगह डंगा न लगाया गया तो इस सड़क का बहने का खतरा है। इसके कारण दधोल जरोड़ा का संपर्क टूट जाएगा। लोगों ने विभाग से मांग की है कि इस जगह जल्दी से जल्दी डंगा लगाया जाए और पानी की निकासी का उचित प्रबंध किया जाए। उधर, लोक निर्माण विभाग भराड़ी के सहायक अभियंता रतन सिंह ने कहा कि यह सड़क प्रधानमंत्री सड़क योजना में बनी है और अभी ठेकेदार इसको ठीक करेगा। दूसरे अभी बजट नहीं है और हमारी सड़क सुरक्षित है गाड़ियां जा रही हैं।

### चित्रकला प्रतियोगिता में शिवांगी फर्स्ट

**बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रघुनाथपुरा में 'ब्यास ईको क्लब' द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय ' जल संरक्षण और वेस्ट मैनेजमेंट था। बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता पाठशाला के प्रधानाचार्य अशोक कुमार कैंथ की अध्यक्षता में ब्यास ईको क्लब प्रभारी टीजीटी कंचन बाला द्वारा आयोजित करवाई गई। उन्होंने बताया कि सातवीं कक्षा की शिवांगी ने प्रथम स्थान, छठी कक्षा के रेशव ने द्वितीय स्थान व पारुल कक्षा छठी ने प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया । उन्होंने बताया कि इस दौरान बच्चों के लिए खेलकूद तथा वेस्ट मैनेजमेंट की गतिविधियां भी पाठशाला में करवाई गई।

### नयनादेवी विस क्षेत्र में बूथ विजय अभियान शुरू

**श्रीनयनादेवी।** भाजपा के बूथ विजय अभियान के अंतर्गत श्री नयनादेवी के बेहल, धरौट, नीला और बेहरड़ा में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों की अध्यक्षता विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने की। रणधीर शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा प्रदेश सरकार दुख फैलाने वाली सरकार बन बैठी है। जब से कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई है केवल जनता के ऊपर महंगाई का बोझ डालने का कार्य कर रही है। पहले डीजल को सात रुपए बढ़ाया और डिपो में दालों के मूल्य भी बढ़ा दिए। कांग्रेस की विधानसभा चुनावों में दस गारंटियां झूठ का पुलिंदा साबित हो रही हैं।

### ज्योरीपतन में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**बिलासपुर।** लायुल ट्राइबल वेलफेयर एसोसिएशन और स्वास्थ्य विभाग बिलासपुर ने ज्योरीपतन में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। परियोजना प्रबंधक राजेश शर्मा ने बताया कि यह शिविर लोगों को घर द्वार पर टेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगाया गया है। उसके बाद उन्होंने लोगों को एचआईवी एड्स, टीबी संक्रमण के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने लोगों को हेपेटाइटिस के बारे में बताया। हेपेटाइटिस मूल रूप से लीवर से जुड़ी बीमारी है, जो वायरल इंफेक्शन के कारण होती है। इस बीमारी में लीवर में सूजन आ जाती है। हेपेटाइटिस, एबीएसी, डी और कई प्रकार का होता है। इन पांच वायरस को गंभीरता से लेना चाहिए। हर साल इसकी वजह से होने वाली मौतों का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। परामर्शदाता पृथ्वी सिंह पठानिया ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में सभी को बताया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशे के गर्त में धंसती जा रही है। इसका एकमात्र कारण युवाओं को सही जानकारी सही समय पर नहीं मिलना है।

## चौपाल के युवक को प्रधानमंत्री जीवन रक्षा पदक दिलाने की उठाई मांग

**नेरवा,चौपाल।** प्रदेश पेंशनर कल्याण एसोसिएशन ने अपनी जिंदगी खतरे में डाल कर दो मासूम बच्चों की जान बचा कर अति सराहनीय कार्य का परिचय देने वाले चौपाल के युवक ऋतिक को प्रधानमंत्री जीवन रक्षा पदक दिलाने की मांग कीद्य प्रदेश पेंशनर कल्याण एसोसिएशन, के संयुक्त सचिव रविंद्र चंदेल और संघ के अध्यक्ष सुरेश चौहान की उपस्थिति में एक ज्ञापन उपमंडल अधिकारी(ना) चौपाल के माध्यम से सौंपा। इसमें आग्रह किया है कि हाल ही में आठ अप्रैल को जब दो बच्चे सोलन मे रेलवे लाइन टनल के बीच से गुजर रहे थे तो ठीक उसी समय तेज रफ्तार से ट्रेन पटरी पर आ गई और पास खड़े रितिक नामक युवक ने देखा की सामने से ट्रेन आ रही है यह ट्रेन के नीचे आ जाएगे, इस युवक ने बड़ी मुस्तैदी और बहादुरी के साथ अपनी जिंदगी की परवाह ना करते हुए छलांग लगा कर उन दोनों मासूम बच्चों (अनन्या 8 वर्ष और दीक्षा 12 वर्ष) को ट्रेन के नीचे आने से बचा लिया, लेकिन दुर्भाग्यवश इस युवक के दोनों पैर ट्रेन के नीचे आ गए और जिसके परिणामस्वरूप उसने अपने दोनो पैरों को सदा के लिए गवां दिया है। युवक पीजीआई चंडीगढ़ में उपचाराधीन है।

## मनीष ठाकुर की कांग्रेस पार्टी में हुई वापसी



**रोहड़ू।** प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता रौनी घेदटा ने जारी प्रेस बयान के माध्यम से बताया कि जिला सिरमौर के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में शिमला संसदीय क्षेत्र की मुख्यमंत्री की चुनावी रैली में मनीष ठाकुर ने घर वापसी कर कांग्रेस पार्टी का हाथ थामा है। उल्लेखनीय है कि मनीष ठाकुर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के करीबियों में से हैं। वहीं मनीष ठाकुर के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वालों में सैकड़ों युवाओं का सैलाब भी देखने को मिला है। इस दौरान जहां युवाओं ने पार्टी में घर वापसी कर मनीष ठाकुर का भव्य स्वागत किया है। वहीं मनीष ठाकुर कार्यकर्ताओं संग शिमला संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में और प्रदेश सरकार द्वारा पूरी की गई गारंटियों के हाथों में समर्थन चार्ट लेकर दिखे मुख्यमंत्री के साथ दिखे हैं। मुख्यमंत्री सहित शिक्षा मंत्री, उद्योग मंत्री, अजय सोलंकी, विनोद सुल्तानपुरी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने मनीष ठाकुर का कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर हार पहना कर स्वागत किया है।


रिकांगपिओ। समूचा जिला में देर रात को तेज बारिश हुई वही जिला के ऊंचाई वाले क्षेत्रों सहित 12 हजार फीट की ऊंचाई पर्यटन स्थल नाको में शनिवार सुबह बर्फबारी का दौर देखा गया। जिला में पिछले कुछ दिनों से दिन के बाद बारिश के होने से बागबानों व किसानों को काम करने में भी बारिश बाधा बनी है। उधर, नाकों में हुई बर्फबारी के बाद क्षेत्र में ठंड बढ़ गई है। बहरहाल जिला में बारिश का आंख मिचौनी बनी हुई है। नाको में बर्फबारी रुकी है लेकिन बर्फबारी की संभावना बनी हुई है।

## माई सिटी ऐप से बुक करवा सकेंगे प्रीपेड टैक्सी, पर्यटकों को मिलेगा फायदा

**आशिमा वैरागी, शिमला**

राजधानी शिमला में अब लोग माई सिटी ऐप के जरिए प्रीपेड टैक्सी की बुकिंग करवा सकेंगे।

नगर निगम द्वारा इसका प्रावधान किया जा रहा है। शिमला शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए यह फैसला लिया गया है। एमसी ने शहरवासियों के साथ साथ शिमला आने वाले पर्यटकों को राहत पहुंचने के लिए यह कदम उठाया है। स्मार्ट सिटी के तहत शहर में एक ऐप बनाई गई है। इस ऐप से नगर निगम से जुड़े सभी कार्य करवाए जा सकते हैं। निगम का टैक्स यानी संपत्ति कर, पानी के बिल, बिजली बिल व अनुमति लेने की भी सुविधा ऐप में दी गई है।




अब इस ऐप में लोगों को यदि उन्हें बस बुक करवाने की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही प्रीपेड टैक्सी की सुविधा भी दी जाएगी। इसके लिए प्रीपेड टैक्सी के तहत कितनी यूनियन हैं, उनका पूरा आंकड़ा जानने के बाद नगर निगम प्रशासन इसे ऐप में अपलोड करेगा।

ऐप को स्मार्ट सिटी के माध्यम से तैयार किया है। ऐप को अपडेट करने के बैठक में निर्देश दिए। ऐप के और अपडेट होने के बाद पर्यटकों व स्थानीय लोगों को बस व टैक्सी बुक करवाने की सुविधा मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

**शहर की 11 पार्किंग की मिलेगी डिटेल**

**शिमला** शहर की 11 पार्किंग की डीटेल ऐप में डाली जाएगी और लोगों को इसकी सुविधा मिल सकेगी। घर से निकलते ही वे शहर में पार्किंग की बुकिंग करवा सकेंगे। ऑनलाइन एप के माध्यम से पार्किंग की बुकिंग की सुविधा मिल सकेगी। बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों को जल्द स्मार्ट पार्किंग की सुविधा मिलेगी। शहर की 11 बड़ी पार्किंग में लोग घर बैठे ही पार्किंग में खाली जगह को तलाश कर जगह बुक कर सकते हैं।

**पार्किंग के लिए नहीं भटकेंगे लोग**

**लोगों** को पूरे शहर में पार्किंग की तलाश के लिए वाहन नहीं घुमाना पड़ेगा। इससे एक तो सैलानी व स्थानीय लोगों का समय बचेगा और दूसरा शहर में पर्यावरण को भी कम नुकसान होगा। शहर में ट्रैफिक जाम की स्थिति भी पैदा नहीं होगी। पर्यटन सीजन में भी ट्रैफिक जाम से राहत प्रदान होगी। शिमला शहर में घूमने आ रहे पर्यटकों व स्थानीय लोगों को अब पार्किंग तलाशने के लिए नहीं भटकना पड़ेगा। इसके लिए नगर निगम ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को जिनके माध्यम से इस ऐप को बनाया जा रहा है। उन्हें अगले दो महीने के भीतर यह सुविधा देने के निर्देश जारी कर दिए हैं, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**अब घर बैठे हो जाएगी टैक्सी की बुकिंग**

**नगर** निगम शिमला आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने कहा कि सभी अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए है। अब जल्द ही लोगों को ऐप की सुविधा मिलेगी। घर बैठे लोग टैक्सी बुक करवा सकते है। अभी नगर निगम द्वारा बिजली व पानी के बिल तथा टैक्स जमा करवाने की ही ऐप पर सुविधा मिलती थी। शिमला शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए यह कार्य किया जा रहा है।

## जितेंद्र चंदेल कांग्रेस वार रूम के सह संयोजक नियुक्त

**बिलासपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जितेंद्र चंदेल को प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस वार रूम का सह संयोजक नियुक्त किया गया है। जितेंद्र चंदेल ने इसके लिए मुख्यमंत्री और शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष संजय अवस्थी की ओर इसकी पुष्टि की गई है। जितेंद्र चंदेल सदर विधानसभा के हरलोग क्षेत्र से संबंध रखते हैं। वर्तमान में वह हिमुडा निदेशक सदस्य के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। इससे पहले वह प्रदेश कार्यकारिणी में महासचिव के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। साथ ही जिला कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए पार्टी के लिए कार्य किया है।

# मार्केट वैल्यू के हिसाब से दें जमीन का दाम

## विस्थापित संघर्ष समिति ने विरोध रैली निकालकर किया प्रदर्शन, डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मटौर-शिमला फोरलेन सड़क प्रभावित एवं विस्थापित संघर्ष समिति ने शनिवार को बिलासपुर मुख्यालय पर एक विरोध रैली निकाली। नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर से विरोध रैली निकालते हुए प्रभावित लोगों ने डीसी ऑफिस तक रैली निकाली।

इसके बाद उपायुक्त के माध्यम से समिति ने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन भी भेजा है। ज्ञापन के माध्यम समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि नौणी से नम्होल ने प्रभावितों को भूमि के कम दाम को लेकर चिंता जताई है। विस्थापित एवं प्रभावितों का कहना है कि वर्तमान में जमीन के दाम मार्केट में पांच लाख रुपए प्रति बिस्वा हैं। लेकिन नेशनल हाईवे ऑथरिटी ऑफ इंडिया की ओर से महज 45 हजार प्रति बिस्वा के दाम निर्धारित किए गए हैं। जोकि सही नहीं है। नेशनल हाईवे ऑथरिटी ऑफ इंडिया की ओर से प्रभावितों को यह तो मार्केट वेल्यू के हिसाब से दाम दें या फिर जमीन के बदले उचित स्थान पर जमीन ही मुहैया करवाए, ताकि विस्थापित एवं प्रभावितों को समस्या न झेलनी पड़े। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से प्रभावितों को नोटस जारी किए जा रहे हैं। दो माह में भूमि, मकानों को खाली करने फरमान जारी किए जा रहे हैं। जोकि सही नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से जो सर्किल रेट निर्धारित किए गए हैं, वह सही नहीं है। इसके चलते प्रभावितों में रोष है।


डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए विस्थापित संघर्ष समिति के सदस्य।

**आवश्यकता पड़ी तो आंदोलन भी करेंगे**

**उन्होंने** कहा कि प्रशासन की ओर से प्रभावितों को आश्वासन दिया गया था कि प्रभावितों की बैठक में भूमि के रेट तय किए जाएंगे। लेकिन बैठक करना तो दूर जन सुनवाई तक नहीं हुई। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से इस मसले में स्थानीय प्रतिनिधियों से भी कोई चर्चा नहीं की। उन्होंने कहा समिति की ओर से प्रभावितों के हितों की अनदेखी सहन नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो आंदोलन का रास्ता भी अख्तियार किया जाएगा। बैठक में स्थानीय नेताओं की भूमिका पर भी चर्चा की गई। कहा गया कि स्थानीय नेता भी वोट बैंक तक ही सीमित दिखाई दे रहे हैं। इन तरह के नेताओं को आगामी चुनावों में खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## केवल सिंह पठानिया ने भाजपा पर साधा निशाना

**शिमला।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश के मतदाता खरीद-फरोख्त की राजनीति को करारा जवाब देंगे। भाजपा ने एक चुनी हुई सरकार को धन-बल से गिराने की साजिश रची, जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है। जनता भाजपा को हिमाचल प्रदेश की संस्कृति को कलंकित करने के कुकृत्य को कभी माफ नहीं करेगी। प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें और छह विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनावों में कांग्रेस भारी मतों से विजय हासिल करेगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एक आम परिवार से निकलकर कड़ी मेहनत के बाद मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे हैं, इसीलिए वे जनसमस्याओं से भलीभांति परिचित हैं। उनके नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने जन कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं तैयार की और उन्हें धरातल पर उतारा।

## घुमारवीं में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर किया मंथन

**घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने के उद्देश्य से एकदिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के संयोजक प्रो. कुलभूषण चंदेल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मुख्य सिद्धांतों पर चर्चा की और इस नीति को लागू करने के उद्देश्य से तैयार किए गए स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम को सभी के साथ साझा किया। इस कार्यक्रम में प्रो. कुलभूषण चंदेल ने विभिन्न महाविद्यालयों से पधारे शिक्षकों के प्रश्नों के उत्तर दिए व उनके द्वारा दिए गए सुझावों को सरकार, शिक्षा विभाग तथा विश्वविद्यालय तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय जुखाला के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के दौरान पेश आने वाली चुनौतियों को ज्ञापन के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने सुझाव दिया कि पूरे प्रदेश में इस नीति को लागू करने से पहले प्रदेश विश्वविद्यालय में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसे लागू किया जाना चाहिए, ताकि इससे जुड़ी समस्याओं का पता लगाया जा सके तत्पश्चात पूरे प्रदेश के महाविद्यालय में लागू करना चाहिए। इस कार्यक्रम के मंच संचालक डॉ. सुरेश शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों, अभिभावकों अध्यापकों तथा समाज के सभी हितधारकों के हित को सर्वोपरि रखते हुए इस नीति को लागू करने से पहले इसके सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया जाना चाहिए।




**श्रीनयनादेवी ।** राजकीय महाविद्यालय श्री नैना देवी जी में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा महाविद्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र कुमार द्वारा की गई कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में नारा लेखन तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन हुआ इस कार्यक्रम में लगभग 90 विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने लोगों को सड़क सुरक्षा सीट बेल्ट अन्य संबंधित स्थिति के बारे में रैली के माध्यम से जागरूक किया।

## खुद भी न करें नशा और दूसरों को भी न करने दें : महेंद्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हमारी युवा पीढ़ी और बच्चे सुरक्षित रह सके और देश के निर्माण में अपना योगदान कर सके ये बात-घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा, कार्यक्रम में संस्कार संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने सांख्यान आईटीआई घुमारवीं में कही।

चिट्टे के सप्लायरों के खिलाफ शक्ति के साथ कानून का पालन करे और चिट्टे के सप्लायरों को जेल भेजे तथा सरकार चिट्टे के खिलाफ सख्त कानून बनाये। उन्होंने बच्चों से कहा कि चाहे कोई भी परिस्थिति हो हमें कभी भी नशा नहीं करना है और दूसरों को नशा न करने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि संस्था को हर गांव मे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों का इस अभियान के लिए भरपूर साथ मिल रहा है। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा के तहत घुमारवीं उपमंडल के शिक्षण संस्थानों में बच्चों के बीच एक सर्वेक्षण कर रही है। इसके माध्यम से छात्र छात्रों को इस अभियान के साथ जुड़ने तथा अपने आप को नशे से बचाने के लिए जागरूक कर रही है। जनवरी माह से घुमारवीं विकास खंड की 40 पंचायतों में संपर्क अभियान के अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर छोटी-छोटी बैठकों से इस अभियान की शुरुआत की थी।

**जांच** दुकानों के बाहर लगाए सामान को हटाने के तुरंत जारी किए आदेश

# डीसी-एसडीएम ने डियारा सेक्टर का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक और एसडीएम अभिषेक कुमार गर्ग शनिवार को अचानक पूरे प्रशासनिक अमला के साथ नगर के डियारा सेक्टर में पहुंच गए। यहां पर पहुंचने पर उन्होंने यहां पर स्थित दुकानों का औचक निरीक्षण भी किया।

साथ ही उन्होंने यहां पर दुकानदारों द्वारा अनावश्यक किए गए अतिक्रमण को तुरंत प्रभाव से हटाने के भी आदेश भी जारी किए। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को यह भी आदेश जारी किए हैं कि वह यहां पर सुनिश्चित करें कि यहां पर कोई भी दुकानदार दुकानों के बाहर अतिक्रमण न करें और साथ ही अगर ऐसा करता हुआ कोई पाया जाता है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को बस स्टैंड के सौंदर्यीकरण के लिए विशेष कदम उठाने के सख्त निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त एमसी के अधिकारियों को डीआरएस स्थित कम्युनिटी हॉल के स्थान पर एक अच्छा प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश दिए ताकि स्थानीय जनता को लाभ मिल सके।


डियारा सेक्टर में दुकानों का निरीक्षण करते हुए डीसी व अन्य।

**सामान हटाने के दिए निर्देश**

**उधर,** इस संदर्भ में जब उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक से बात की गई तो उन्होंने कहा कि डियारा सेक्टर व बस स्टैंड के साथ लगते कछ स्थानों का विजिट किया गया है। दुकानदारों को दुकानों के बार रखे सामानों को हटाने को कहा गया है। यहां के कुछ स्थानों पर ओपन जिम बनाने का भी प्लान तैयार किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### उबेर कप : भारतीय महिलाओं ने कनाडा को 4-1 से हराया

**चेंगडू (चीन)।** अश्मिता चालिहा ने अपने से ऊंची रैंकिंग की खिलाड़ी मिशेल लि को हराकर उलटफेर किया, जिससे भारतीय महिला टीम ने उबेर कप टूर्नामेंट में कनाडा को 4-1 से हराया। रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज चालिहा ने मानसिक मजबूती और जज्बे का शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी लि को शुरुआती एकल मुकाबले में 42 मिनट में 26-24 24-22 से मात दी। लि 2014 और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक विजेता हैं।

### सेंथिल कुमार बैच ओपन स्क्वाश के सेमीफाइनल में



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिल कुमार ने पेरिस में चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी को हराकर बैच ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीय और विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर काबिज सेंथिल कुमार ने पांचवें वरीय चेक गणराज्य के खिलाड़ी को 37 मिनट में 11-5, 11-6, 11-2 से हरा दिया।

### मैड्रिड ओपन : चोट के कारण झेंग किनवेन का सफर समाप्त



**मैड्रिड।** चीन की छठे नंबर की खिलाड़ी झेंग किनवेन का चोट के कारण मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सफर को समाप्त हो गया। दाहिनी जांघ पर चोट के कारण उन्हें यूलिया पुतिनत्सेवा के खिलाफ अपने दूसरे दौर के मैच के दूसरे सेट से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। शुक्रवार को झेंग को अपने कजाक प्रतिद्वंद्वी से पहला सेट 7-5 से हारने और दूसरे सेट में 2-0 से पिछड़ने के बाद शारीरिक समस्या के कारण रिटायर होने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### ग्रीस ने पेरिस खेलों के आयोजकों को सौंपी ओलंपिक मशाल



एथेंस। ग्रीस ने एथेंस के पैनाथेनिक स्टेडियम में आयोजित एक प्रतीकात्मक समारोह के दौरान आधिकारिक तौर पर पेरिस 2024 आयोजन समिति के एक प्रतिनिधिमंडल को ओलंपिक मशाल सौंपी। यह वही स्थान है, जहां आधुनिक ओलंपिक पहली बार 1896 में खेले गए थे। ग्रीष्मकालीन ओलंपिक इस वर्ष 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस में आयोजित किया जाएगा।

### अमेरिका में नेब्रास्का और आयोवा में तूफान से इमारतें ढहीं



**ओमाहा।** मध्य पश्चिमी अमेरिका में शुक्रवार को भीषण तूफान ने जमकर कहर बरपाया, जिससे नेब्रास्का राज्य के ओमाहा में एक इमारत ढह गई, जिसके मलबे में कई लोग दब गए और सैकड़ों मकान क्षतिग्रस्त हो गए। तूफान से शुक्रवार रात तक कई लोगों के घायल होने की खबरें मिलीं। नेब्रास्का की लैंकास्टर काउंटी में तूफान के कारण एक व्यावसायिक इमारत गिरने से तीन लोग घायल हो गए।

### हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में जहाज को निशाना बनाकर दागी मिसाइलें

**यरुशलम ।** एक बार फिर यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से गुजर रहे जहाज पर शुक्रवार को मिसाइलें दागीं।



हालांकि यह उससे कुछ दूरी पर गिरीं। एक निजी सुरक्षा फर्म ने यह जानकारी दी। कुछ दिनों के विराम के बाद अब फिर से हूती विद्रोहियों ने हमले तेज कर दिए हैं। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध के दौरान क्षेत्र में नौवहन मार्ग पर हूती विद्रोहियों ने हमलों की शुरुआत की थी।

### समझौता करने के बजाए जेल में रहने के लिए तैयार हूं: इमरान खान

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उन लोगों के साथ कोई भी समझौता करने से इनकार कर दिया जिन्होंने देश को 'गुलाम' बना दिया है और उन्होंने कहा कि वह नौ और साल जेल में रहने के लिए तैयार हैं, लेकिन इन लोगों के साथ कभी कोई समझौता नहीं करेंगे। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 28वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को जारी संदेश में खान ने कहा कि देश पर तानाशाही थोपी गयी है जो अर्थव्यवस्था, शासन, लोकतंत्र और न्यायपालिका के ''विनाश'' का आधार बन रही है।

### हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को चाचा राजाराम सोरेन के अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म में शामिल होने के लिए ईडी कोर्ट में अंतरिम जमानत (प्रोविजनल बेल) याचिका दाखिल की है। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में दोनों पक्षों की सुनवाई हुई। इसके बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया। याचिका में सोरेन ने कोर्ट से आग्रह किया है कि उन्हें चाचा राजाराम सोरेन के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाए।

### कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए, डीजल 87.62 रुपए, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए, डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

# दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई को 10 रन से हराया

## तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या और टिम डेविड की मेहनत पर फिरा पानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**इंडियन** प्रीमियर लीग का शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में 43वां मैच खेला गया। यह मैच दिल्ली कैपिटल्स ने 10 रन से जीत लिया। मुंबई ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। दिल्ली की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 257 रन बनाए। मुंबई की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 247 रन ही बना सकी। दिल्ली कैपिटल्स के जैक फ्रेजर-मैगर्क ने 27 बॉल पर 84 रन की पारी खेली। उन्होंने पारी में 11 चौके और 6 सिक्स लगाए।

ट्रिस्टन स्टब्स ने 47 और शाई होप ने 41 रन बनाए। मुंबई की ओर से ल्यूक वुड, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला और मोहम्मद नबी को 1-1 विकेट मिला। मुंबई टीम के तिलक वर्मा ने 63, हार्दिक पंड्या ने 46 और टिम डेविड ने 37 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव 26 और ईशान किशान 20 रन बनाकर आउट हुए। दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज रसिख सलाम और मुकेश कुमार ने 3-3 विकेट लिए। दो सफलताएं खलील अहमद को भी मिलीं।

**रसिख सलाम और मुकेश कुमार ने 3-3 विकेट झटके**

### आखिरी ओवर में चाहिए थे 25 रन, पहली बॉल पर तिलक वर्मा रन आउट

**आखिरी** ओवर में 25 रन चाहिए थे। पहली बॉल पर तिलक वर्मा 2 रन लेने की कोशिश में रन आउट हो गए। दूसरी बॉल पर 2 रन बने, तीसरी बॉल पर ल्यूक वुड ने छक्का लगा दिया। पांचवीं बॉल पर पीयूष चावला ने चौका लगाया। आखिरी बॉल पर 11 रन चाहिए थे, लेकिन चावला लॉन्ग ऑन पर कैच हो गए। पीयूष चावला 20वें ओवर की आखिरी बॉल पर कैच आउट हो गए। मुकेश कुमार ने फुल टॉस गेंद फेंकी। चावला ने बड़ा शॉट खेला, लेकिन लांग ऑन पर कैच हो गए। चावला ने 4 बॉल पर 10 रन बनाए। उनके साथ ल्यूक वुड 3 बॉल में 9 रन बनाकर नॉटआउट रहे। तिलक वर्मा 20वें ओवर में 63 रन बनाकर रनआउट हो गए। ओवर की पहली बॉल पर उन्होंने 2 रन लेने की कोशिश की लेकिन पहला रन बनाने के बाद वह रनआउट हो गए।

### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मैकगर्क क. नबी ब. चावला | 84 | 27 | 11/6 |
| पोरेल क. किशन ब. नबी | 36 | 27 | 3/1 |
| होप क. तिलक ब. ल्यूक | 41 | 17 | 0/5 |
| पंत क. रोहित ब. बुमराह | 29 | 19 | 2/2 |
| स्टब्स (नाबाद) | 48 | 25 | 6/2 |
| अक्षर (नाबाद) | 11 | 06 | 0/1 |
| **अतिरिक्त** | 08 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **257**/4 | | |

**विकेट पतन :** 1-114, 2-127, 3-180, 4-235.
**गेंदबाजी :** ल्यूक 4-0-68-1, बुमराह 4-0-35-1, तुषारा 4-0-56-0, चावला 4-0-36-1, हार्दिक 2-0-41-0, नबी 2-0-20-1.

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| किशन क. अक्षर ब. पटेल | 20 | 14 | 4/0 |
| रोहित क. होप ब. खलील | 08 | 08 | 1/0 |
| सूर्यकुमार क. विलियमस ब. खलील | 26 | 13 | 3/2 |
| तिलक (रन आऊट) | 63 | 32 | 4/4 |
| हार्दिक क. मुकेश ब. रसिख | 46 | 24 | 4/3 |
| नेहाल क. पंत ब. रसिख | 04 | 02 | 1/0 |
| टिम पगबाधा ब. मुकेश | 37 | 17 | 2/3 |
| नबी क. होप ब. रसिख | 07 | 04 | 0/1 |
| चावला क. होप ब. मुकेश | 10 | 04 | 1/1 |
| ल्यूक (नाबाद) | 09 | 03 | 0/1 |
| **अतिरिक्त** | 17 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **247**/9 | | |

**विकेट पतन :** 1-35, 2-45, 3-65, 4-136, 5-140, 6-210, 7-223, 8-234, 9-247. **गेंदबाजी :** विलियमस 3-0-34-0, खलील 4-0-45-2, मुकेश 4-0-59-3, कुलदीप 3-0-47-0, अक्षर 2-0-24-0, रसिख 4-0-34-4.

## प्रभसिमरन सिंह ने लगाया तीसरा सबसे तेज अर्धशतक



**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने आईपीएल के इतिहास में लिए तीसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाया। 23 वर्षीय बल्लेबाजी ने आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। प्रभसिमरन की 20 गेंदों में 54 रन की पारी ने पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी लाइनअप की गति निर्धारित की। सलामी बल्लेबाज ने केकेआर के गेंदबाजों के खिलाफ 4 चौके और 5 छक्के लगाए। अर्धशतक लगाने के लिए सिर्फ 18 गेंद खेलीं और सूची में तीसरा स्थान हासिल किया। केएल राहुल टूर्नामेंट के 2018 सीजन में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ 14 गेंदों में अर्धशतक लगाने के साथ सूची में शीर्ष स्थान पर हैं। आईपीएल 2020 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 17 गेंदों में अर्धशतक के साथ, निकोलस पूरन सूची में दूसरे स्थान पर हैं। प्रभसिमरन केकेआर के खिलाफ मैच के दौरान पावरप्ले में 50 से अधिक रन बनाने के एक और मील के पत्थर पर पहुंच गए।

## सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत दर्ज करने उतरेगी सीएसके

**चेन्नई ।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए उतरेगी। नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई में सत्र में अच्छी शुरुआत करने वाली सीएसके को पिछले दो मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने दो बार हराया है।

सीएसके को अपने ही मैदान चेपक स्टेडियम में मार्कस स्टोइनिस के शानदार शतक की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने 210 का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। सीएसके आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से तालिका में पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के भी आठ अंक हैं, इसलिए सीएसके अपनी लय में वापसी के लिए बेताब होगी, क्योंकि अब प्लेऑफ की दौड़ तेज हो जाएगी। सीएसके रविवार को तीसरे नंबर पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी, जिसने इस सत्र में दो बार आईपीएल के उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा है, लेकिन पिछले मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान गायकवाड़ और फॉर्म में चल रहे शिवम दुबे के इर्द गिर्द घूमती है। गायकवाड़ ने इस सत्र में अपना दूसरा आईपीएल शतक बनाया है और दुबे ने भी एक और अर्धशतक जड़कर प्रभावित किया।

## तीरंदाजी कप : भारत ने कंपाउंड टीम स्पर्धाओं में जीते तीन स्वर्ण

**एजेंसी, शंघाई**

भारत ने गैर-ओलंपिक कंपाउंड तीरंदाजी में अपना दबदबा बनाते हुए शनिवार को शंघाई में चल रहे विश्व कप के पहले चरण में टीम स्पर्धाओं में क्लीन स्वीप करते हुए स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई।

सत्र के इस पहले वैश्विक टूर्नामेंट में भारत की महिला कंपाउंड टीम ने इटली को 236-225 से हराया। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की भारतीय तिकड़ी ने 24 तीरों में सिर्फ चार अंक गंवाए और छठी वरीयता प्राप्त इटली को बड़े अंतर से हराकर स्वर्ण पदक से खाता खोला। पुरुष टीम में अभिषेक वर्मा, प्रियांश और प्रथमेश एफ ने नीदरलैंड को 238-231 से मात दी। नीदरलैंड की टीम में माइक शोलेसर, सिल पीटर और स्टेफ विलेम्स थे । इसके बाद भारत की मिश्रित टीम ने कंपाउंड वर्ग में तीसरा स्वर्ण पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया। दूसरी वरीयता प्राप्त ज्योति और अभिषेक की जोड़ी ने एस्तोनिया की लिसेल जात्मा और रोबिन जात्मा की मिश्रित जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में 158-157 से मात दी।



## पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने सुनील नरेन



**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर सुनील नरेन ने आईपीएल में रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ते हुए पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। नरेन ने शुक्रवार को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। नरेन ने अपने चार ओवर के स्पैल में सिर्फ 24 रन देकर एक विकेट हासिल किया। उन्होंने 13वें ओवर में रिले रोसौव को आउट कर भारत के स्टार स्पिनर को पीछे छोड़ दिया। अब तक कैरेबियाई क्रिकेटर ने आईपीएल में 170 मैच और 169 पारियां खेलकर 6.74 की इकॉनमी रेट से 173 विकेट हासिल किए हैं। टी-20 टूर्नामेंट में उनके नाम चार बार चार विकेट और सिर्फ एक बार पांच विकेट लिए हैं।

## केंद्र ने छह देशों को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात की दी अनुमति

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्र सरकार ने छह देशों को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात करने की अनुमति दी है। इन छह देशों में बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका हैं। केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 मीट्रिक टन प्याज का निर्यात करने की अनुमति दी गई है।

इन देशों को केंद्रीय एजेंसी नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) प्याज का निर्यात करेगी। इसके साथ ही भारत सरकार ने मध्य-पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों के निर्यात बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2000 मीट्रिक टन सफेद प्याज का निर्यात करने की भी अनुमति दी है। मंत्रालय के मुताबिक देश में प्याज का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते महाराष्ट्र एनसीईएल द्वारा निर्यात के लिए खरीदे गए प्याज का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। हालांकि, केंद्र सरकार ने उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के मूल्य स्थिरीकरण कोष के तहत रबी सीजन-2024 में प्याज के बफर स्टॉक के लिए खरीद का लक्ष्य इस वर्ष 5 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया है।

## श्रीलंका में हिरासत में लिए गए 24 भारतीय मछुआरे रिहा

**कोलंबो।** श्रीलंकाई समुद्री सीमा में मछली पकड़ने के दौरान नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए 24 भारतीय मछुआरों को शुक्रवार को रिहा कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे पहले श्रीलंका ने दो दिन पहले ही पांच और भारतीय मछुआरों को वापस भेजा था। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि श्रीलंका से 24 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया गया है। वे कोलंबो से रवाना हो चुके हैं और फिलहाल अपने घर जा रहे हैं श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए पांच भारतीय मछुआरों को बुधवार को भारत वापस भेजा गया था। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका की नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए 19 भारतीय मछुआरों को भी भारत वापस भेज दिया गया था।

## उत्तराखंड में अब तक वनाग्नि की 575 घटनाएं, 656 हेक्टेयर भूमि प्रभावित

**एजेंसी, देहरादून**



वन मंत्री सुबोध उनियाल ने बताया कि प्रदेश में अब तक वन अग्नि की कुल 575 घटनाएं हुई हैं। आगजनी से कुल 656 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हुई है। वनाग्नि की घटना में अब तक एक वन कर्मी घायल हुआ है। वनाग्नि की घटनाओं से बचने के लिए क्विक रिलीफ टीम का गठन किया गया है। वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए सेना की मदद ली जा रही है।

प्रदेश में बढ़ रही वनाग्नि की घटनाओं को लेकर वन मंत्री ने शनिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि वनाग्नि की घटनाओं में अब तक 29 नामजद समेत कुल 196 केस दर्ज हैं। इसमें से 23 मामलों का पता चल चुका है, जबकि 173 मामले अज्ञात हैं। आगजनी की सूचना पर घटनास्थल पर डीएफओ को जाने के निर्देश दिए गए हैं। कार्य में लापरवाही बरतने पर तलब किया जाएगा।

वहीं, वन मंत्री ने कहा कि कोई भी आपदा बिना जनसहभागिता के नहीं जीता जा सकता है। उन्होंने बताया कि केंपा के अंतर्गत 10 करोड़ का प्रावधान है। वन पंचायती अधिनियम में बड़े फैसले लिए गए हैं। दो लाख लोगों को ईको टूरिज्म से जोड़ने का कार्य किया गया है। फॉरेस्ट फायर मैनेजमेंट कमेटी में अब ग्राम विकास अधिकारी को भी जोड़ा गया है। अग्नि सुरक्षा में कार्य करने वाली 39 समितियों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

## नियमों को ताक पर रख कर हुई गिरफ्तारी केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल किया है। केजरीवाल की तरफ से कहा गया कि जांच एजेंसी ने शीर्ष कोर्ट की नियमों को ताक पर रख कर गिरफ्तारी हुई है।

जांच एजेंसी के पास ऐसा कोई अधिकार नहीं है कि सिर्फ जांच में सहयोग न करने का हवाला देकर किसी को गिरफ्तार कर ले। केजरीवाल के वकील सिंघवी ने कोर्ट से कहा कि ईडी का एकमात्र मकसद यह था कि केजरीवाल के खिलाफ कुछ बयानों को हासिल किया जाए, जैसे ही बयान मिले उन्हें 21 मार्च गिरफ्तार कर लिया गया। सुप्रीम कोर्ट 29 अप्रैल को केजरीवाल की अर्जी पर सुनवाई करेगा। केजरीवाल की ओर से शीर्ष कोर्ट में कहा गया है कि ईडी की तरफ से भेजे गए हर एक समन, उन्होंने विस्तार से जवाब दिया है। जानबूझ कर चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के बाद गिरफ्तारी की है, इससे उनकी मंशा साफ जाहिर हो रही है।

## देश के चार हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी के बाद हड़कंप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश के चार हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक ई-मेल के जरिए यह दावा किया गया कि कोलकाता हवाई अड्डे सहित देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया।

सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये ईमेल 26 अप्रैल को मिला था, जिसमें दावा किया गया कि देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। जानकारी मिलते ही हवाई अड्डों की गहन जांच की गई और बाद में यह धमकी अफवाह निकली। शुक्रवार को जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिसके बाद हड़कंप मच गया। हवाई अड्डे के अधिकारिक फीडबैक आईडी पर शुक्रवार दोपहर में धमकी का ईमेल आया था। इसके बाद हवाई अड्डे के सुरक्षाकर्मियों और बम निरोधक दस्ते ने सर्च ऑपरेशन चलाया।

साइबर टीम भी मौके पर पहुंची। ईमेल में कहा गया था कि हवाई अड्डे के प्रवेश द्वार पर बम रखा गया है।

## लड़कियों की उम्मीदों का कब्रगाह बना अफगानिस्तान: संयुक्त राष्ट्र

**काबुल।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों की स्थितियों पर चिंता जाहिर करते हुए अमानवीय बताया है। वर्तमान हालात को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र ने अफगानिस्तान को लड़कियों की उम्मीदों के लिए कब्रगाह बताया है। तालिबान ने 15 अगस्त, 2021 को अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद से उसने लड़कियों की छठी कक्षा से आगे की पढ़ाई प्रतिबंधित कर दी और बाद में उनके लिए विश्वविद्यालयों के दरवाजे भी बंद कर दिए। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आलोचनाओं की परवाह नहीं करते हुए तालिबान अपना प्रतिबंध जारी रखे हुए हैं। अढ़ाई वर्ष से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी तालिबान ने लड़कियों के लिए स्कूलों को फिर खोलने के बारे में कोई सार्थक वक्तव्य नहीं दिया है। यही स्थिति जारी रहने पर अफगानिस्तान में मानवीय संकट गहरा जाएगा।

**जानकारी** 4 रविवार और 2 शनिवार के अलावा 8 दिन नहीं होगा कामकाज

## छुट्टियों से होगी शुरुआत, मई महीने में 14 दिन बंद रहेंगे बैंक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मई महीने की शुरुआत छुट्टियों के साथ होगी। इस महीने में बैंकों में 14 दिनों के अवकाश रहने की वजह से कामकाज नहीं होगा। देश में कई वजहों से अलग-अलग जगहों पर कुल 8 दिन बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा मई में 4 रविवार और 2 शनिवार को बैंक बंद रहेंगे। हालांकि, इस दौरान बैंकों की ऑनलाइन और एटीएम सर्विस चालू रहेगी।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से छुट्टियों की जारी कैलेंडर के मुताबिक मई में कुल 14 दिन बैंकों में अवकाश रहने की वजह से कामकाज नहीं होगा। इसमें चार रविवार और 2 दिन शनिवार की साप्ताहिक छुट्टी शामिल है। इसके अलावा अन्य छह दिन क्षेत्रवार उत्सवों, लोकसभा चुनाव और राष्ट्रीय त्योहार के कारण बैंक बंद रहेंगे।




हालांकि, डिजिटल बैंकिंग के दौर में आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे का लेन-देन कर सकते हैं।

### मई में बैंकों की छुट्टियों की लिस्ट

**एक** मई को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर पूरे महाराष्ट्र में बैंकों में छुट्टी रहेगी, 5 मई को रविवार के साप्ताहिक अवकाश के कारण बैंकों में कामकाज नहीं होगा। 7 मई को लोकसभा के तीसरे चरण के मतदान पर अलग-अलग राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। 8 मई को रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर बैंकों में छुट्टी रहेगी। 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर बैंक बंद रहेंगे। 11 मई को शनिवार की छुट्टी की वजह से बैंकों की छुट्टी रहेगी। 12 मई को दूसरे रविवार को साप्ताहिक अवकाश की वजह से बैंक बंद रहेंगे। 13 मई को लोकसभा के चौथे चरण के मतदान के अवसर पर अलग-अलग राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। 16 मई को सिक्किम स्टेट डे के अवसर पर यहां सभी बैंक बंद रहेंगे। 19 मई को तीसरे रविवार को साप्ताहिक अवकाश पर बैंकों में छुट्टी रहेगी। 20 मई को लोकसभा के पांचवें चरण के चुनाव के अवसर पर अलग-अलग राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बैंकों में अवकाश रहेगा। 25 मई को चौथे शनिवार की छुट्टियों की वजह से बैंकों में अवकाश रहेगा। 26 मई को चौथे रविवार को साप्ताहिक अवकाश की वजह से बैंक बंद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि डिजिटल बैंकिंग के दौर में बैंकों में अवकाश के दिन ब्रांच बंद रहने के बावजूद ऑनलाइन सर्विस जारी रहेंगी। इसके अलावा बैंकों के एटीएम की सर्विस यथावत रहेंगी। इन सुविधाओं का लाभ आप छुट्टी के दिन भी उठा सकते हैं।

## 'आप' विधायक अमानतुल्लाह खान को मिली जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने वक्फ बोर्ड की भर्ती से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की ओर से जारी समन को नजरअंदाज करने के मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को जमानत दी है।

एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने अमानतुल्लाह खान को 15 हजार रुपए के मुचलके पर जमानत दी। शनिवार को सुनवाई के दौरान अमानतुल्लाह खान कोर्ट में पेश हुए। ईडी की शिकायत पर कोर्ट ने 9 अप्रैल को अमानतुल्लाह खान को पेश होने के लिए समन जारी किया था। दरअसल, ईडी ने याचिका दायर कर कहा है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड की भर्ती में गड़बड़ियों से जुड़े मनी लांड्रिंग के मामले में पूछताछ के लिए अमानतुल्लाह खान को मनी लांड्रिंग कानून की धारा 50 के तहत समन जारी किया गया था, लेकिन वह पेश नहीं हुए। ईडी ने कहा था कि अमानतुल्लाह खान जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इसके पहले 11 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट ने अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

ईडी के मुताबिक अमानतुल्लाह खान ने आपराधिक गतिविधियों से काफी संपत्ति अर्जित की और अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदी है।